वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 04 नवम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 116, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



नेपाल में दो हेलीकॉप्टर भिड़े, भारतीय की मौत

नेपाल के सोलुखुम्बु में हेलीपैड पर उतरते समय दो हेलीकॉप्टर की टक्कर हो गयी, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। } 12

कांग्रेस ने हमेशा नक्सलवाद का किया समर्थन : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने माओवादियों की असंवैधानिक जनताना सरकार का समर्थन किया। } 12

देश में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास कर रहा है विपक्ष : शिवराज सिंह चौहान

शिवराज सिंह चौहान समेत प्रदेश के शीर्ष पदाधिकारी व एनडीए के घटक दल की उपस्थिति में लोकभवन से परिवर्तन चौक तक निकली पदयात्रा

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को भाजपा द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में भारी जनसमूह उमड़ा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

❍ लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में लोकभवन से परिवर्तन चौक तक विशाल पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में एनडीए के घटक दल, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी





संख्या में आमजन ने सहभागिता कर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और अराजकता के विरुद्ध एकजुटता का संदेश दिया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा देशभर में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान चला रही है। यह केवल राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक तंत्र की रक्षा करने, अराजकता फैलाने वाली ताकतों को बेनकाब करने और राष्ट्रविरोधी षड्यंत्रों के विरुद्ध जनजागरण का महाअभियान है। विपक्षी गठबंधन चुनावों में पराजय के बाद संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर आमजन को गुमराह करने और देश में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास कर रहा है। कभी चुनाव आयोग तो कभी सर्वोच्च न्यायालय पर आरोप लगाये जाते हैं। देश के युवाओं को भी भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने और विरोध करने का अधिकार है लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश के अनेक राज्यों में जनता ने लंबे समय से सत्ता से बाहर रखा है। आज देश के अधिकांश राज्यों में एनडीए की सरकारें हैं। यह जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक ओर विपक्ष अराजकता और भ्रम का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। पिछले 12 वर्षों में भारत की वैश्विक पहचान में अभूतपूर्व बदलाव आया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में व्यापारियों के विरोध और अनुरोध के बावजूद कांग्रेस ...शेष पृष्ठ 11 पर

संक्षेप

आज भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन गोरखपुर दौरे पर

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पार्टी के लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के तहत बुधवार से गोरखपुर की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे और पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक मनीष दीक्षित ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चार और पांच नवंबर को गोरखपुर के दो दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने बताया कि बुधवार को मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली जाएगी।

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के लिए मतदान

वाशिंगटन। अमेरिकी नागरिक मंगलवार को होने वाले मध्यावधि चुनाव के लिए मतदान करेंगे। हाल के समय के सबसे महत्वपूर्ण चुनाव में से एक के लिए होने वाले इस मतदान को व्यापक रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल पर जनमत संग्रह के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि ट्रंप के मौजूदा कार्यकाल के दौरान ईरान के साथ युद्ध, बढ़ती महंगाई, व्यापार युद्ध और समाज में गहरे मतभेद की स्थितियां देखने को मिली हैं। मतदान से यह तय होगा कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी, अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के दोनों सदनों - प्रतिनिधि सभा और ऊपरी सदन सीनेट पर अपना नियंत्रण बनाए रख पाएगी या फिर ओपिनियन पोल (मतदान पूर्व सर्वेक्षण) के अनुमान के मुताबिक डेमोक्रेटिक पार्टी कम से कम प्रतिनिधि सभा पर अपना नियंत्रण हासिल कर लेगी। यह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के अंतिम दो वर्षों के लिए महत्वपूर्ण होगा। इन चुनावों में प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीट और 100 सदस्यीय सीनेट की 37 सीट के लिए मतदान हो रहा है।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से छात्र की मौत

बलिया। गड़वार थानाक्षेत्र के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक द्वारा छत के ऊपर लौकी तोड़ने के लिए भेजे गए छात्र की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत होने के मामले में प्रशासन ने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक और एक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। इस मामले में एक शिक्षा मित्र की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी प्रभारी प्रधानाध्यापक और दो शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि कनैला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्र की मृत्यु होने के मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय शंकर और सहायक अध्यापक अनिल कुमार को शिथिल कार्यशैली, उत्तर दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने व स्वेच्छतापूर्ण आचरण के आरोप में सोमवार देर रात्रि निलम्बित कर दिया गया है।



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ एकेटीयू में शोध में प्रवेश के लिए हुई काउंसलिंग (पृष्ठ-02)
❍ भाजपा हटेगी मुस्करायेगा बनारस : अखिलेश(पृष्ठ-02)
❍ इजरायल को 4 अरब डॉलर की मदद रोकेंगे ट्रंप (पृष्ठ-12)
❍ रुपया 13 पैसे टूटकर 94.71 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-12)
❍ श्रीलंका में वीजा अधिक रहने पर 21 लोग गिरफ्तार (पृष्ठ-12)

उज्ज्वला के 1.89 करोड़ लाभार्थियों को दिवाली का तोहफा

❍ तीन करोड़ किसान परिवारों को होगा फायदा ❍ किसानों व महिलाओं के लिए जल्द आयेगा विशेष पैकेज



आशीष मौर्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राकृतिक कारणों से फसलों में नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए शीघ्र ही बड़ा पैकेज लाने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के तीन करोड़ किसान परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार जल्द ही विशेष पैकेज लेकर आएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों और श्रमिकों को सम्मानजनक एवं सस्ता भोजन उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश की प्रमुख मंडियों और श्रमिक अड्डों पर अन्नपूर्णा भोजनालय शुरू किए जाएंगे। मंडी में अपनी उपज लेकर आने वाले किसान को अब गुड़-पानी के सहारे नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि वह टोकन मनी देकर सम्मान के साथ दो रोटी और भरपेट भोजन कर सकेगा। इसी तरह निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों के लिए बनाए जा रहे श्रमिक अड्डों पर भी अन्नपूर्णा भोजनालय के माध्यम से सस्ते भोजन की व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ जीवन जीने का अवसर मिले। हर नागरिक को यह महसूस होना चाहिए कि वह विकास और खुशहाली की व्यवस्था का हिस्सा है। मुख्यमंत्री मंगलवार को दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल ...शेष पृष्ठ 11 पर

नकारात्मकता से जन्म लेती है अराजकता : सीएम

ब्रज किशोर दीक्षित



लखीमपुर/पीलीभीत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में प्रज्वलित होने वाला एक-एक दीप पूरे उत्तर प्रदेश की समृद्धि और विकास का कारण बनता है। दीपोत्सव में जलने वाले दीप केवल भगवान श्रीराम के आगमन की स्मृति को जीवंत नहीं करते, बल्कि प्रदेश की प्रगति, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतीक हैं। आस्था भारत की सबसे बड़ी ताकत है। इसी आस्था ने विविधताओं से भरे देश को एकता के सूत्र में बांध रखा है। मुख्यमंत्री मंगलवार को जनपद पीलीभीत के निरानपुर गांव में ब्रह्मलीन महंत योगी शांतिनाथ की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव को संबोधित कर ...शेष पृष्ठ 11 पर

एशिया के शीर्ष 100 विवि में भारत के पांच आईआईटी शामिल

नयी दिल्ली। मंगलवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग के अनुसार, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु और पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) एशिया के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में इन सभी की रैंकिंग में कई स्थानों की गिरावट आई है।

भारत एशिया की दूसरी सबसे बड़ी उच्च शिक्षा व्यवस्था बना हुआ है। यहां 325 रैंक वाले विश्वविद्यालय हैं, जिनमें 34 नए शामिल हुए हैं अ इस मामले में भारत केवल चीन से पीछे है। लंदन स्थित क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) के अनुसार, आईआईटी दिल्ली भारत का सर्वोच्च रैंकिंग वाला विश्वविद्यालय बना हुआ है, जो साल-दर-साल गिरावट के बावजूद एशिया में 66वें स्थान पर है, जबकि भारत के सभी छह शीर्ष रैंकिंग वाले संस्थानों की रैंकिंग में गिरावट आई है। आईआईटी दिल्ली पिछले साल 59वें स्थान पर था और फिसलकर 66वें स्थान पर आ गया, इसके बाद आईआईएससी बेंगलुरु है, जो पिछले साल 64वें स्थान पर था और फिसलकर 79वें स्थान पर आ गया। आईआईटी ...शेष पृष्ठ 11 पर

डॉ. सुधर्मा सिंह का असामयिक निधन, विराज सागर दास ने जताया शोक, दी अंतिम विदाई

उनका निधन यूपी बैडमिंटन जगत व बीबीडी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति : विराज सागर दास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव एवं बीबीडी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सुधर्मा सिंह के निधन पर भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. सुधर्मा सिंह का निधन उत्तर प्रदेश के बैडमिंटन जगत और पूरे बीबीडी परिवार के लिए अत्यंत दुखद



एवं अपूरणीय क्षति है। वह केवल एक वरिष्ठ सहयोगी ही नहीं बल्कि बीबीडी परिवार के अभिन्न सदस्य और हमारे परिवार के एक बड़े सदस्य के समान थे। उन्होंने भावुक ...शेष पृष्ठ 11 पर

सुधर्मा सिंह को खेल जगत ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव व उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. सुधर्मा सिंह का आकस्मिक निधन दिल्ली में हो गया। वह पिछले करीब 10-12 दिन से बीमार थे और इलाज के लिए एम्स नई दिल्ली में भर्ती थे। इलाज के दौरान उन्होंने दो नवंबर को रात करीब 11:30 बजे अंतिम सांस ली। 67 वर्षीय डॉ. सुधर्मा सिंह का अंतिम संस्कार मंगलवार को बैकुंठ धाम में किया गया। इस ...शेष पृष्ठ 11 पर

प्रदर्शन स्थल पर हमेशा के लिए नहीं कर सकते कब्जा : शीर्ष न्यायालय

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने त्योहार के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों पर रोक लगाने संबंधी कारोबारी संगठनों की याचिका पर केंद्र व अन्य पक्षों से जवाब मांगते हुए मंगलवार को कहा कि किसी प्रदर्शन स्थल पर हमेशा के लिए कब्जा करके नहीं रखा जा सकता। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ किराना कमेटी दिल्ली की याचिका समेत कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिसमें रामलीला ...शेष पृष्ठ 11 पर

50 करोड़ को अत्यधिक गरीबी से निकाला : मोदी

बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा आर्थिक वृद्धि को करेगा तेज

एजेंसी



पुणे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए, मंगलवार को कहा कि पिछले 10 से 12 वर्षों में भारत में लगभग 50 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले गरीबी के खिलाफ लड़ाई केवल नारों तक ही सीमित थी।

मोदी ने विकास के एजेंडे पर और जोर देते हुए पिछले 12 वर्षों में शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में आए बदलाव को रेखांकित किया और कहा कि गरीबों को सशक्त बनाना तथा सुशासन देना उनकी सरकार की मुख्य पहचान रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था, जबकि अब यह बढ़कर 1,200 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा देश की आर्थिक वृद्धि को तेज करेगा। मोदी ने 23 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन का उद्घाटन किया जिसे 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। यह कॉरिडोर हिंजवाडी आईटी हब को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। इससे हजारों आईटी पेशेवरों को रोजाना आवागमन में सुविधा मिलने, यातायात जाम कम होने और निजी वाहनों पर निर्भरता घटने की उम्मीद है। मोदी ने दूसरे चरण के तहत चार नए मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी, जिसमें कुल लगभग 21,800 करोड़ रुपये का निवेश होगा। मोदी ने पुणे मेट्रो के फेज-2 की भी आधारशिला रखी ...शेष पृष्ठ 11 पर

विशेष ख़बर लखनऊ, गाजियाबाद समेत आठ शहरों में मिलेंगे आवास, राजधानी में 2,203 करोड़ का निवेश, बनेंगी 3,031 इकाइयां

यूपी : रियल एस्टेट में 4,844 करोड़ के निवेश का बनेगा रिकॉर्ड

आशीष मौर्य



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए यूपी रेरा ने आठ जिलों में 17 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में करीब 4,844.43 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इनके माध्यम से प्रदेश में 5,726 आवासीय एवं व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। परियोजनाओं के विकसित होने से आवासीय सुविधाओं के विस्तार के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

यूपी रेरा मुख्यालय में आयोजित प्राधिकरण की 217वीं, 218वीं और 219वीं बैठकों में इन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। बैठकों की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने की। विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण करने के बाद मंजूरी प्रदान की गई। स्वीकृत परियोजनाओं में लखनऊ सबसे आगे है। यहां छह आवासीय, एक मिश्रित उपयोग और दो व्यावसायिक परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इन पर करीब 2,203.27 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इनके माध्यम से 3,031 इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। गाजियाबाद में दो आवासीय परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इनमें 943.28 करोड़ रुपये के निवेश से 1,016 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी।

वहीं, गौतमबुद्ध नगर में 940.43 करोड़ रुपये की मिश्रित उपयोग वाली परियोजना को स्वीकृति मिली है। इसके तहत 456 इकाइयों का निर्माण होगा। कानपुर में 524.66 करोड़ रुपये के निवेश से 597 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। मेरठ में 194.28 करोड़ रुपये की आवासीय परियोजना को मंजूरी मिली है, जिसके तहत 313 इकाइयों का निर्माण होगा। अयोध्या में 26.61 करोड़ रुपये के निवेश से 159 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। फिरोजाबाद में 10.87 करोड़ रुपये की ...शेष पृष्ठ 11 पर

लेआउट प्लान में नागरिक सुविधाओं की अनदेखी पर इला. हाईकोर्ट सख्त

मो0 दानिश सिद्दीकी

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को राज्य सरकार, लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए), उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास बोर्ड, लखनऊ नगर निगम तथा अन्य संबंधित प्राधिकरणों को चार सप्ताह के भीतर हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया, जिनमें शहरों, कस्बों और आवासीय कॉलोनियों के अभिन्यास योजना (लेआउट प्लान) में आवश्यक नागरिक सुविधाओं के प्रावधानों का विवरण हो।

❍ लखनऊ नगर निगम व एलडीए से मांगा हलफनामा

न्यायालय ने आगामी वर्षों में नागरिकों की आवश्यकताओं का अनुमान लगाते हुए भावी नगर नियोजन के लिए एक व्यापक प्रारूप तैयार किये जाने के संबंध में सुझाव भी मांगे हैं। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने लेआउट प्लानानगर नियोजन और आवश्यक सुविधाओं के प्रावधान के मामले में अपनी स्वतः संज्ञान जनहित याचिका (पीआईएल) का दायरा बढ़ाते हुए यह आदेश पारित किया। मामले की अगली सुनवाई सात दिसंबर को सूचीबद्ध की गई है। पीठ ने विशेष रूप से प्राधिकरणों से पूछा है कि क्या लेआउट प्लान में बदलती जरूरतों और पिछले अनुभवों को ध्यान में रखते हुए पुलिस थाने, पुलिस चौकी, पुलिस बूथ, ट्रैफिक बूथ, अग्निशमन केंद्र और अस्पतालों के लिए जगह का प्रावधान है। पीठ ने कहा ...शेष पृष्ठ 11 पर

एक सूत्र में पिरोती है साझी आस्था और संस्कृति

सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण है श्री अयोध्या जी का दीपोत्सव

आशीष मौर्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव के जरिये समाज को प्रेरक संदेश दिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि जाति की जड़ता समाज को बांटती है, जबकि साझी आस्था और संस्कृति उसे एक सूत्र में पिरोती हैं। श्री अयोध्या जी का दीपोत्सव इसी सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले जातीय विभाजन को राजनीति का आधार बनाने वाली सरकारों ने समाज को जोड़ने वाली इस सांस्कृतिक शक्ति की पूर्णतः उपेक्षा की, वहीं डबल इंजन सरकार ने वर्ष 2017 में दीपोत्सव की शुरूआत कर इस सोच को बदला और राम नगरी की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन के उत्सव में बदल दिया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि पूज्य संतगण एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में आज धमार्चार्यगण, विद्यार्थी, स्वच्छताकर्मी, कुम्हार और व्यापारी सभी समान उत्साह एवं श्रद्धा से इस आयोजन में सहभागी होते हैं। यहां पहचान जाति से नहीं, सहभागिता से होती है। दीप अलग-अलग हाथों में जलते हैं, लेकिन उनका प्रकाश पूरे समाज को एक करता है। यही दीपोत्सव का संदेश है। यही समरस समाज की संकल्पना है।

पीलीभीत में 200 एकड़ में बनेगा बायो-फार्मा पार्क

- 951.79 एकड़ में विकसित हो रहा औद्योगिक क्षेत्र
- वैक्सीन, इंसुलिन और जीन थेरेपी के निर्माण को मिलेगा प्रोत्साहन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में योगी सरकार ने पीलीभीत में बड़ा औद्योगिक प्रोजेक्ट तैयार किया है। जिले की अमरिया तहसील के भरा पचपेड़ा में 951.79 एकड़ भूमि पर आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसमें 200 एकड़ भूमि बायो-फार्मा पार्क के लिए चिह्नित की गई है। यहां वैक्सीन, इंसुलिन, जीन थेरेपी और मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज जैसी आधुनिक जैविक औषधियों के निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की ओर से विकसित किए जा रहे इस औद्योगिक क्षेत्र का उद्देश्य फार्मा और बायोटेक्नोलॉजी से जुड़े उद्योगों के लिए नया इकोसिस्टम तैयार करना है। इससे निवेश, अनुसंधान, नवाचार और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश प्रमोट फार्मा काउंसिल के डायरेक्टर एवं विशेष विशेषज्ञ डॉ. जीएन सिंह के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा औद्योगिक विकास को बड़े शहरों तक सीमित रखने के बजाय छोटे शहरों और क्षेत्रीय इलाकों तक पहुंचाने की है। इसी के तहत पीलीभीत में इस परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भरा



पचपेड़ा में कुल 951.79 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहा है। इसमें 575.79 एकड़ औद्योगिक भूखंड, 60.98 एकड़ कॉमन फैसिलिटी, 109.23 एकड़ ग्रीन एरिया और 96.20 एकड़ सड़क नेटवर्क के लिए निर्धारित हैं।

औद्योगिक क्षेत्र में फिलहाल 14 भूखंड आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। बायो-फार्मा पार्क में फार्मा फॉर्मूलेशन और बायोटेक्नोलॉजी आधारित उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। यहां वैक्सीन, इंसुलिन, जीन थेरेपी और मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज के निर्माण से जुड़ी इकाइयों को प्रोत्साहित करने की योजना है। इन उत्पादों का आधुनिक चिकित्सा और गंभीर बीमारियों के उपचार में महत्वपूर्ण योगदान है। इससे प्रदेश में उच्च तकनीक आधारित औषधि निर्माण और अनुसंधान की संभावनाएं बढ़ेंगी। पीलीभीत की भौगोलिक स्थिति भी इस परियोजना के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नेपाल सीमा के नजदीक होने के साथ यहां बेहतर रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध है। भरा पचपेड़ा औद्योगिक क्षेत्र पीलीभीत शहर से लगभग 36 किलोमीटर, बरेली से 100 किलोमीटर तथा लखनऊ और दिल्ली से करीब 300 किलोमीटर दूर है। इससे कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार उत्पादों के परिवहन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। परियोजना के तहत बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन तैयार करने की भी योजना है। इसके लिए बायोटेक्नोलॉजी संस्थान के विकास के साथ स्किल डेवलपमेंट और इंक्यूबेशन विंग स्थापित करने का प्रस्ताव है। इससे युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण देने, नई तकनीकों के विकास और स्टार्टअप गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। इस तरह पीलीभीत को फार्मा और बायोटेक्नोलॉजी उद्योग के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है।

66.12 लाख बिजली बकायेदार चिह्नित

समरेश पति त्रिपाठी

- 13.28 लाख ने जमा किए पुराने बिल
- कंपनियों को मिले 1,009 करोड़ रुपये



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पांचों बिजली वितरण कंपनियों के लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया वसूली अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। प्रदेश में एक अप्रैल 2026 तक 66 लाख 12 हजार 904 लंबे समय से बकायेदार उपभोक्ता चिह्नित किए गए थे। इनमें से 27 अक्टूबर 2026 तक 13 लाख 28 हजार 735 उपभोक्ताओं ने अपने पुराने बिजली बिल जमा कर दिए। इस तरह करीब 20.09 प्रतिशत बकायेदार उपभोक्ता भुगतान की श्रेणी में आ गए। अभियान के तहत बिजली कंपनियों ने कुल 1,009.08 करोड़ रुपये की वसूली की है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इसे राजस्व सुधार की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि अभियान लगातार जारी रहना चाहिए। साथ ही भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के रिकॉर्ड तत्काल अपडेट किए जाएं, ताकि नियमित बिलिंग और राजस्व संग्रह व्यवस्था मजबूत हो सके। डिस्कॉमवार आंकड़ों के अनुसार पश्चिमांचल में 13.67 लाख बकायेदारों में से 4.26 लाख ने भुगतान किया और 395.16 करोड़ रुपये की वसूली हुई। दक्षिणांचल में 11.72 लाख में से 1.89 लाख उपभोक्ताओं ने बकाया जमा किया, जिससे 126.74 करोड़ रुपये मिले। मध्यांचल में 20.58 लाख बकायेदारों में से 3.73 लाख ने भुगतान कर 224.10 करोड़ रुपये जमा कराए। वहीं पूर्वांचल में 19.75 लाख में से 3.26 लाख उपभोक्ताओं ने बकाया चुकाया और 238.64 करोड़ रुपये की वसूली हुई। केस्को में 39,044 बकायेदारों में से 12,961 ने भुगतान किया, जिससे 24.43 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इस अभियान की एक अहम उपलब्धि यह भी रही कि पहले कभी बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं ने भी भुगतान शुरू किया है।

पश्चिमांचल में 10,696, दक्षिणांचल में 12,902, मध्यांचल में 36,013, पूर्वांचल में 36,524 और केस्को में 541 उपभोक्ताओं ने पहली बार भुगतान किया।

भाजपा हटेगी, बनारस मुस्करायेगा : अखिलेश

वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर सपा अध्यक्ष कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सत्ता से हटेगी तो बनारस मुस्कुरायेगा। भाजपा जाएगी तो किसान और युवा मुस्कुरायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान के लिए संकट है। भाजपा वोट चोरी और अराजकता से चुनाव जीतती है। उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को हटाकर इस संकट को दूर करेगी।

वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को कई कार्यक्रमों में शामिल होने के दौरान मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 सालों से वाराणसी की जनता को ठगने का काम किया है। भाजपा ने मां गंगा को धोखा दिया। मां गंगा की सफाई के लिए आया पैसा लूट लिया। गंगा नदी की सफाई नहीं हुई। भाजपा सरकार ने वाराणसी के नाविकों को धोखा दिया। बुनकरों को भी धोखा दिया। बनारस को बाहरी ठेकेदारों के हाथ गिरवी रख दिया। दालमंडी के



व्यापारियों के दुकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बर्बाद कर दिया। मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर उसके पौराणिक और ऐतिहासिक पहचान को ध्वस्त कर दिया। बनारस की जनता इन घटनाओं को कभी भूल नहीं सकती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने बनारस की विरासत शिल्पकला, हस्तकला, को चौपट कर दिया है। सब बर्बाद कर दिया। काशी के साथ भेदभाव किया। काशी की जनता भाजपा से बहुत दुःखी और नाराज है इसीलिए जनता ने विधान परिषद चुनाव में भाजपा को हराकर उसे डबल जीरो दिया है। इस सरकार ने वाराणसी में मेट्रो नहीं बनने दिया। सपा सरकार में वाराणसी में यातायात व्यवस्था ठीक करने के लिए वाराणसी में मेट्रो रेल चलाएंगे। वरुणा नदी को साफ करेंगे।

अखिलेश यादव ने लखनऊ से वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचने पर मीडिया से बात करते हुए विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक चुनाव में समाजवादी पार्टी के दोनों प्रत्याशियों लाल बिहारी यादव और आशुतोष सिन्हा को भारी मतों से जिताने के लिए वाराणसी क्षेत्र के मतदाताओं का धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ जी ने सपा को दोहरा आशीर्वाद दिया। डबल इंजन का दावा करने वालों की वाराणसी में डबल हार हुई है। भाजपा ने एक हार नहीं स्वीकार किया। दुबारा गिनती कराई तो फिर हार गई उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने काशी की विरासत को नष्ट कर दिया है। मणिकर्णिका घाट को तोड़ दिया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्तियों को तोड़ा गया। पाल समाज को लाठियों से पिटवाया। भाजपा सरकार ने काशी की संस्कृति और विरासत को मिटाने का प्रयास किया।

प्रदेश की 09 चीनी मिलों ने शुरू किया गन्ना पेराई कार्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्तमान पेराई सत्र 2026-27 का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। प्रदेश की 33 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के लिए इंडेंट जारी कर दिया है। गन्ना विकास विभाग ने बताया कि प्रदेश की 09 चीनी मिलों में पेराई कार्य प्रारम्भ हो चुका है, इनमें सहकारी क्षेत्र की 01, निजी क्षेत्र की 08 चीनी मिलें शामिल हैं। प्रदेश की संचालित चीनी मिलों में सहारनपुर परिक्षेत्र की 03 चीनी मिलें, मेरठ परिक्षेत्र की 01, मुरादाबाद परिक्षेत्र की 02, लखनऊ परिक्षेत्र की 03 चीनी मिलों ने पेराई कार्य प्रारम्भ कर दिया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश की अन्य चीनी मिलों द्वारा अपना पेराई कार्य शुरू करने की समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर ली गई हैं और 24 चीनी मिलों की ओर से गन्ना खरीद के लिए इण्डेंट जारी कर दिया गया है, जिनका दीपावली से पूर्व शुरू होना प्रस्तावित है। अन्य चीनी मिलें अपना पेराई सत्र दीपावली त्योहार के पश्चात शुरू करेगीं। विभाग ने सभी चीनी मिलों को निर्देशित किया गया है कि तत्काल अपने-अपने आवंटित क्रय केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण कराते हुए समय से संचालन कराएं।

ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए भाजपा निकाल रही पदयात्रा : अभय दुबे

लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं उप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रभारी अभय दुबे ने मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि केंद्र सरकार के मंत्री के नेतृत्व में लखनऊ में निकाली गयी पदयात्रा अपने ही दल के खिलाफ है। वास्तविकता तो यह है कि भाजपा की प्रजातंत्र बचाओ पदयात्रा नहीं, बल्कि यह भाजपा से प्रजातंत्र बचाओ पदयात्रा है। सत्य पर पर्दा डालने के लिए ज्ञानेश कुमार के लोग ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए देश में पदयात्रा निकाल रहे हैं।



अभय दुबे ने कहा कि एसआईआर में गड़बड़ी का सबसे पहले मुद्दा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उठाया। बिहार में जो एसआईआर हुआ उसमें ज्ञानेश कुमार और उनकी टीम ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाकर केवल उसमें दर्ज लोगों को ही नागरिक माना और बाकी लोगों को अपनी नागरिकता सिद्ध करनी पड़ी। वास्तविकता तो यह है कि ज्ञानेश कुमार के समर्थक आज प्रजातंत्र और संविधान के खिलाफ हैं। लखनऊ में शिवराज सिंह चौहान द्वारा यह कहे जाने कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश से 49 प्रतिशत परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर ला दिया है। श्री दुबे ने कहा कि शिवराज सिंह जो यह कह रहे हैं यह वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट है जो प्रधानमंत्री ने भेजी है। शिवराज सिंह चौहान ने पूरी रिपोर्ट नहीं पढ़ी है उसी वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में 57 प्रतिशत भीषण गरीबी की रेखा में जीवन यापन करने की रिपोर्ट दी गयी है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनादेश के बजाय ज्ञानादेश लेना चालू कर दिया है।

नैमिष नगर व वरुण विहार के भूखण्डों की पहली लॉटरी आज से

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की नैमिष नगर एवं वरुण विहार आवासीय योजनाओं के भूखण्डों की पहली लॉटरी बुधवार से आयोजित की जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिये हैं। लॉटरी का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा। जहां पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवेदकों की उपस्थिति में लॉटरी ड्रॉ की पर्चियां निकाली जाएंगी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सीतापुर रोड पर 4,100 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रही नैमिष नगर योजना के प्रथम चरण में ब्रह्म खण्ड, भूमि खण्ड फेज-1 एवं भूमि खण्ड फेज- 2 में 72 से लेकर 450 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड हैं। चार नवंबर को 72 एवं 112.5 वर्ग मीटर, 05 नवंबर को 162 एवं 200 वर्ग मीटर एवं 06 नवंबर को 288 एवं 450 वर्ग मीटर भूखण्ड के समस्त श्रेणी के आवेदकों के मध्य लकी ड्रॉ निकाला जाएगा। लॉटरी का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हॉल में प्रातः 10 बजे किया जाएगा। इसी तरह आगरा एक्सप्रेस-वे के निकट 6,580 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रही वरुण विहार योजना के प्रथम चरण काशी खण्ड, कैलाश खण्ड फेज-1 एवं कैलाश खण्ड फेज-2 में 112.5 से 450 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड हैं। 04 नवंबर को 112.5 वर्ग मीटर, 05 नवंबर को 200 वर्ग मीटर एवं 06 नवंबर को 162, 288, 300 एवं 450 वर्ग मीटर भूखण्ड के समस्त श्रेणी के आवेदकों के मध्य लकी ड्रॉ निकाला जाएगा।

तिहरा हत्याकांड : आरोपी के मकान की सैटेलाइट से होगी जांच

नजूल की जमीन पर कब्जे की अवधि भी पता लगायेगा रिमोट सेंसिंग सेंटर

लखनऊ। सआदतगंज तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपित श्रषभ शुक्ला के मकान को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अब मकान के स्वीकृत नक्शे और मौके पर हुए निर्माण की वास्तविक स्थिति का पता अत्याधुनिक सैटेलाइट तकनीक से लगाया जाएगा। इसके लिए एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने रिमोट सेंसिंग एंड एप्लीकेशन सेंटर के निदेशक को विस्तृत तकनीकी जांच कराने को लेकर पत्र लिखा है।

इससे पहले एलडीए की टीम ने इलेक्ट्रॉनिक टोटल स्टेशन (ईटीएस) तकनीक से मकान की पैमाइश कराई गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि मुख्य भवन का निर्माण भवन स्वामी की निजी जमीन पर है, जबकि मकान की बाहरी बाउंड्रीवॉल नजूल की सरकारी जमीन पर बनाई गई थी। इसी अतिक्रमण वाले हिस्से को एलडीए की कार्रवाई के दौरान ध्वस्त किया गया था। प्रारंभिक पैमाइश में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आने के बाद अब प्राधिकरण मुख्य



भवन के निर्माण की भी जांच कराना चाहता है।

सैटेलाइट इमेजरी के जरिए यह पता लगाया जाएगा कि मकान का निर्माण स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप हुआ है या उसमें निर्धारित मानकों से हटकर अतिरिक्त निर्माण कराया गया है। जांच में पुराने सैटेलाइट चित्रों का भी सहारा लिया जाएगा। इनके माध्यम से भवन के निर्माण की अलग-अलग अवधियों और उसके विस्तार की स्थिति का आकलन किया जाएगा।

साथ ही सरकारी और निजी जमीन की सीमाओं का डिजिटल मिलान कर यह पता लगाने का प्रयास होगा कि नजूल भूमि पर अतिक्रमण कब और किस स्तर पर किया गया। एलडीए की इस पहल से मकान के निर्माण, स्वीकृत नक्शे और जमीन की वास्तविक स्थिति को लेकर तकनीकी तथ्यों के आधार पर तस्वीर साफ होने की उम्मीद है। रिमोट सेंसिंग सेंटर की रिपोर्ट मिलने के बाद प्राधिकरण आगे की कार्रवाई पर निर्णय लेगा।

सरकारी सुविधाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे : धामी

मुख्यमंत्री ने 14.97 करोड़ की सड़क परियोजना में किया भूमिपूजन

प्रमुख संवाददाता

ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकास का वास्तविक उद्देश्य आम नागरिक के जीवन को सुगम बनाना और सरकारी सुविधाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। राज्य सरकार जनहित को केंद्र में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री ने ऊधम सिंह नगर के खटीमा स्थित अपने कैंप कार्यालय में क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निर्धारित समयसीमा में समाधान किया जाए। किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ें, ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। सरकार सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि की भावना के अनुरूप प्रशासनिक कार्यप्रणाली को मजबूत कर रही है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने खटीमा के आधारभूत ढांचे को विस्तार देने वाली 14.97 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण सड़क परियोजना का भी भूमि पूजन किया। खटीमा चौक से थारू विकास भवन तक प्रस्तावित मोटर मार्ग के चौड़ीकरण से क्षेत्र में यातायात का संचालन अधिक सुगम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मार्ग पर आवागमन करने वाले स्थानीय लोगों, व्यापारियों और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों को परियोजना पूरी होने के बाद बड़ी राहत मिलेगी। सड़क की क्षमता बढ़ने से जाम की स्थिति में कमी आएगी और क्षेत्रीय आवागमन को नई सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने खटीमा के प्रति अपने विशेष लगाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की जनता के साथ उनका संबंध आत्मीयता और विश्वास पर आधारित है। क्षेत्रवासियों से मिलने वाला सहयोग और आशीर्वाद उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि खटीमा की जरूरतों के अनुरूप विकास योजनाओं को आगे बढ़ाना और नागरिक सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की प्रतिबद्धता है। विकास कार्यों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राजकीय महाविद्यालय में भवन निर्माण, आईटीआई के उन्नयन और बालिका विद्यालयों के आधुनिकीकरण जैसे कार्य किए गए हैं। इसके साथ ही सड़क नेटवर्क को मजबूत करने, पुलों के निर्माण और बस अड्डे जैसी परिवहन सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए चीनी मिल का सुचारु संचालन, गन्ने की समय पर पेराई और भुगतान की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। सरकार इन विषयों को प्राथमिकता के आधार पर देख रही है। खटीमा नगर की जल निकासी व्यवस्था में सुधार के लिए भी विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, जिससे जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में विकसित की जा रही नई सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑक्सीजन पार्क, क्रोकोडाइल पार्क और धार्मिक स्थलों के विकास से खटीमा को पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। सरकार का प्रयास है कि नगर का सुनियोजित विकास करते हुए इसे स्वच्छता, बेहतर नागरिक सुविधाओं और आधुनिक आधारभूत संरचना का उदाहरण बनाया जाए।

एकेटीयू में शोध में प्रवेश के लिए हुई काउंसलिंग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के शोध में प्रवेश के लिए मंगलवार को दूसरे दिन 126 अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग करायी। पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026-27 के फेज वन में उत्तीर्ण छात्रों के लिए विश्वविद्यालय में दो एवं तीन नवंबर को काउंसलिंग करायी गयी। जिसके तहत फॉर्मेसी, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग सहित अन्य पाठ्यक्रमों के शोध में पात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। पहले दिन 56 अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग कराई।

इस बार पूर्व के वर्षों से अधिक कुल 182 अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग में प्रतिभाग किया है काउंसिलंग डीन पीजी प्रो. सीतालक्ष्मी के निर्देशन में किया गयी। जबकि समन्वय एसो. डीन पीजी डॉ. सचिन सिंह ने किया।

छात्रों ने मंगल ग्रह पर काम करने वाले एआई रोवर किया डिजाइन : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज में



रोवर लैब हैकाथॉन का आयोजन किया गया। हैकाथॉन में छात्रों को मंगल ग्रह पर रोवर मिशन की समस्या दी गई, जिसमें उन्हें मंगल की कठिन परिस्थितियों के लिए रोवर की बॉडी, पहिए, ऊर्जा प्रणाली, सेंसर, रेडियो तथा उसका निर्णय लेने वाला मस्तिष्क स्वयं डिजाइन करना था। 30 छात्रों ने रोवर तैयार कर प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों ने वीकेडी इंडस्ट्रीज द्वारा विकसित एआई शिक्षण प्लेटफॉर्म विद्या के एआई टूल्स की सहायता से अपने डिजाइन तैयार किए, जहाँ बीकन नामक एआई सहायक ने सीधे उत्तर देने के बजाय उन्हें सोचने में मदद की।

इस दौरान कुलपति प्रो जे.पी. पाण्डेय ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रथम स्थान पर आदर्श यादव ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मयंक और देवांश सिंह रहे।

क्रिकेट में एफओएपी 11 ने एफओपी 11 को हराया

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में चल रहे इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 2026 में मंगलवार को एफओएपी 11 और एफओपी 11 के बीच क्रिकेट मैच हुआ। मुकाबले में एफओएपी 11 ने निर्धारित 10 ओवरों में 125 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। जबकि एफओपी 11 की टीम 84 रन ही बना सकी। इस दौरान दोनों टीमों के कप्तान डॉ. आकाश वेद एवं डॉ. ताबिश अहमद अब्दुल्लाह रहे। इस मौके पर खेल समन्वयक प्रो. ओपी सिंह के निर्देशन में डॉ. अनुज कुमार शर्मा सहा. कुलसचिव रंजीत सिंह ने समन्वयक किया। इसी तरह टेबल टेनिस सहित अन्य खेलों के मैच हुए।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा लखनऊ महानगर की 54 सदस्यीय कार्यसमिति घोषित

लखनऊ। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा लखनऊ महानगर की 54 सदस्यीय कार्यसमिति घोषित कर दी गई है। प्रदेश एवं क्षेत्रीय नेतृत्व तथा भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की सहमति के बाद पिछड़ा वर्ग मोर्चा महानगर अध्यक्ष किशन कुमार ने कार्यसमिति की सूची जारी की है। घोषित कार्यसमिति में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि घोषित सूची के अनुसार सुदर्शन कटियार, दिनेश कुमार, डीसी गुप्ता, सत्य प्रकाश राजपूत, उदयचंद चौरसिया, मनोज पाल, शिवपाल सांवरिया एवं दीपक साहू को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, महेंद्र राजपूत, राजू कश्यप एवं संत सरन वर्मा को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

जिला मंत्री के रूप में रमेश यादव, दिलीप कुमार वर्मा, मयंक शर्मा, रामजी चौरसिया, ऋषभ गुप्ता, हरेराम शर्मा, सुमित कुमार गुप्ता एवं धर्मेश सिंह चौहान को शामिल किया गया है। कन्हैया लाल वर्मा को जिला कोषाध्यक्ष तथा गीता गुप्ता एवं विजय जायसवाल को जिला सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। महेश चंद्र राठौर को जिला मीडिया संयोजक, रूपेश प्रजापति एवं अवधेश यादव को सह मीडिया संयोजक, मृदुल यादव को जिला कार्यालय मंत्री तथा रामू कश्यप एवं संतोष कुमार जायसवाल को सह कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इसी क्रम में आलोक शर्मा को जिला सोशल मीडिया संयोजक, राज किशोर साहू एवं पुष्पेंद्र यादव को सह संयोजक, राहुल कुशवाहा को जिला आईटी संयोजक तथा तरुण कश्यप एवं विपिन शर्मा को आईटी सह संयोजक बनाया गया है।

अनुज पाल को जिला शोध प्रमुख तथा अशोक कुमार वर्मा एवं पुष्पेंद्र राजपूत को सह शोध प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त विकास साहू, प्रमोद राजपूत, शंकर राजभर, बीना सोनी देवी, माधुरी सिंह, आभा पोद्दार, शालिनी जायसवाल, मिंटू मौर्य, अनिल यादव, अरुण गुप्ता, पवन कुमार मौर्य एवं राजकुमार वर्मा को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं करेगी जनता : डॉ. राजेश्वर सिंह

लखनऊ। भाजपा द्वारा आयोजित विधानसभा से परिवर्तन चौक तक निकली लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह दल–बल के साथ शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर बयान जारी करते हुए कहा है कि कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा देश की जनता अच्छी तरह पहचान चुकी है। कांग्रेस की राजनीति और उसके तौर-तरीकों के खिलाफ जनता में आक्रोश है। लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने और जनता के बीच भ्रम पैदा करने की कोशिशों को देश स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और दुष्प्रचार की सच्चाई जनता तक पहुंचाना आज बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य से भाजपा यह पदयात्रा निकाल रही है।

डा. राजेश्वर सिंह ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो राजनीतिक दल चुनाव में जनता का विश्वास जीतने और लोकतांत्रिक तरीके से मुकाबला करने में असफल हो रहे हैं वह अब अराजकता और विरोध-प्रदर्शन का सहारा ले रहे हैं।



विपक्ष की ऐसी राजनीति का उद्देश्य लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को उसके दायित्वों का निर्वहन करने से रोकना है।

डा. राजेश्वर सिंह ने कांग्रेस, सपा और अन्य विपक्षी दलों पर अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 100 से अधिक बार संविधान के अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल कर सरकारें बर्खास्त की गईं। उन्होंने 1984 के सिख-विरोधी नरसंहार, कश्मीर से हिंदुओं के पलायन सपा द्वारा कारसेवकों पर गोली चलाना और देश में हुए दंगों का उल्लेख करते हुए विपक्ष के राजनीतिक इतिहास पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में हार के बाद विपक्षी दल विभिन्न अराजक शक्तियों को एकजुट कर मोर्चा बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा है तो उसे लोकतांत्रिक तरीके से उठाना चाहिए लोकतांत्रिक तरीके से उठाना चाहिए जनता के बीच जाना चाहिए उसका विश्वास जीतना चाहिए और चुनाव के माध्यम से जनसमर्थन हासिल करना चाहिए। बिना ठोस मुद्दों के धरना-प्रदर्शन और अव्यवस्था पैदा करना लोकतांत्रिक राजनीति का विकल्प नहीं हो सकता। पीडीए के नारे पर निशाना साधते हुए डॉ. सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्ष की राजनीति समाज को बांटने और देश को विभाजित करने की दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने अंग्रेजों की बांटो और राज करो की नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर ही अंग्रेजों ने लंबे समय तक शासन किया था। उन्होंने कहा कि देश को फिर से विभाजनकारी राजनीति की ओर ले जाने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

लखनऊ को मिलेंगी विकास की बड़ी सौगातें

आईटी सिटी, सौमित्र विहार योजनाओं को राजनाथ सिंह करेंगे 23 नवंबर को लांच

- प्रबंध नगर का नाम होगा एआई सिटी, चंद्रिका देवी पर भी विचार

आशीष मौर्य (vol)



लखनऊ। राजधानी के शहरी विकास को नई गति देने के लिए 23 नवंबर को कई बड़ी योजनाओं को आगे बढ़ाने की तैयारी है। प्रस्तावित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में एलडीए की आईटी सिटी, वेलनेस सिटी, वरुण विहार और नैमिष नगर योजनाओं को औपचारिक रूप से लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। इसके साथ ही प्रबंध नगर योजना में देश का सबसे बड़ा एम्यूजमेंट पार्क विकसित करने की तैयारी है। इसके साथ ही फैजुल्लागंज में बंधा निर्माण व ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे हिस्से का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम होंगे।

प्रबंध नगर योजना की करीब 795 एकड़ ग्रीन बेल्ट की जमीन पर एम्यूजमेंट पार्क बनाने का प्रस्ताव है। इसका विकास पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर कोच्चि के वंडरला पार्क की तर्ज पर किया जाएगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के अनुसार, प्रबंध नगर में करीब 800 एकड़ ग्रीन बेल्ट की जमीन खाली है। सामान्य निर्माण की अनुमति नहीं होने के कारण इसे मनोरंजन पार्क के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। वहीं प्रबंध नगर योजना को नया नाम देने की तैयारी है।

वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि इसका नाम बदला जाएगा। नए नाम के तौर पर एआई सिटी व मां चंद्रिका देवी मंदिर के नाम पर चंद्रिका नगर भी रखने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड बैठक में योजना के तहत किसानों को जमीन के बदले करीब 1.11 करोड़ रुपये प्रति बीघा मुआवजा दिए जाने को हरी झंडी मिल गई है। वीसी ने बताया इसके लिए किसानों से समझौता पत्र भरवाया जाएगा। इसके अलावा बातचीत और कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने की तैयारी चल रही है।

सौमित्र विहार में खुलेंगे पंजीकरण

इसी बीच मोहनलालगंज क्षेत्र में न्यू जेल रोड पर विकसित हो रही आवास एवं विकास परिषद की सौमित्र विहार आवासीय योजना को रेरा की मंजूरी मिल गई है। योजना को इस अवसर पर लॉन्च करने की तैयारी है। इसमें 2,200 से अधिक आवासीय और व्यावसायिक भूखंड प्रस्तावित हैं। करीब 40 से 300 वर्ग मीटर तक के प्लॉट उपलब्ध कराने की योजना है।

आईटी सिटी होगी लांच, मिलेंगे भूखंड

एलडीए की आईटी सिटी योजना सुलतानपुर रोड और किसान पथ के पास विकसित की जा रही है। इसमें आईटी और आईटीईएस कंपनियों के लिए 350 से 400 एकड़ का विशेष हब प्रस्तावित है। इसके अलावा करीब 10 हजार आवासीय प्लॉट, ग्रीन बेल्ट, गोल्फ सिटी और व्यावसायिक क्षेत्र विकसित करने की योजना है। जमीन जुटाने के लिए एलडीए किसानों से लैंडपूलिंग और अधिग्रहण के विकल्पों पर काम कर रहा है। भूमि अधिग्रहण नीति के तहत किसानों को सर्किल रेट का चार गुना तक मुआवजा देने का प्रावधान बताया गया है।

छठ घाट पर खर्च होंगे 4 करोड़ रुपये

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने 1.92 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इस राशि से गोमती नदी के किनारे लक्ष्मण मेला मैदान स्थित मुख्य छठ घाट सहित अन्य संबंधित विकास कार्य कराए जाएंगे। घाट की सीढ़ियों की मरम्मत, रंगाई-पुताई और नदी तट तक पहुंचने वाले रास्तों को दुरुस्त किया जाएगा।

अर्घ्य के दौरान पर्याप्त रोशनी के लिए हाईमास्ट और अस्थायी लाइटें लगाई जाएंगी। सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था होगी। इसके अलावा व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम, मोबाइल टॉयलेट और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। घाट परिसर की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एलडीए और नगर निगम की टीमें तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। इसके अलावा नगर निगम भी करीब दो करोड़ रुपये खर्च करेगी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विजेताओं को किया पुरस्कृत



लखनऊ। जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय (केकेसी), लखनऊ में आयोजित 24वीं वार्षिक अंतर महाविद्यालयी युवा सांस्कृतिक प्रतियोगिता 'दिव्यांकुर-2026' का समापन मंगलवार को हुआ। चार दिवसीय इस सांस्कृतिक महाकुंभ के समापन समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर विभिन्न स्पर्धाओं के विजयी छात्र-छात्राओं को पदक, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष गोपाल नारायण मिश्र ने की तथा सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि संस्कार और कौशल से समृद्ध युवा शक्ति ही एक प्रबुद्ध, समर्थ और आदर्श समाज का निर्माण करती है, जो राष्ट्रहित में अपना सर्वोत्तम योगदान देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में ऐसे अनेक व्यावहारिक व नवाचारी प्रावधान समाहित किए गए हैं, जो राष्ट्र और समाज के दीर्घकालिक विकास, सांस्कृतिक संरक्षण तथा युवाओं के सर्वांगीण उन्नयन को पोषित करते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वयं को किसी न किसी कला विधा से मानवता की ओर ले जाकर एक सभ्य एवं संवेदनशील समाज की रचना में सहायता करती है।

उन्होंने कहा कि संस्कारविहीन युवा दिशाहीन हो जाते हैं, जबकि सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शुरू में प्राचार्य प्रो. केके शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रो. वंदना सिंह ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय राज श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर लुआक्टा अध्यक्ष प्रो. मनोज पांडेय सहित महाविद्यालय के शिक्षक, सांस्कृतिक समिति के सदस्य एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एलपीएस में मना खुशियों का पर्व दीपावली

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउंडेशन), साउथ सिटी शाखा में दो दीपावली पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का पहला दिन अभिभावकों की सहभागिता को समर्पित रहा, जबकि दूसरे दिन बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम में कुल 337 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा में गीतों की प्रस्तुतियां के साथ दीपावली मनाने के विषय पर अपने विचार साझा किए। आयोजन में कविता पाठ भी विशेष आकर्षण रहा, जिसमें विद्यार्थियों व अभिभावकों ने गीतों की प्रस्तुतियों सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के दूसरे दिन सामाजिक सहभागिता की पहल के अंतर्गत दृष्टि संस्थान के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ दीपावली का उत्सव मनाया गया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को समानता, सहयोग, सम्मान और समावेशिता जैसे मूल्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का समापन लखनऊ पब्लिक स्कूल की निदेशक डॉ. रश्मि पाठक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं के कर्मचारी सम्मानित



लखनऊ। प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाली 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं के समर्पित कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के वार्षिक समारोह के दौरान इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन, एंबुलेंस पायलट, एचबीई और इमरजेंसी रिस्पांस अधिकारियों को उनकी उल्लेखनीय भूमिका के वास्ते स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और चेक देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह में संस्था के प्रेसिडेंट टीवीएसके रेड्डी ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा संस्था का मूल सिद्धांत है।

रोजगारपरक सिंधी भाषा व सिविल सेवा अध्ययन पर हुई कार्यशाला



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप्र सिंधी अकादमी द्वारा एनईपी -2020 के आलोक में भारतीय भाषा (सिंधी), रोजगारपरक सिंधी एवं सिविल सेवा अध्ययन में बीए (ऑनर्स) पाठ्यक्रम पर विशिष्ट कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली के निदेशक एचके मिश्र, पूर्व निदेशक डॉ. रवि प्रकाश टेकचन्दानी, पूर्व कुलपति प्रो. सर्वनारायण झा, आईएएस संदीप भाग्या एवं आईपीएस अमित तोलानी, लोहित मतानी, डॉ. कमला गोकलानी, सुंदरदास गोहरानी, डॉ. शीलवन्त सिंह, राजाराम, कपिल हालानी व अन्य गणमान्य सिंधी विद्वानों ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला का उद्देश्य भाषा को केवल संवाद तक सीमित न रहकर बल्कि भाषा से रोजगार तक ले जाना था। इसके लिए सिंधी विषय के साथ सिविल सेवा में बीए पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिंधी को सिविल सेवा अध्ययन, करियर-उन्मुख विषय के साथ जोड़ना इसका मुख्य उद्देश्य है। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी ने पाठ्यक्रम को जुलाई, 2027 से शुरू करने का प्रस्ताव किया गया। इसमें सभी प्रतिभागियों ने बीए से सिंधी विषय से सिविल सेवा में पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार किये जाने हेतु अपने-अपने विचार रखें। अकादमी निदेशक अभिषेक कुमार ने आये हुए सभी आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया।

लोहिया संस्थान में 680 रोबोटिक सर्जरी सफल, दो किडनी ट्रांसप्लांट भी शामिल

लखनऊ। चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। संस्थान में पिछले 19 महीनों के भीतर कुल 680 सफल रोबोटिक सर्जरी की जा चुकी हैं। इस आधुनिक तकनीकी सफलता में सबसे बड़ा योगदान यूरोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांट विभाग का रहा है, जिसने अकेले 75 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की है।

संस्थान की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 19 महीनों में यूरोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांट विभाग ने सबसे अधिक 511 रोबोटिक ऑपरेशन किए। इसके अलावा गैस्ट्रो सर्जरी विभाग में 110 और सर्जिकल आन्कोलॉजी विभाग में 59 सफल सर्जरी को अंजाम दिया गया। खास बात यह है कि इसमें पिछले महीने किए गए दो रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट भी शामिल हैं, जिससे संस्थान के प्रत्यारोपण कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई मिली है। यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ईश्वर राम घायल ने बताया कि विभाग में की गई अधिकांश रोबोटिक सर्जरी कैंसर के मरीजों की थीं।

लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि संस्थान सिर्फ मरीजों के इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां रोबोटिक कंसोल के जरिए पीजी और सुपर स्पेशियलिटी के रेजिडेंट डॉक्टरों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वरिष्ठ विशेषज्ञों की सीधी निगरानी में युवाओं को कंसोल पर काम करने का मौका मिल रहा है, जिससे आने वाले समय में देश को और अधिक कुशल रोबोटिक सर्जन मिल सकें। 19 महीनों में 680 सर्जरी का यह आंकड़ा इस बात की गवाही देता है कि सरकारी चिकित्सा संस्थानों में भी अब अत्याधुनिक तकनीक आम मरीजों के लिए सुलभ होती जा रही है और इसका सीधा लाभ इलाज कराने आने वाले लोगों को मिल रहा है।

केजीएमयू में मासूम की मौत पर हंगामा

- केजीएमयू प्रशासन ने दिये जांच के निर्देश

विजय कांत मिश्र (vol)

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के बाल रोग विभाग में इलाज के दौरान छह वर्षीय मासूम आरोही साहू की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बच्ची की हालत गंभीर होने के बावजूद उसे आईसीयू वेंटिलेटर से हटाकर जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया, जहाँ ऑक्सीजन तक की व्यवस्था नहीं थी। डॉक्टरों की अनदेखी और समुचित इलाज न मिलने से बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना से नाराज परिजनों ने वार्ड में जमकर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला।

दुर्लभ बीमारी जीबीएस से पीड़ित थी मासूम : गोमतीनगर के विकल्प खंड निवासी बैजनाथ साहू के अनुसार, उनकी 6 वर्षीय बेटी आरोही साहू 'गिलियन-बैरे सिंड्रोम' नाम की एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी से जूझ रही थी। 27 सितंबर को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के चौथे तल पर भर्ती कराया गया था। करीब एक महीने छह दिन तक बच्ची का ट्रॉमा सेंटर में वेंटिलेटर सपोर्ट पर इलाज चला, जिससे उसकी सेहत में कुछ सुधार भी आ रहा था।

परिजनों का आरोप है कि 1 नवंबर को अचानक ट्रॉमा सेंटर से वेंटिलेटर हटाकर आरोही को बाल रोग विभाग के जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। वहाँ न तो वेंटिलेटर सपोर्ट था और न ही वार्ड में ऑक्सीजन का कोई बंदोबस्त। ऑक्सीजन की कमी के कारण बच्ची की सांसें उखड़ने लगीं और उसे सांस लेने में भारी तकलीफ होने लगी। बच्ची की बिगड़ती हालत देख परिजनों ने तुरंत ऑन-ड्यूटी डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ को सूचना दी। परिजनों का कहना है कि गुहार लगाने और हाथ जोड़ने के बाद भी किसी डॉक्टर या कर्मचारी ने मासूम को देखने तक की जहमत नहीं उठाई। तड़प-तड़पकर आखिरकार बच्ची की सांसें थम गईं।

लापरवाही से हुई मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। कोई सुनवाई न होने पर परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार मामले को गंभीरता से लिया गया है। पूरे घटनाक्रम की जाँच कराई जाएगी और जाँच रिपोर्ट के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डेंगू के 25 नये मरीजों में पुष्टि, 2285 घरों का सर्वे

लखनऊ। राजधानी में डेंगू मरीजों के संख्या में उतार–चढ़ाव जारी है। मंगलवार को डेंगू के 25 नये रोगी पाये, जिसमें अलीगंज-5, चन्दरनगर-7, इन्दिरानगर-4, सिल्वर जुबली-3, सरोजनीनगर-4, रेडक्रास-1 और एनके रोड निवासी एक मरीज शामिल हैं। ज्यादातर मरीजों को घर पर दवा खाकर आराम करने की सलाह दी गयी है। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर एनबी सिंह के निर्देश पर फैजुल्लागंज, के निर्देशन में गठित 27 टीमों के द्वारा श्याम विहार, गाजीपुर, गौरभीट, भगवन्तपुरम, हनुमन्तपुरम, नया दाऊदनगर, पुराना दाऊदनगर, मामा कालोनी, संतकबीरनगर, मिल्लतनगर, कृष्णलोक नगर, नई बस्ती, लक्ष्मीनगर, आदि क्षेत्रों में 2285 घरों में स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया गया। क्षेत्र में 108 रोगी वाहन की 24 घंटे तैनाती की गई है। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा पवन विहार कालोनी मे 26 जनसामान्य को चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।

चंडीगढ़-पटना और भोपाल-गोरखपुर रूट पर चलेंगी त्योहार स्पेशल ट्रेनें

लखनऊ। त्योहारों पर घर जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने बड़ी राहत दी है। मंडल ने दो जोड़ी विशेष एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन का फैसला किया है, जो लखनऊ मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर रुकेंगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता ने बताया कि ये विशेष ट्रेनें चंडीगढ़-पटना और रानी कमलापति (भोपाल)-गोरखपुर के बीच चलाई जा रही हैं। गाड़ी संख्या 04510 चंडीगढ़-पटना आरक्षित विशेष एक्सप्रेस 06 नवंबर को रात 10 बजे चंडीगढ़ से चलेगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह लखनऊ मंडल में प्रवेश करेगी। इसका आलमनगर में सुबह 10:40, उतरठिया में 11:10, सुल्तानपुर में दोपहर 1:25 और वाराणसी में शाम 4:35 बजे ठहराव होगा। रात 9:15 बजे यह पटना पहुँचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04509 पटना से 07 नवंबर को रात 11:15 बजे चलेगी और वाराणसी, सुल्तानपुर, उतरठिया और आलमनगर होते हुए चंडीगढ़ जाएगी। इस ट्रेन में 17 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति-गोरखपुर 07 नवंबर (शनिवार) को शाम 6:45 बजे भोपाल से रवाना होगी। यह ट्रेन लखनऊ स्टेशन पर अगले दिन सुबह 6:20 बजे और बाराबंकी में 8:04 बजे रुकेगी और दोपहर 12:30 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। वापसी में 01664 गोरखपुर से 09 नवंबर को सुबह 7:50 बजे चलेगी, जो बाराबंकी में दोपहर 12:05 और लखनऊ में दोपहर 1:05 बजे रुकेगी। इसमें 18 कोच लगाए गए हैं।

कुंवर अजय सिंह जदयू से निष्कासित

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने मंगलवार को प्रदेश प्रवक्ता कुंवर अजय सिंह को शीर्ष नेतृत्व एवं संगठन के लिए अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने के कारण उनकी प्राथमिक सदस्यता को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए उन्हें अगले छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

फेस्टिव कलेक्शन रागा अनलॉक्ड लॉच

लखनऊ। टाइटन रागा ने त्योहारी सीजन के लिए महिलाओं को समर्पित नया वॉच कलेक्शन रागा अनलॉक्ड लॉन्च किया है। इसमें 14 आकर्षक डिजाइन की घड़ियां शामिल हैं, जिनकी कीमत 12 हजार से 25 हजार रुपये तक है। इसकी डिजाइन ताले और चाबी की अवधारणा से प्रेरित है। घड़ियों में मदर ऑफ पर्ल डायल, स्टोन-स्टडेड ब्रेसलेट और सिरेमिक लिंक जैसी खूबियां हैं।

बाल खिलाड़ियों में कांटे का मुकाबला



लखनऊ। सीएमएस के स्टेशन रोड कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेंट कॉनकार्ड-2026 के अन्तर्गत फुटबाल मैचों का विधिवत शुभारम्भ मंगलवार को चौक स्टेडियम एवं सीएमएस कानपुर रोड स्थित जय जगत स्टेडियम में हुआ। कॉनकार्ड-2026 के अन्तर्गत बालक वर्ग के 8 मैच एवं बालिका वर्ग के 3 खेले गये। बालक वर्ग के मैच चौक स्टेडियम के दो मैदानों पर जबकि बालिका वर्ग के मैच जय जगत स्टेडियम में सम्पन्न हुए।

यूपी की 374 ग्रामीण सड़कों लिए 544 करोड़ मंजूर

- मिट्टी की जांच के बाद ही करें उर्वरकों का इस्तेमाल: शिवराज सिंह चौहान

लखनऊ। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में खेत बचाओ अभियान के तहत आयोजित किसान चौपाल में किसानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड के जरिए मिट्टी की जांच कराएं और जरूरत के अनुसार ही उर्वरकों का इस्तेमाल करें। रासायनिक खाद और कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग मिट्टी की उर्वरता को नुकसान पहुंचाता है।



केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत उत्तर प्रदेश की 374 ग्रामीण सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 544.62 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। केंद्र ने प्रदेश में तिल और मूंगफली की खरीद को भी मंजूरी दी है।

चौहान ने दावा किया कि चावल उत्पादन में भारत चीन को पीछे छोड़कर दुनिया में पहले स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि देश खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर है, लेकिन अब उत्पादन के साथ मिट्टी की सेहत बचाना भी जरूरी है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि पांच बीघा जमीन वाले किसान कम से कम एक बीघे में प्राकृतिक खेती का प्रयोग करें। साथ ही फसल विविधीकरण, फल-सब्जियों की खेती और एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत पौधरोपण से हुई। इसमें संस्थान के वैज्ञानिक, अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

टीईटी में पकड़ा गया एक फर्जी अभ्यर्थी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (स्पेशल टीईटी-2026) मंगलवार को प्रदेश के छह मंडल मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 87.92 प्रतिशत ने प्रतिभाग किया। परीक्षा की निगरानी के लिए पहली बार अत्याधुनिक एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी केंद्रों पर लगे कैमरों के माध्यम से सघन मॉनिटरिंग की गई। इसी व्यवस्था के तहत लखनऊ के एक केंद्र पर दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहा फर्जी परीक्षार्थी भी पकड़ा गया।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ एवं आगरा के निर्धारित केंद्रों पर दो पालियों में कराई गई। कक्षा 1 से 5 के लिए प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा कक्षा 6 से 8 के लिए द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई।

उन्होंने बताया कि परीक्षा सभी केंद्रों पर शुचिता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। इस दौरान लखनऊ के स्टेशन रोड स्थित बप्पा श्री नारायण वोकेशनल इंटर कॉलेज में एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया, जो किसी अन्य अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। आयोग के उप सचिव संजय सिंह ने बताया कि दोनों पालियों में कुल 93,681 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जो पंजीकृत परीक्षार्थियों का 87.92 प्रतिशत है।

जलवायु अनुकूल खेती, जल व ऊर्जा सुरक्षा पर मंथन



लखनऊ। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने पोंटिफिकल एकेडमी ऑफ साइंसेज और पोंटिफिकल एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज के सहयोग से मंगलवार को लखनऊ में दो दिवसीय क्षेत्रीय ग्रामीण भारत शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें जलवायु परिवर्तन से निपटने, कृषि को मजबूत बनाने और जल एवं ऊर्जा सुरक्षा के उपायों पर चर्चा हुई। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह और जयेंद्र प्रताप सिंह राठौर मौजूद रहे। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मनींद्र अग्रवाल, कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी के डीन प्रो. सच्चिदा नंद त्रिपाठी और पोंटिफिकल एकेडमी ऑफ साइंसेज के अध्यक्ष प्रो. जोआखिम वॉन ब्राउन ने भी विचार रखे। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि घटती कृषि जोत और बढ़ती मांग को देखते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान, आधुनिक तकनीक और कृषि विविधीकरण अपनाना जरूरी है। बागवानी, खाद्य प्रसंस्करण और बेहतर बाजार संपर्क से किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। जयेंद्र प्रताप सिंह राठौर ने मिट्टी और जल संरक्षण तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सम्मेलन में मानसून की अनिश्चितता, भूजल स्तर में गिरावट, मिट्टी के स्वास्थ्य, पुनयोर्जी कृषि और सौर ऊर्जा के उपयोग पर चर्चा हुई। बुंदेलखंड, पूर्वांचल और गंगा बेसिन की क्षेत्रीय चुनौतियों के समाधान में स्थानीय प्रशासन की भूमिका भी रेखांकित की गई।

किसानों ने किया प्रदर्शन

लखनऊ। गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने, बेमौसम बारिश से बर्बाद फसलों का मुआवजा देने और सरकारी विभागों में कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का प्रदर्शन मंगलवार देर रात प्रशासन के आश्वासन पर स्थगित हो गया। गोमतीनगर स्थित यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन कार्यालय पर जुटे किसानों की प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरनाम सिंह वर्मा के नेतृत्व में अपर मंडलायुक्त से वार्ता हुई। प्रशासन ने 12 नवंबर को मुख्य सचिव और संबंधित विभागों के प्रमुख सचिवों के साथ बैठक कराने का भरोसा दिया। किसान नेता हरिनाम सिंह ने डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता, यूपीपीसीएल के कथित भ्रष्ट अधिकारियों की निष्पक्ष जांच और किसानों के साथ अधिकारियों के दुर्व्यवहार पर कार्रवाई की मांग उठाई। संगठन ने सिंचाई विभाग, जल जीवन मिशन और फसल बीमा में कथित अनियमितताओं की जांच की भी मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि 12 नवंबर की बैठक में समाधान नहीं हुआ तो हर मंडल से 200 किसान लखनऊ पहुंचेंगे और 30 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करेंगे।



विकसित कॉलोनी में मिलेगा नार्मल बिजली कनेक्शन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लेसा सिस गोमती के कार्यालय में 70 रुपये वर्ग फिट कनेक्शन देने के मामले को लेकर मगंलवार को संगोष्ठी हुई जिसमें मुख्य अभियंता रामकुमार ने पत्रकारो के साथ मिलकर इस पर चर्चा किया उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में उपभोक्ता को परेशान नही किया जायेगा। नियमो के तरह कनेक्शन दिया जाय किसी उपभोक्ता को समझ मे नही आ रहा है तो उसको समझाया जाय।

लेसा सिस गोमती में नया बिजली कनेक्शन को लेकर तमाम तरह की सवाल खड़े हो रहे थे जिसको लेकर लेसा सिस गोमती के कलेक्शन के अधीक्षण अभियंता, एक्सीएन, एसडीओं और जेई की मौजूदगी में यह बताया गया कि नया कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ता का घर विकसित कालोनी में है तो उसे नार्मल कनेक्शन तत्काल दिया जाय।

इस बात पर सहमत

- 71 रुपये वर्ग फिट मात्र अविकसित कालोनी में ही मान्य
- 71 प्रतिशत प्लाटिंग में बिजली तो भी अन्य को मिलेगा नार्मल करनेक्शन
- ट्रांसफार्मर व बिजली खंम्भे पर पीले का निशान तो ही 71 रुपये की स्कीम मान्य
- एक कालोनी मे 71 रुपये कनेक्शन तो ही स्कीम अन्य के लिए मान्य

दुकानदारों ने पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

- बीच सड़क से दुकानें हटाने को कहा तो भड़के दुकानदार
- लाठीचार्ज कर पुलिस ने संभाली स्थिति

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के बंगला बाजार चौकी अंतर्गत पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के सामने सड़क पर लगने वाले साप्ताहिक मंगल बाजार में मंगलवार शाम लगभग 4:30 बजे सड़क के बीच लगी दुकानों को पुलिस ने अवैध बताकर हटाने को कहा तो पुलिसकर्मियों की दुकानदारों से कहासुनी हो गई। आक्रोशित दुकानदार लामबंद होकर पुलिसकर्मियों से भिड़ गए और अभद्रता करते हुए मारपीट करने लगे। विरोध करने पर दुकानदारों ने पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और घटना का वीडियो भी बनाया। पिटाई की सूचना पर आशियाना थाने से मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस बल ने मंगल बाजार में लाठी भांजकर दुकानदारों को खदेड़कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। करीब एक घंटे तक बाजार में अफरातफरी का माहौल रहा। पुलिस विवाद और मारपीट में शामिल कपड़ा दुकानदार अंकित जायसवाल, उसकी मां माया देवी और राम किशन को पकड़कर स्थानीय आशियाना थाने ले आई। बंगला बाजार चौकी प्रभारी संदीप ठाकुर की तहरीर पर अंकित, माया देवी व राम किशन समेत लगभग चार दर्जन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक आशियाना गजेंद्र कुमार राय ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी संजय सरोज और महिला पुलिसकर्मी कंचन ने सड़क से अवैध दुकानें हटाने को कहा था। इस पर क

डिजायनर दीयों के आगे मिट्टी के दीयों की रंगत पड़ रही फीकी



दिवाली पर घर रोशन करने की तैयारी में जुटे हैं कुम्हार

लखनऊ। दीपों का महापर्व दीपावली जैसे-जैसे करीब आ रहा है वैसे ही लोगों का घर रोशन करने की तैयारी में कुम्हार जुट गए हैं। छोटे-बड़े दिए, मिट्टी के घरौंदे, रंग-बिरंगे खिलौने समेत तमाम आकर्षक वस्तुएं बनाने में कुम्हारों के परिवार व्यस्त हैं। लेकिन इन सब के बीच उनके चेहरे पर चिंता की झलक साफ-साफ नजर आ जाती है। चिंता इस बात की, कि बाजार में उनका माल सही दाम पर बिकेगा कि नही? कहीं विदेशी माल के आगे मिट्टी से बनी चीजों की मांग कम न हो जाए।

डिजाइनर दीयों व रंगबिरंगी लाइटों की मांग ज्यादा

दीपावली के त्योहार को लेकर बाजार इस समय रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगा रहे है, तो वहीं डिजायनर दीयों से भी बाजार जगमग हो रहे है। धिरे-धिरे साधारण मिट्टी के दीये अपनी रंगत खोने लगे हैं। रंग-बिरंगी लड़ियां, तरह-



तरह के प्रकाश उपकरण बाजार में अपनी पैठ बना रहे हैं। कम कीमत होने के कारण यह लोगों की पसंद भी बन रहे हैं। इस बदलाव का सबसे ज्यादा असर मिट्टी के दीपक पर पड़ा है। चाईनीज उत्पादों के बीच मिट्टी का दिया बाजार से आउट हो गया। इलेक्ट्रिक लाइट सस्ती होने के कारण दीयों पर भी भारी पड़ रही है। अब मिट्टी के दिए की बजाय बाजार में इलेक्ट्रॉनिक दिए का प्रचलन काफी बढ़ गया है। बिजली की दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक दीपक 40 से 100 रुपए तक में बिक रहे है। अग्रवाल लाइट्स के संचालक अमित अग्रवाल ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक दीपक के साथ-साथ बैटरी से चलने वाली मोमबत्ती भी आ गई है, इससे मोमबत्ती का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है, लोग मिट्टी के दीपक और मोमबत्ती खरीदने की बजाय चाईनीज लाइट ज्यादा खरीद रहे है।





अनिल द्विवेदी (vol)

लखनऊ। दिवाली के मौके पर घर में मिट्टी के जलते दीये चार चांद लगाते हैं। लेकिन, इस बार भी दिवाली से पहले मिट्टी के दीयों के खरीदार नदारद हैं। सजावटी दीयों की खरीदारी को लेकर लोगों का रुझान ज्यादा है। बाजार में लाइट वाले तरह-तरह के दीयों की भरमार है। इस साल दिवाली का त्यौहार 8 नवंबर को है।

इंदिरानगर के मुंशी पुलिया में करीब पांच लोगों ने मिट्टी के दीये व उससे जुड़े दूसरे उत्पादों की बिक्री के लिए रोड पर ठिया लगा रखा है। लेकिन किसी के पास खरीदार नजर नहीं आ रहे हैं। यहां ठिया लगाने वाली शीला बताती हैं कि उन्होंने इस बार उधार पैसों से मिट्टी के दीये व पूजा से जुड़े दूसरे उत्पाद तैयार किए हैं। इनमें लक्ष्मी-गणेश की मिट्टी की मूर्तियां भी शामिल हैं। लेकिन पहले की तरह खरीदार बाजार में नहीं हैं। शहर के दूसरे इलकों में भी लोग मिट्टी से जुड़े उत्पादों की बिक्री करते हैं लेकिन वहां पर भी ऐसा ही नहीं नजारा दिखा।

मिट्टी के दीये अब सिर्फरस्म अदायगी : दीपावली पर्व को लेकर इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में रंग-बिरंगे लाईट, बल्ब आदि भी बिकने शुरू हो गए हैं। वहीं इन दिनों दीपावली पर मिट्टी की बने हुए दीये की जगह इलेक्ट्रॉनिक चाइनीज रंग-बिरंगे दीप व कैंडल लाइट आदि ने ले ली है। इसके कारण दिन पर दिन मिट्टी के दीप की बिक्री घटती जा रही है। जिससे कुम्हार जाति के लोग अपने मुख्य पेशा से विमुख होते जा रहे हैं। पर्व के दिनों में दो तीन माह पहले से रात-दिन दीप, आदि कुम्हार बनाते थे। जिसकी खूब बिक्री होती थी।

इस कार्य से उनकी अच्छी कमाई भी हो जाती थी। परंतु, अब यह गुजरे जमाने की बात बन कर रह गई है। इन दिनों बाजारों में कई तरह की इलेक्ट्रॉनिक लाइट, कैंडल, दीप आ गये हैं। जिसके कारण मिट्टी के दीप की रौशनी इन लाइटों के सामने फीकी पड़ गयी है।

दिपावाली से दो-तीन माह पहले से कुम्हारों के घर दिन रात घुमने वाले चाक की गति अब धीमी पड़ने लगी है। मिट्टी के दीये और मिट्टी के बर्तनों की घटी मांग ने कुम्हारों के पुश्तैनी धंधे को मंदा कर दिया है। आधुनिकता की चकाचौंध में कुम्हारों के टिमटिमाते दीये अब लोगों को आकर्षित नहीं कर पा रहे। जिसके कारण कुम्हार पेशा अब खतरे में है। कभी उनके बनाए गए मिट्टी के दीये से ही दीपावली रौशन होती थी, लेकिन बिजली के उपकरण खासकर चाइनीज बल्ब के चकाचौंध ने उनके धंधे की चमक फीकी कर दी है। आम दिनों की बात तो दूर दीपावली के अवसर पर भी लोग मिट्टी के दीये अब सिर्फ रश्म अदायगी भर के लिए खरीदते हैं।

मिट्टी के पारम्परिक दीये खो रहे अपना अस्तित्वः सस्ती और चमक-दमक से भरपूर चीनी झालर, बल्ब और साज-सज्जा की अन्य वस्तुओं ने बाजार को पूरी तरह से जकड़ रखा है। ऐसे में मिट्टी के पारम्परिक दीये कहीं न कहीं अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। साल दर साल घटती मांग से कुम्हार लंबे समय से मिट्टी के उत्पादों का व्यापार कर रहे व्यापारी भी अब हाशिये पर हैं। बीते कई वर्षों से मिट्टी की वस्तुएं बनाने वाले मोश इबरार अहमद बताते हैं कि पहले घर-घर जाकर हम लोग सैकड़ों दिए लोगों को बेंचते थे। इनकी उचित कीमत भी हमें मिल जाती थी लेकिन अब लोग बाजार से शगुन करने भर के दिए ले आते हैं। अब लोग ज्यादातर तो मोमबत्ती व झालरों से काम चला लेते हैं। इससे मांग में काफी असर पड़ा है।

मिट्टी की प्रतिमाओं व दीयों से सजा माटी कला महोत्सवः माटी कला महोत्सव में दिवाली के सुंदर दीए खूब पसंद आ रहे हैं। मिट्टी से बने देवी देवताओं की प्रतिमाएं भी काफी पसंद आ रही हैं। सजावटी प्रोडक्ट, हैंडमेड प्रोडक्ट और असली मिट्टी के डिजाइन कप से लेकर हाथी तक अलग छटा बिखेरे हैं। जहां रोज आसपास से दूर दराज तक के लोग मिट्टी की खूश्बू और खूबसूरत प्रोडक्ट की खरीदारी करने उमड़ रहे हैं। गुलहरिया बाजार गोरखपुर के अर्जुन के स्टॉल पर टेराकोटा कलाकारी अलग चमक रही है। यहां डिजाइन्ड फाउंटेंस, झूमर, लाइट लैंप्स आदि प्रोडक्ट हैं। चुनार के दीयों की अलग झलक मिजार्पुर चुनार के लक्ष्मी डेकोरेटिव दीया क्रिएशन स्टॉल पर खूबसूरत मिट्टी के डिजाइन दीए खूब लुभा रहे हैं। दर्जन भर से अधिक रंग- बिरंगे डिजाइन के दीए हैं। लखनऊ की नगमा के स्टॉल पर घर सजाने की वस्तुएं और दीपावली के झूमर-झालर अलग आकर्षित कर रहे हैं। खाने का भी इंतजाम किसी स्टॉल पर खूबसूरत मिट्टी के कई तरह के डिजाइन पानी के बोतल तो कई दूकानों पर चटपटे खाने के प्रोडक्ट भी महोत्सव की शोभा बढ़ा रही हैं। कई स्टॉलों पर तमाम तरह के पापड़, आचार, नमकीन आदि भी उपलब्ध हैं। सोमवार को भारी संख्या में स्थानीय व आसपास के लोगों ने पहुंचकर मिट्टी की वस्तुएं खरीदी।

लाइट लैंप बाजार में छाएः मार्केट में लाइट मेटल के लाइट लैंप बाजार में छाए हुए हैं। इनकी खरीदारी के लिए लोग दूर-दराज से यहां पहुंच रहे हैं। इन छोटे-छोटे लाइट लैंप को घर के बाहर आसानी से टांगा जा सकता है। 650 रुपये की कीमत में छह लाइट लैंप का एक सेट मिल रहा है। इसके अलावा तरह-तरह की साज-सज्जा का सामान भी बाजार में बिक रहा है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 275418112 में दर्ज प्रदीप कुमार पुत्र राम तीरथ एवं गोली पुत्र राम तीरथ एक ही व्यक्ति हैं। अतः पॉलिसी की परिपक्वता राशि का भुगतान गोली पुत्र राम तीरथ के नाम से किया जाए।

सूचना

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र मो. शमीम को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। शहीद पुत्र इमाम अली निवासी-ग्राम मरकामऊ, थाना बदोसराय, तहसील सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।

सूचना

सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट में मेरा नाम हिन्दी में मोहम्मद कामिल खॉन है, तथा अग्रेंजी में MOHAMMAD, KAMIL KHAN दर्ज है, जो भूलवश अंकित हो गया है, मेरा वास्तविक नाम हिन्दी में मोहम्मद कामिल खॉन व अग्रेजी में MOHD, KAMIL KHAN है। मोहम्मद कामिल खॉन, पुत्र अब्दुल गफ्फार, नि.-ग्राम व पो. पहाड़ीपुर, मजरे सतगांव, थाना-कोत., जनपद-फतेहपुर।

मानवाधिकार आयोग अतिरिक्त मुआवजे की भी कर सकता है संस्तुति : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने कहा है कि मानवाधिकारों के उल्लंघन के पीड़ित को अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत मुआवजा मिल जाने के बावजूद राज्य मानवाधिकार आयोग अतिरिक्त मुआवजा देने की संस्तुति कर सकता है। न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से दाखिल याचिका खारिज करते हुए यह आदेश दिया। निगम ने उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें करंट लगने से पीड़ित व्यक्ति को 10 लाख रुपये अतिरिक्त मुआवजा देने का निर्देश दिया गया था। मामला वर्ष 2011 का है, जब पीड़ित करंट की चपेट में आकर झुलस गया था। विद्युत निगम ने वर्ष 2017 में उसके पिता को 65 हजार रुपये और फरवरी 2025 में पीड़ित को एक लाख रुपये का मुआवजा दिया था। हालांकि, मानवाधिकार आयोग ने इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये देने का निर्देश दिया। निगम ने हाईकोर्ट में दलील दी कि घटना वर्ष 2011 की है, जबकि आयोग में शिकायत वर्ष 2024 में दाखिल की गई थी। ऐसे में शिकायत समय-सीमा से बाधित थी। इस दलील को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि मुआवजे का भुगतान नहीं किया जाना मानवाधिकारों का निरंतर उल्लंघन है। इसके अलावा, शिकायत दाखिल होने के बाद निगम की ओर से एक लाख रुपये का भुगतान किया जाना परिसीमा अधिनियम के तहत देनदारी स्वीकार करने के समान है। कोर्ट ने कहा कि विद्युत निगमों का वैधानिक दायित्व है कि वे बिजली की लाइनों का रखरखाव इस तरह करें कि लोगों की जान खतरे में न पड़े। अधिकारियों की लापरवाही से किसी व्यक्ति को करंट लगना मानवाधिकारों का उल्लंघन है। मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के प्रावधानों की व्याख्या करते हुए कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आयोग को मुआवजे की संस्तुति करने का अधिकार अन्य कानूनी उपायों से स्वतंत्र और अतिरिक्त है। पहले दिया गया मुआवजा आयोग के अधिकार क्षेत्र को सीमित नहीं कर सकता। हाईकोर्ट ने 10 लाख रुपये अतिरिक्त मुआवजा देने के आयोग के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि यह राशि तत्काल अदा की जानी चाहिए थी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि निगम की खुशकिस्मती है कि देरी से भुगतान के लिए उस पर कोई ब्याज नहीं लगाया गया।

अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में एक ट्रैक्टर ट्राली में कंटेनर की टक्कर मारने से ट्रैक्टर सवार मजदूर नीचे गिरकर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी गोसाईंगंज ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दुबग्गा व पारा क्षेत्रों में दो लोगों की सड़ हादसे में मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक बिहार स्थित नेवादा जिला के रहने वाले देवसरन (55) कुछ बहुत बाराबंकी स्थित सफेदाबाद महुअरी गांव में एक ईट भट्ठे में परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता था।

बेटे सूरज ने बताया कि उनके पिता मंगलवार सुबह तड़के 4:00 चालक कुल्लू साथी मंटू के साथ गोसाईगंज कस्बा ट्रैक्टर ट्राली से ईट लेकर डिलीवरी के जाते समय समय रास्ते में सुशांत गोल्फ सिटी स्थित ढकवा गांव के पास पीछे से एक तेज रफ्तार कंटेनर चालक ने ट्राली में ओवरटेक करते समय ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी जिससे कि ट्रैक्टर में बैठे देवसरन सर के वल नीचे रोड पर जा गिरे जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए उन्हें गोसाईगंज के स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। उधर, दुबग्गा क्षेत्र में किसान पथ पर बाजनगर अंडरपास के पास हरदोई रोड पर सोमवार देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। अंधे चौकी इंचार्ज विनय गुरुदेव ने बताया कि सोमवार देर रात किसान पथ पर बाजनगर अंडरपास के पास हरदोई रोड पर विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की जेब मे मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान दुबग्गा के मलहा निवासी हरि कश्यप उर्फ हरदेव लाल (28) के रूप में हुई। घायल को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी। मृतक आशियाना स्थित होटल में हेड शेफ था। मृतक के परिवार में पत्नी एवं एक बेटा है। इसी तरह पारा क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मंगलवार को पारा क्षेत्रान्तर्गत सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी, जिसपर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारम्भिक जांच में पता चला कि डिप्टी खेड़ा निवासी गौतम (28) पुत्र अशोक कुमार जो कि थाना दुबग्गा क्षेत्र में बाइक रिपेयरिंग की दुकान चलाते थे, अपनी दुकान से घर वापस जा रहे थे, उसी दौरान रास्ते में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए और ट्रैक्टर का पिछला पहिया उनके ऊपर चढ़ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में संलिप्त ट्रैक्टर चालक पवन रावत (26) पुत्र सुरेश रावत निवासी सैफपुर, थाना काकोरी, जनपद लखनऊ को ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित हिरासत में ले लिया गया है।

लापरवाही पर तीन दरोगा लाइनहाजिर

लखनऊ। जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने पर डीसीपी उत्तरी ने कार्रवाई कार्रवाई की है। उन्होंने कार्य में लापरवाही और जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने पर तीन उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन स्थानांतरित कर दिया। लाइनहाजिर किए गए उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी मिजार्गंज, थाना मलिहाबाद, करन सिंह थाना रहीमाबाद, गिरीशदत्त पाण्डेय थाना माल शामिल हैं। डीसीपी उत्तरी अमित आनंद ने लापरवाही करने वाले दरोगाओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं।

लाखों की नगदी समेत कीमती मोबाइल फोन लेकर फरार हुआ मैनेजर

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर-के में संचालित एक मोबाइल स्टोर के संचालक ने अपने स्टोर मैनेजर पर लाखों की नकदी समेत कीमती मोबाइल फोन लेकर फरार होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में लिखित नामजद शिकायत दी है। पीड़ित की शिकायत पर सोमवार देर शाम मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-के में न्यू फेयर बिजनेस सेंटर के संचालक अनुराग गुप्ता के अनुसार उनके प्रतिष्ठान पर अमन गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता पिछले लगभग 15 वर्षों से स्टोर मैनेजर के पद पर कार्यरत था। भरोसे के चलते पूरे स्टोर के कैश, स्टॉक और मोबाइल हैंडसेट के बिक्री और खरीद फरोख्त की जिम्मेदारी अमन के जिम्मे थी। आरोप है कि बीते 10 अक्टूबर को अमन गुप्ता ने हेड ऑफिस से नए मोबाइल सेट खरीदने के लिए 3 लाख रुपए कैश लिए। इसके अलावा स्टोर के कैश बॉक्स में रखे 1 लाख 37 हजार रुपये की नगदी समेत 1 लाख 5 हजार रुपये की एसेसरीज व 27 मोबाइल हैंडसेट जिनकी कीमत लगभग 6 लाख 45 हजार रुपये है बिना अनुमति के लेकर चला गया। जानकारी होने पर पीड़ित स्टोर संचालक ने मामले की लिखित नामजद शिकायत स्थानीय आशियाना थाने में दी।

ऑटो सवार बुजुर्ग महिला की लूटी चेन

लखनऊ। आलमबाग थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर ऑटो सवार तीन महिलाओं ने ऑटो में बैठी बुजुर्ग महिला का ध्यान भटकाकर सोने की चेन खींच ली और भागने की कोशिश की लेकिन बुजुर्ग महिला ने शोर मचाकर राहगीरों की मदद से एक शातिर महिला को दबोच लिया, जबकि उसकी दो अन्य महिला साथी फरार हो गईं। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पकड़ी गई महिला को जेल भेज दिया। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के बदाली खेड़ा में रहने वाली 64 वर्षीय बुजुर्ग मैना देवी पत्नी लाल बहादुर के अनुसार सोमवार दोपहर वह अपनी बहू को कैसरबाग में गाड़ी पर बैठाकर ऑटो से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान आलमबाग के टेढ़ी पुलिया के निकट तीन अन्य महिलाएं ऑटो में बैठ गईं। आरोप है कि बगल में बैठी महिला बार-बार उनके गले पर हाथ फेर रही थी। विरोध करने पर दूसरी महिला उनके पैर पर पैर रखकर दबाते हुए बोली कि अपनी बिछिया सही कर लो। संदेह होने पर पीड़िता ने चालक से ऑटो रोकने को कहा। ऑटो रुकते ही बगल में बैठी महिला बुजुर्ग के गले से सोने की चेन छीनकर भागने लगी, तभी दोनों अन्य महिलाएं भी ऑटो से उतरकर भागने लगीं। पीड़िता ने शोर मचाते हुए बगल में बैठी महिला को राहगीरों की मदद से पकड़ लिया। पकड़ी गई महिला ने पीड़िता की चेन वापस करते हुए अपने जेवरात और पैसे देने का प्रलोभन देने लगी। इसी बीच शोर शराबा सुनकर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए।

गौमांस की तस्करी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। रहीमाबाद पुलिस ने गौमांस की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों के कब्जे से ओमिनी वैन, 07 बोरे मांस व अवैध कटान में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुए हैं।

बार में फर्जी बारकोड लगी सप्लाई देने वालों तक नहीं पहुंच सकी आबकारी टीम

जय सन्देश तिलक (vol)

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित समिट बिल्डिंग में दूसरे तल पर संचालित 'टकीला क्लब' में चल रहे बार में 18 अक्टूबर को एक शिकायत के बाद जांच के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब का जखीरा पकड़ा था। आबकारी निरीक्षक वहां बरामद शराब कीबरातलों पर फर्जी बारकोड का मामला पकड़ा था। पुलिस ने जांच में पाया था कि शराब सप्लाई करने वाले पांच संस्थानों से उन्हें आपूर्ति की गयी थी। आबकारी विभाग ने उन पांच संस्थानों को भी कार्रवाई के दायरे में ले लिया था, लेकिन जांच में जब मामला ऊपर का निकला तो उनके हाथ-पांव फूल गए, जिसके बाद आबकारी विभाग के अधिकारी दो दिन तक पशोपेश में फंसी रहे, लेकिन शिकायतकर्ता के अड़ियल रवैये के चलते उन्होंने 'टकीला क्लब' के संचालक समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया, जिसमें छह लोग गिरफ्तार किए गए थे।

आबकारी विभाग बराबर यह कहता रहा कि सप्लाई चेन भी पकड़ी जायेगी, लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आबकारी टीम फर्जी बारकोड की शराब सप्लाई करने वाले पांच संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकी है।

देखा जाये तो आबकारी विभाग ने टकीला क्लब में अवैध बार संचालक के खिलाफ भी इमानदारी से कार्रवाई नहीं कि और यहां भ्उसने बार संचालक को बचाने के लिए केवल फर्जी बारकोड लगी शराब पाये जाने का मामला दर्ज किया, जिससे वह कोर्ट में अपने को साफ दिखा सप्लाई देने वालों पर दोष मढ़ सके और अपने को बचा ले। आबकारी विभाग ने खुद शराब सप्लाई देने वाले लोगों के गोदामों तक जाने की जरुरत नहीं समझी। शराब कारोबारियों का कहना है कि छापेमारी को लेकर आबकारी विभाग शराब की दुकानों तक ही सीमित है, कभी भी बार संचालकों के खिलाफ इमानदारी से ना तो जांच करती है और ना ही कार्रवाई। अपनी मुट्ठी गरम कर किनारे हो जाते हैं।

सूत्र बताते हैं कि आबकारी विभाग की टीम ने जब बार में छापा मारा तो वहां कई तरह की अनियमित्ताएं सामने आयीं थीं, जिसपर उन्होंने संचालक विशाल सिंह को फटकार लगाई। मामला बिगड़ता देख उसने कई बड़े लोगों को सम्पर्क किया और एक चर्चित विधायक का नाम लिया और फोन भी कराया, जिसके बाद आबकारी टीम के मिजाज ढीले पढ़ गए थे। दो दिनों तक मामला करूं या ना करूं में फंसा रहा। बाद में मामला हल्की कार्रवाई कर निपटा दिया गया। आबकारी निरीक्षक अरविन्द कुमार बघेल ने रास्ता निकाल लिया और फर्जी बारकोड का मामला बताते हुए विभिन्न मंहगे ब्रांड की 23 बोतल शराब जब्त कर ली, जिसमें ग्रे गूच वोदका, दो बोतल ब्लैग लेवल, दो बोतल वेलेंटाइन, एक बोतल ग्लेनफिडिच सिंगलमाल्ट, दो बोतल रेड लेवल, दो बोतल जैगरमास्टर, एक बोतल जैम्सन, दो बोतल शिवास रीगल, दो बोतल एबस्लूट वोदका सील बन्द, चार बोतल सुले स्पार्कलिंग वाइट, एक बोतल मैजिक मोमेंट शामिल थे और पांच केन टूबर्ग बियर, 26 केन किंगफिशर बियर, एक केन कार्ल्सबर्ग एलीफेंट बीयर, 21 केन बटवायजर केन बीयर शामिल थी। बाद में बार संचालक विशाल सिंह, मनीष मिश्रा, अनुराग शुक्ला, अमित सिंह, सचिन वर्मा, सिमरान व राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गयी थी, जिसमें छह लोग गिरफ्तार किए गए थे।

आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस ने नाबालिग बालिका को लगातार परेशान एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के प्रकरण में वांछित अभियुक्त हंस कुमार शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 02 नवम्बर को थाना मलिहाबाद पर पीड़ित द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनकी लगभग 13 वर्षीय पुत्री को गांव का ही हंस कुमार पुत्र श्याम सुन्दर काफी समय से लगातार परेशान एवं भयभीत करता था तथा अपने साथ चलने का दबाव बनाता था। विरोध करने पर अभियुक्त द्वारा जानमाल की धमकी दी जाती थी। करीब 05 माह पूर्व अभियुक्त हंस कुमार, उसके भाई विनय कुमार, माता रामलली एवं पिता श्याम सुन्दर द्वारा वादी के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला भी किया गया था। उक्त परिस्थितियों के कारण बालिका मानसिक रूप से काफी परेशान एवं भयभीत रहती थी।

कार्यालय ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर विकासखंड कूरेभार, जनपद सुल्तानपुर

पत्रांक-मेमो **दिनांक 03.11.2026**

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत मीरा मानिकपुर विकासखंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2026-2027 के क्रम में निम्न कार्य पर निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक दिनांक 04.11.2026 से दिनांक 10.11.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मीरा मानिकपुर पर ग्राम प्रशासक/सचिव को निविदा दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 10.11.2026को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	सामग्री
1.	इंटरलॉकिंग रोड से पिंटू के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य	2.84 लाख रुपये	इंटरलॉकिंग ईंट, ईंट प्रथम श्रेणी मोरंग व अन्य निर्माण सामग्री

नोट -: समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

सचिव
प्रकाश कुमार मिश्रा
ग्राम पंचायत-मीरा मानिकपुर
विकासखंड कूरेभार
जनपद सुल्तानपुर

ग्राम प्रशासक/
उमेश कुमारी
ग्राम पंचायत-मीरा मानिकपुर
विकासखंड कूरेभार
जनपद सुल्तानपुर

संक्षेप

सरकारगढ़ के परिषदीय विद्यालय में चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ग्राम सरकारगढ़ स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने एक बार फिर वारदात को अंजाम दिया। सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि चोर मॉडल शौचालय का दरवाजा तोड़कर उसमें लगी मोटर और अन्य फिटिंग चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी होने पर विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मच गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद तसीउल्ला ने थाना हैदराबाद में तहरीर देकर बताया कि 2/3 नवंबर की रात चोरों ने मॉडल शौचालय का दरवाजा तोड़कर मोटर और उससे जुड़ा अन्य सामान चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय में कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी जाती रही है। इसके बावजूद घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। प्रधानाध्यापक ने पुलिस से मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

सीतापुर। सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर संदना कस्बे में मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कोरौना गांव निवासी दिनेश (39) की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, दिनेश पुत्र स्वर्गीय रामभजन किसी काम से संदना कस्बे आए थे। मंगलवार को वह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मिश्रिख की ओर से आ रहे गोमतीनगर, लखनऊ निवासी अमरजीत पुत्र सुनील चैधरी की बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची संदना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से मछरेहटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि अमरजीत का उपचार जारी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

त्योहारों पर सर्राफा कारोबारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क

सीतापुर। धनतेरस और दीपावली के त्योहारों पर सराफा बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और चोरी की घटनाओं की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को संदना और सकरन थाना परिसर में व्यापारियों व सराफा कारोबारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस ने दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने की अपील की। संदना थाना प्रभारी प्रिंस सोनकर ने व्यापारियों को दुकानों में कैमरों की रिकॉर्डिंग नियमित रूप से जांचने के निर्देश दिए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए कहा। बैठक में पुलिस अधिकारियों के संपर्क नंबर भी साझा किए गए, ताकि सूचना का तत्काल आदान-प्रदान हो सके। वहीं, सकरन थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने सराफा व्यापारियों को बताया कि त्योहारों पर आभूषण की दुकानों में भीड़ का फायदा उठाकर चोर-उचक्के सक्रिय हो सकते हैं। बाहरी व्यापारी शाम होने से पहले दुकान बंद कर घर लौटें और रास्ते में अनजान लोगों से रुककर बातचीत न करें। रेकी करने वाले संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

दिवाली पर ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत : पालिका अध्यक्ष



सीतापुर। दिवाली के त्योहार पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और जाम की समस्या से शहरवासियों को राहत दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद ने इस बार खास पहल की है।

त्योहार के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर रखने के लिए पहली बार व्यापक स्तर पर पार्किंग और मुफ्त ई-रिक्शा संचालन की व्यवस्था की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयार किए गए इस प्लान से बाजार आने वाले लोगों को वाहन खड़ा करने से लेकर बाजार तक पहुंचने में भी सहूलियत मिलेगी। नगर पालिका की ओर से चार नवंबर से आठ नवंबर तक शहर में तीन स्थानों पर निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है। ये पार्किंग सुबह आठ बजे से रात दस बजे तक खुली रहेंगी। इसके साथ ही अटल चैक लालबाग चैराहे से आंख अस्पताल तिराहे तक आठ ई-रिक्शा निशुल्क चलाए जाएंगे। इनका संचालन सुबह दस बजे से रात दस बजे तक होगा। इससे लोगों को अपने वाहन पार्किंग में खड़े कर बाजार तक पहुंचने में आसानी होगी और मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा व निजी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने व्यापारियों से भी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। दुकानदारों से कहा गया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों का कूड़ा एक बैग में भरकर पालिका की कूड़ा गाड़ी में ही डालें। वहीं, भारी वाहनों के लिए राजा कॉलेज मैदान में रात दस बजे से सुबह नौ बजे तक लोडिंग और अनलोडिंग की व्यवस्था निर्धारित की गई है। इससे दिन के समय बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही कम रखने में मदद मिलेगी।

बैठक में ईओ प्रभारी सीमा सिंह, सीओ सिटी विनय कुमार, शहर कोतवाल दिनेश प्रकाश पांडेय, अध्यक्ष प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर यागपाल वर्मा, चैकी प्रभारी पूजा कटियार सहित व्यापारी मौजूद रहे।

यहां खड़े करें अपना वाहन

चार से आठ नवंबर तक सुबह 8 से रात 10 बजे तक रहेगी सुविधा। इसके अलावाः अटल चैक लालबाग चैराहे से आंख अस्पताल तिराहे तक आठ ई-रिक्शा सुबह 10 से रात 10 बजे तक निशुल्क चलेंगे।

1 पालिका परिषद के प्रांगण में पार्किंग
2 लालबाग के पीछे पार्किंग स्थल
3 एसपी कार्यालय के पीछे निःशुल्क पार्किंग।

हर स्टाल के पीछे एक महिला की मेहनत

सीतापुर। किसी ने अपने हाथों से खूबसूरत सजावटी सामान तैयार किया, किसी ने घर के स्वाद को बाजार तक पहुंचाया तो किसी ने पारंपरिक हुनर को रोजगार का जरिया बना लिया। मेहनत, हुनर और आत्मनिर्भरता की ऐसी ही कहानियों का गवाह मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान बना। यहां तीन दिवसीय सरस मेले का रंगारंग आगाज हुआ तो स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के सपनों को भी एक नया मंच मिल गया।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से आयोजित मेले का शुभारंभ नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया। महिलाओं के हाथों से तैयार उत्पादों को देखकर सराहना की और खुद खरीदारी कर उनका उत्साह बढ़ाया। मेले में घरेलू उपयोग की वस्तुओं से लेकर हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री और पारंपरिक उत्पादों तक की आकर्षक श्रृंखला सजी है। हर स्टाल के पीछे एक महिला की मेहनत और आत्मनिर्भर बनने का सपना नजर आ रहा है। यहां महिलाएं सिर्फ सामान बेचने नहीं आई हैं, बल्कि अपने हुनर को पहचान और अपने कारोबार को नया बाजार देने पहुंची हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। ऐसे आयोजन उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर और मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जोशी ने भी स्टालों का निरीक्षण किया। महिलाओं से उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया और बिक्री की जानकारी ली तथा खरीदारी कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त स्वतः रोजगार डॉ. सुशांत सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में शहरवासियों के लिए स्थानीय उत्पादों की खरीदारी का मौका है, वहीं महिलाओं के लिए यह अपने हुनर को कारोबार में बदलने की नई उम्मीद भी है।

ग्राम चौफेरवा में सीसी रोड व नाली का लोकार्पण

फतेहपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड भिटौरा के ग्राम चौफेरवा में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। गांव में शिवचरण के मकान से लेकर राम प्रताप के घर तक नवनिर्मित सीसी रोड और नाली का लोकार्पण सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी द्वारा फीता काटकर किया गया। क्षेत्र के विकास में इस परियोजना को एक अहम पड़ाव माना जा रहा है। इस विकास कार्य की कुल लंबाई 160 मीटर है, जिस पर लगभग 9 लाख रुपये की लागत आई है। लंबे समय से इस मार्ग और जल निकासी व्यवस्था के अभाव में ग्रामीणों को आवागमन और जलभराव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब इस सीसी रोड और नाली के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी राहत मिलेगी और गांव में साफ-सुथरा वातावरण सुनिश्चित हो सकेगा। लोकार्पण समारोह के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्रधान विक्रम सिंह यादव, मनोज लोधी, राजेंद्र यादव, पूर्व प्रधान मनोज यादव, सपा सदर विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह पुत्तन लोधी, शनी लोधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिवशरण धोबी, मुन्ना पासवान, उपेंद्र सिंह, आशीष, चंदन और अंकित आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और ग्रामीण इलाकों में सड़क, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों की गुणवत्ता और उनकी देखभाल पर विशेष ध्यान दें ताकि ये सुविधाएं लंबे समय तक उपयोगी बनी रहें। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए क्षेत्रीय विधायक और प्रशासनिक टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

डीएम ने नागरिकों से की पर्यावरण संरक्षण की अपील



फिरोजाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) से प्रेरित होकर जनपद में 1 से 7 नवंबर तक ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण अनुकूल आदतों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर पृथ्वी को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ बनाना है। इस सप्ताह के अंतर्गत प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग थीम निर्धारित की गई है। 1 नवंबर को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की थीम के तहत योग साइकिलिंग और पैदल चलने जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया। 2 नवंबर को ऊर्जा संरक्षण के तहत बिजली की बबार्दी रोकने, अनावश्यक लाइट एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद रखने, एसी को 24 डिग्री सेल्सियस पर चलाने तथा एलईडी बल्बों के प्रयोग पर जोर दिया गया। 3 नवंबर को जल संरक्षण की थीम के अंतर्गत पानी की प्रत्येक बूंद बचाने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने और पानी की लीकेज तत्काल ठीक कराने का संदेश दिया जाएगा। 4 नवंबर को सतत खाद्य प्रणाली को बढ़ावा देने के तहत भोजन की बबार्दी रोकने और पर्यावरण अनुकूल खानपान अपनाने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार 5 नवंबर को सिंगल यूज प्लास्टिक को ना कहने की थीम के तहत बाजार जाते समय कपड़े का थैला ले जाने तथा प्लास्टिक बोतलों के स्थान पर स्टील और कांच की दोबारा इस्तेमाल होने वाली बोतलों को अपनाने का संदेश दिया जाएगा। 6 नवंबर को ई-कचरे का उचित प्रबंधन और 7 नवंबर को अपशिष्ट को न्यून करने की थीम पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके तहत गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, गीले कचरे से खाद बनाने तथा कचरे के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने पर जोर रहेगा। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री के मिशन लाइफ के विजन को साकार करने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटी-छोटी आदतों में बदलाव बेहद महत्वपूर्ण है। सामूहिक प्रयासों से न केवल पर्यावरण स्वच्छ और सुरक्षित बनेगा, बल्कि लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

गोमती श्रमदान मूवमेंट का आयोजन



मोहम्मदी खीरी। नगर के गोमती श्रमदान मूवमेंट की समिति ने जागरूकता रैली का आयोजन किया है। जिसमें जल संरक्षण पर्यावरण सुरक्षा और गोमती जल की निर्मल धारा को पवित्र बनाये रखने को लेकर भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बतौर और मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, अंकुर यादव आदि मौजूद रहे संचालन अश्वनी राजपूत ने किया है। गोमती श्रमदान मूवमेंट समिति के अश्वनी सिंह राजपूत, प्रवीन मेहरोत्रा, अतुल बाजपेई, गौरव गुप्ता, योगेश त्रिवेदी, विजय कटियार, अतुल रस्तोगी, शिब्बू, जसवंत आदि की नई सोच के चलते टीम गठित कर जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और गोमती के जल को पवित्र बनाए रखने के लिए लंबे समय से श्रमदान किया जा रहा है। लोगों में जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन किया गया जिसमें यूडीसीए के विद्यार्थियों ने सहभागिता की है। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह लोगों ने स्टॉल लगाकर सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की थी। रैली में चल रहे विद्यार्थियों ने जल संरक्षण पर्यावरण सुरक्षा और गोमती की साफ सफाई को लिए स्लोगन लिखी तख्तियां लिए हुए थे।

भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिला अध्यक्ष ने किया स्वागत



टूंडला। भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद के महिला मोर्चा पिछड़ा मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा एवं किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित होने के बाद नवीन दायित्व प्राप्त पदाधिकारियों का एटा रोड स्थित कैंप कार्यालय पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी राष्ट्र सेवा और मानव सेवा के भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। भाजपा मजबूत होगी तो राष्ट्र और सनातन संस्कृति को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर गरीबों, महिलाओं, किसानों एवं मजदूरों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं से जोड़ें, ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा प्रमोद बाबू, हनुमंत बघेल, नीलम दिवाकर, दिनेश गुप्ता, देवांशु उपाध्याय संध्या गौतम, नीतू श्रीवास्तव, शैला देवी, महावीर बघेल डॉ. पूरन सिंह विकास ठाकुर गोविंद सिंह, अनंत प्रताप सिंह, संदीप श्रीवास्तव, योगेश दिवाकर, गिरवर निषाद सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बेदखली आदेश के छह साल बाद भी नहीं हटीं चारागाह की जमीन पर बनी दुकानें



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। तहसील मुख्यालय के गेट के ठीक पास चारागाह की जमीन पर बनी दुकानें छह साल बाद भी नहीं हटाई जा सकी हैं। वर्ष 2020 में तत्कालीन तहसीलदार ने जांच के बाद बेदखली का आदेश जारी कर दुकानों को सील करा दिया था। संबंधित भू-माफिया पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया, लेकिन इसके बावजूद दुकानों का निर्माण आज भी जस का तस खड़ा है।

बांकेगंज मार्ग स्थित तहसील गेट के निकट गाटा संख्या 232 की कुल 0.073 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में चारागाह के रूप में दर्ज है। आरोप है कि इसी भूमि के करीब 0.0020 हेक्टेयर हिस्से पर कई वर्ष पहले अवैध रूप से दर्जनों दुकानों का निर्माण करा दिया गया था। बाद में इन दुकानों को किराये पर उठा दिया गया। सरकारी जमीन पर हुए इस निर्माण को लेकर शिकायतें हुईं तो राजस्व विभाग की जांच में दुकानें चरागाह की भूमि पर बनी पाई गईं। इस पर तत्कालीन तहसीलदार विपिन कुमार द्विवेदी ने वर्ष 2020 में बेदखली का आदेश जारी करते हुए दुकानों को सील करा दिया था। साथ ही संबंधित भू-माफिया पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। हालांकि, दुकानों को सील करने के बाद उन्हें ध्वस्त कर भूमि को कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई नहीं की गई। छह वर्ष बीतने के बाद भी दुकानों का ढांचा मौजूद है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुकानों को ध्वस्त कर चरागाह की जमीन को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराने की मांग की है।

लखीमपुर खीरी की 5.38 लाख महिलाओं को दिवाली तोहफा, सीएम ने भेजी सब्सिडी



लखीमपुर खीरी। महिलाओं की दिवाली रोशन करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.89 करोड़ प्लस पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की सौगात दी।

जिला मुख्यालय पर आयोजित भव्य समारोह में लखनऊ कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को देखा व सुना गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन, संचालन डीएसओ सीमा त्रिपाठी ने किया। जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सीडीओ योगानंद पांडे, डीएसओ सीमा त्रिपाठी संग दीप प्रज्वलित कर किया। डीएम ने उज्जवला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बड़ी संख्या में मौजूद उज्जवला योजना की लाभार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि दीपावली और होली जैसे पर्वों की खुशियां समाज के हर वर्ग तक समान रूप से पहुंचें और कोई भी परिवार त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे। सरकार की मंशा है कि हर घर में दीप जले, अच्छे पकवान बनें और सभी लोग उल्लास एवं उत्साह के साथ त्योहार मना सकें। इसी भावना के तहत दीपावली के अवसर पर पात्र परिवारों को निःशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही, जिन पात्र परिवारों के पास अभी तक गैस कनेक्शन नहीं है, उन्हें भी गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, ताकि हर घर में त्योहार की खुशियां पहुंच सकें। उन्होंने दीपावली के साथ ही आगामी छठ पूजा एवं भैया दूज पर्व की भी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

सिलेंडर को कराये रिफिल, खाते में पाये सब्सिडी : डीएसओ

डीएसओ सीमा त्रिपाठी ने बताया कि खीरी में 05 लाख 38 हजार 961 गरीब महिलाए उज्ज्वला योजना की लाभार्थी है। आधार प्रमाणित लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल का वितरण किया गया। योजना के तहत सर्वप्रथम लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किलो का सिलेंडर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके बाद सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अंतरित की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जीत लाल, पूर्ति निरीक्षक आयुषी सक्सेना, पूर्ति लिपिक लक्ष्मी गुप्ता, अनिल कुमार, अर्चना चौहान, नेहा श्रीवास्तव, राहुल त्रिपाठी एवं आयल कम्पनी के जिला समन्वयक व इण्डियन ऑयल कम्पनी के एल0पी0जी0 विक्रय अधिकारी हिमान्शु किन्हा, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कापोर्रेशन लिमिटेड के एल0पी0जी0 विक्रय अधिकारी अभिषेक कुमार के साथ एल0पी0जी0 वितरक रानी सती इण्डेन गैस सर्विस, श्री भगवान गैस सर्विस, खीरी राइस मिल एच0पी0 गैस एवं प्रयागदत्त एच0पी0 गैस आदि उपस्थित रहे।

धनतेरस पर बाजारों में रहेगा पुलिस का पहरा

फतेहपुर। धनतेरस एवं दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में व्यापारियों, दुकानदारों एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार की है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर बाजारों, सराफा प्रतिष्ठानों, बर्तन की दुकानों तथा ऑटोमोबाइल एजेंसियों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की जा रही है। धनतेरस 06 नवम्बर 2026 को मनाया जाएगा, जब बाजारों में भीड़ और नकद लेन-देन काफी बढ़ जाता है। विशेष सुरक्षा योजनाएसपी कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार, धनतेरस के अवसर पर सराफा प्रतिष्ठानों, बर्तन की दुकानों एवं ऑटोमोबाइल एजेंसियों पर अधिक भीड़ तथा नकदी के लेन-देन को देखते हुए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। इस योजना को आगामी 24 घंटों के भीतर पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा। त्योहारों के दौरान बाजारों में पुलिस की दृश्य उपस्थिति बढ़ाना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और किसी भी अप्रिय घटना की त्वरित रोकथाम करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। दुकानों पर पुलिस तैनातीछोटी-बड़ी सभी दुकानों पर पुलिस कांस्टेबलों की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित पुलिसकर्मियों के नाम व्यापारियों के साथ साझा कर दिए गए हैं, ताकि किसी भी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दी जा सके। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि दुकान खुलने से लेकर व्यापारी के रात्रि में सुरक्षित रूप से घर पहुंचने तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

इस संबंध में पुलिसकर्मियों की नियमित ब्रीफिंग भी की जा रही है। व्यापारियों से संवादजनपद के व्यापारियों की सूची तैयार कर एसपी कार्यालय एवं सभी क्षेत्राधिकारी कार्यालयों के माध्यम से उनसे दूरभाष पर संपर्क किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक व्यापारी को सुरक्षा योजना तथा उसके प्रतिष्ठान पर नियुक्त पुलिसकर्मी की जानकारी उपलब्ध हो। पुलिस ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर निजी सुरक्षा गार्ड तैनात करने और सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए भी प्रोत्साहित किया है, ताकि चोरी, लूट या अन्य अपराधों की रोकथाम में सहयोग मिले। गश्त एवं त्वरित सहायता धनतेरस के दिन सामान्य पेट्रोलिंग के साथ ही थानों की प्रथम एवं द्वितीय मोबाइल तथा पीआरवी वाहनों की ड्यूटी विशेष रूप से निर्धारित की जा रही है। इससे प्रमुख बाजारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रभावी पुलिस उपस्थिति बनी रहेगी और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध होगी। पुलिस टीमें सराफा बाजार, बर्तन बाजार, कपड़ा बाजार तथा अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच भी करेंगी।

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल होने का लगाया आरोप

धौरहरा खीरी। तराई क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को देखते हुए मंगलवार को सैकड़ों लोगों ने पी एच सी परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों व ईसानगर पुलिस बल मौके पर मौजूद रहकर मामले में जानकारी लेते रहे। प्राप्त विवरण के अनुसार तराई क्षेत्र में में स्वास्थ्य सेवाएं वेंटीलेटर/बदहाल पर होने के चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईसानगर परिसर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने व्यवस्था को लेकर मंगलवार सुबह 09 बजे धरना प्रदर्शन शुरू किया। धरना प्रदर्शन के लिए ग्रामीण पूरी तैयारी मय दरा लेकर पहुंचे थे। ग्रामीणो ने विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही व सही सेवाएं न देने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते रहे। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने ईसानगर पुलिस बल बुलाकर ग्रामीणों से धरना प्रदर्शन करने संबंधी अनुमति पत्र मांगते रहे।

कोयले से लदे ट्रक में अफीम बरामद, तस्कर गिरफ्तार



सीतापुर। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की संयुक्त टीम ने मंगलवार तड़के बड़ी सफलता हासिल की। लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर चेकिंग के दौरान कोयले से लदे ट्रक में छिपाकर ले जाई जा रही 6 किलो 240 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। पुलिस ने मौके से पंजाब निवासी अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की कीमत करीब 35 लाख रुपये, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग छह करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक, आगामी त्योहारों के मद्देनजर एसपी अंकुर अग्रवाल ने सघन चेकिंग के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सीओ सिटी विनय कुमार यादव के पर्यवेक्षण में एएनटीएफ थाना सहारनपुर और खैराबाद पुलिस की संयुक्त टीम मंगलवार सुबह करीब चार बजे जमीयतपुर मोड़ के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कोयले से लदे संदिग्ध टाटा ट्रक को रोककर तलाशी ली गई।

ट्रक के केबिन में बनाई गई गुप्त जगह से सफेद प्लास्टिक के कट्टे में रखे चार पारदर्शी पैकेट बरामद हुए। इनमें अफीम भरी हुई थी। गिरफ्तार तस्कर की पहचान गुरदीप सिंह (46) पुत्र जीत सिंह निवासी मोटे माजरा, एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि बिहार के गया जिले के बाराचट्टी से एक व्यक्ति के जरिए अफीम लेकर पंजाब के बनूड़ पहुंचाने जा रहा था। इसके बदले उसे रकम मिलनी थी। पुलिस ने ट्रक, दो स्मार्टफोन, आधार कार्ड, 2300 रुपये नकद और दस्तावेज जब्त किए हैं। खैराबाद थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

बादल सिटी में स्पोर्ट्स एरिना अकादमी का शुभारंभ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। बादल सिटी में स्पोर्ट्स एरिना अकादमी का शुभारंभ किया गया। अकादमी का संचालन रोट्रेक्ट क्लब गोला यूथ के पूर्व सदस्य ऋषिकेश पांडेय के संयोजन में शुरू हुआ है। यहां क्रिकेट और फुटबॉल के लिए आधुनिक टर्फ के साथ खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी की गई है।

शुभारंभ समारोह में रोट्रेक्ट क्लब गोला यूथ के अध्यक्ष गौरीश सिंह ने पहुंचकर ऋषिकेश पांडेय को नई शुरूआत की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स एरिना क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा। यह पहल युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने में भी सहायक होगी। इस अवसर पर जेडआरआर सर्वेंद्र अनुराग वर्मा, क्लब सचिव अभिषेक वर्मा, पूर्व अध्यक्ष पटेल सुशील वर्मा, आनंद प्रताप सिंह, आदेश वर्मा और सदस्य आनंद अर्कवंशी मौजूद रहे। क्लब परिवार ने ऋषिकेश पांडेय को बधाई देते हुए अकादमी के सफल संचालन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हाईवे किनारे मिला अधेड़ का शव, शनाख्त नहीं

सीतापुर। महोली कस्बे में हाईवे किनारे एन बाजार के निकट मंगलवार देर शाम एक अधेड़ का शव पड़ा मिलने से इलाके में हलचल मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। उसने लोअर और टी-शर्ट पहन रखी थी। शुरूआती जांच में शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। रेलवे चौकी प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि एन बाजार के निकट शव मिला है। शिनाख्त नहीं होने पर शव को जिला मुख्यालय भेजा गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी

संक्षेप

86.5 किलो आतिशबाजी के साथ 3 गिरफ्तार

रायबरेली।दीपावली के त्योहार से पहले अवैध रूप से पटाखों की बिक्री पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।शहर कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बस्ती के बीचों-बीच पटाखों का भंडारण कर रखा था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 86.5 किलोग्राम आतिशबाजी सामग्री बरामद की है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नौसाद, मो0 जर्रार और अमन के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि त्योहार के दौरान अवैध पटाखा बिक्री और भंडारण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

तेज रफ्तार डंपर का कहर, सड़क किनारे की दुकाने हुई बर्बाद

रायबरेली।मिलएरिया थाना क्षेत्र के तकिया चौराहे पर तेज रफ्तार डंपर का कहर देखने को मिला। अनियंत्रित डंपर सड़क के किनारे दुकानों में घुस गया। डंपर के कहर से लगभग 9 दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं।दुकानों में रखा लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।लोगों का कहना है कि अगर यह हादसा दिन में होता तो कई लोगों की जान जा सकती थी।

मैगी से लदी डीसीएम,पलटी बाल-बाल बचा चालक

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। चांदा कोतवाली क्षेत्र के बैतीकला टोल प्लाजा के पास ब्रेक फेल होने से मैगी से लदी एक भारी डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया।

हालांकि वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसमें लदे माल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। डीसीएम उत्तराखंड के उत्तर पुर से मैगी लादकर मुगलसराय जा रही थी। डाईवर अवनीश सिंह ने बताया कि बैतीकला टोल प्लाजा के पास अचानक वाहन का ब्रेक फेल हो गया। वही चालक अवनीश सिंह के मुताबिक, सड़क पर मौजूद लोगों को बचाने के लिए उसने वाहन को गलत दिशा में मोड़ दिया। जिसके बाद डीसीएम पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और कोई जनहानि भी नहीं हुई।दुर्घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

सात दिन तक जिंदगी के लिए जूझता रहा प्रशांत, नहीं बची जान

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल कर्मदासपुर गांव निवासी 31 वर्षीय प्रशांत पांडेय की सोमवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। सात दिनों तक लखनऊ के अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। मंगलवार सुबह शव गांव पहुंचा तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। जवान बेटे की मौत से पिता बेसुध हैं, जबकि मां का रो-रोकर बुरा हाल है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के कर्मदासपुर गांव निवासी अशोक कुमार पांडेय के पुत्र प्रशांत 27 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 101.6 माइल स्टोन के पास सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें लखनऊ के आइकॉन हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। यहां उनका उपचार चल रहा था।

अदिति सिंह ने किया जनसंपर्क

सदर विधायक ने राही ब्लॉक के 6 गांवों में सुनीं समस्याएं



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कई ग्राम सभाओं का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सदर क्षेत्र का हर एक नागरिक व उसका परिवार मेरा परिवार है और उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें संबल प्रदान करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विकास खण्ड राही के ग्राम राजापुर, कुसिया, जलालपुर, जफरापुर, रैकवारन एवं पूरे रती में आयोजित 'जनसंपर्क एवं जनसुनवाई' कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय परिवारजनों से भेंट कर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने उसके निराकरण के लिए अधिकारियों से बात की तथा शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए। सदर विधायक ने कहा कि अपनों के बीच मिला यह स्नेह और अपार जनसमर्थन मुझे सदैव जनसेवा के पथ पर समर्पित रहने की नई ऊर्जा प्रदान करता है।

रामायण थीम पर सज रही प्रभु श्रीराम की नगरी



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में दसवें दीपोत्सव को अद्वितीय बनाने के लिए रामनगरी को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से सजाया जा रहा है, जिसमें 3डी थीमेटिक एंट्री गेट और सेल्फी प्वाइंट प्रमुख आकर्षण बनकर उभर रहे हैं। इन व्यवस्थाओं से न केवल श्रद्धालु रामायण के पावन प्रसंगों से जुड़ेंगे, बल्कि दीपोत्सव की यादों को सदा के लिए संजोकर भी रखेंगे। योगी सरकार के दूरदर्शी प्रयासों से अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मोक्ष एडवर्टाइजिंग एंड इवेंट्स मैनेजमेंट कंपनी के प्रतिनिधि के अनुसार, दीपोत्सव पर 13 थीमेटिक एंट्री गेट बनाए जा रहे हैं। इनमें तीन हाईवे से प्रवेश द्वारों पर तथा दस राम की पैड़ी पर स्थापित किए जा रहे हैं। इन गेटों पर रामायण की चैपाइयां अंकित की गई हैं, जो श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम की लीलाओं का स्मरण कराएंगी। वहीं, 20 सेल्फी प्वाइंट तैयार किए जा रहे हैं। इनमें दस रामकथा मार्ग पर तथा शेष दस लता चैक से राम की पैड़ी तक लगाए जा रहे हैं। इन सेल्फी प्वाइंटों की थीम रामायण के विशिष्ट प्रसंगों पर आधारित है। इनमें महर्षि वाल्मीकि आश्रम, श्रीराम द्वारा धनुष भंग, श्रीराम-सीता विवाह, शबरी की भक्ति और श्रीराम की कृपा, श्रीराम-भरत मिलाप, जटायु को प्रभु का अंतिम स्नेह तथा श्रीराम-निषादराज मिलन जैसे प्रसंग शामिल हैं। लता चैक से राम की पैड़ी तक के प्वाइंट रामायण के सातों कांड-बालकांड, सुंदरकांड, लंकाकांड आदि पर केंद्रित होंगे। विशेष रूप से इन संरचनाओं को धनुष के आकार में उकेरा जा रहा है, जो अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान और प्रभु श्रीराम के प्रतीक को जीवंत करता है। सेल्फी प्वाइंटों पर सुमेरु पर्वत लेकर उड़ते हनुमान, वर्षा से श्रीराम की रक्षा करते केले के पत्ते के नीचे खड़े हनुमान, श्रीराम-लक्ष्मण को कंधे पर लेकर उड़ते हनुमान, जटायु से वार्तालाप, अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट, रावण वध, केवट मिलन, रावण पर बाण चलाते श्रीराम, लंका दहन और माता सीता की अग्नि परीक्षा जैसे भावपूर्ण दृश्य दर्शाए गए हैं।

गोवंश तस्करी में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

मिल्कीपुर-अयोध्या। गोवंश तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इनायतनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान रविकान्त पाठक उर्फ विशाल पाठक (24) पुत्र लक्ष्मीकान्त पाठक निवासी उछाहपाली, पूरे पाठक का पुरवा, थाना इनायतनगर, जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बीते 9 अक्टूबर 2026 को ग्राम उछाहपाली निवासी एक व्यक्ति ने अपने सहयोगियों के साथ थाने में सूचना दी थी कि एक छोटे पिकअप वाहन संख्या यूपी42 बीटी 9349 में दो गोवंश लदे हुए हैं, जिन्हें गोतस्करी के उद्देश्य से बिहार राज्य ले जाया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने मु0अ0सं0 447/2026 के तहत गोवध निवारण अधिनियम की धारा 3/5ए/8 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 में मुकदमा दर्ज किया था।

नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायतनगर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रूस्तम अली (22) पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम उछाहपाली, थाना इनायतनगर, जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पूरे झाऊ पाण्डेय, उछाहपाली निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। पीड़ित पिता की शिकायत पर 2 नवंबर 2026 को थाना इनायतनगर में आरोपी रूस्तम अली के खिलाफ मु0अ0सं0 465/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 एवं 137(2) में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

रोशनी में सरकारी वादे मजदूरों की दिवाली अंधेरे में

- ब्लॉक के 1100 श्रमिकों की 52 लाख मजदूरी और कर्मचारियों का 18 लाख मानदेय बकाया

महराजगंज, रायबरेली। शासन द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम कर दिया, लेकिन गांवों में मेहनत-मजदूरी कर परिवार पालने वाले श्रमिकों की बदहाली नहीं बदल सकी। 1 जुलाई 2926 को योजना का नाम बदलकर विकसित भारत का सपना दिखाया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि नया अधिनियम बनने के बाद से श्रमिकों व कर्मियों का चार माह बीतने के बावजूद एक रुपए का भुगतान नहीं हुआ है। विकासखंड महराजगंज में करीब 1100 श्रमिकों की 52 लाख रुपये मजदूरी भुगतान के इंतजार में अटकी है। इतना ही नहीं, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर और एपीओ सहित योजना से जुड़े कर्मचारियों का करीब 18 लाख रुपये मानदेय भी बकाया बताया जा रहा है। बीते चार माह से भुगतान न होने के कारण श्रमिकों और कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। विडंबना देखिए कि धनतेरस, दीपावली और भैया दूज जैसे त्योहारों में महज पांच दिन शेष हैं। बाजारों में रौनक है, घरों में त्योहार की तैयारियां चल रही हैं, लेकिन जिन गरीब परिवारों ने मेहनत करके अपनी रोजी-रोटी कमाई, उनके घरों में त्योहार की खुशियों पर भुगतान की बेरुखी भारी पड़ रही है। मजदूरों के लिए सवाल अब यह नहीं कि दीपावली पर क्या खरीदें, बल्कि यह है कि घर का जरूरी खर्च कैसे चलाएं। आखिर चार महीने से भुगतान किसकी लापरवाही के चलते अटका है। शासन से धनराशि नहीं आई या फिर प्रशासनिक स्तर पर भुगतान की प्रक्रिया ठप है? इसका जवाब जिम्मेदार अधिकारियों को देना होगा।

तीन दुकानों के ताले टूटे, सोना-चांदी और नकदी गायब

किराना और जूते-चप्पल की दुकान में भी चोरी

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के पालनगर (भभोट) चैराहे पर एक ही रात में तीन दुकानों के ताले टूटने से व्यापारियों में चिंता बढ़ गई है। चोरों ने सराफा, किराना और जूते-चप्पल की दुकानों को निशाना बनाया। सुबह दुकानों के ताले टूटे और सामान बिखरा मिलने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित दुकानदारों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। विरसिंहपुर निवासी गजेंद्र सोनी पुत्र फूलचंद्र सोनी की सराफा दुकान का ताला तोड़कर चोर गल्ले में रखे करीब तीन हजार रुपये नकद, 300 ग्राम चांदी और 10 से 12 ग्राम सोने के आभूषण ले गए। इसके बाद चोरों ने चैराहे पर स्थित डीह भिखारी निवासी संजय कुमार पुत्र राम सुमेर की किराना दुकान को निशाना बनाया। यहां से करीब 10 हजार रुपये का सामान और गल्ले में रखे दो हजार रुपये नकद चोरी होने की बात कही गई है। चोरों ने पास में स्थित डीह भिखारी निवासी बबलू कुमार पुत्र राम चलित की जूते-चप्पल की दुकान का ताला भी तोड़ दिया। दुकानदार के मुताबिक, यहां से करीब सात हजार रुपये का सामान चोरी हुआ है। एक ही रात में तीन दुकानों को निशाना बनाए जाने से स्थानीय व्यापारियों में चिंता का माहौल है। उन्होंने पुलिस से घटना की जांच कर चोरी का पदार्फाश करने की मांग की है। जयसिंहपुर कोतवाल विवेक कुमार राय ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की है। दुकानों के ताले टूटे मिले हैं। हालांकि, कोतवाल के अनुसार चोरी का प्रयास सफल नहीं हुआ। पुलिस सराफा कारोबारी की भूमिका समेत घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। वहीं, दुकानदारों की ओर से चोरी में सामान और नकदी जाने की बात कही गई है। पुलिस जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

किशोरी की तलाश में जुटी पुलिस

ज्यजयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जादीपुर निवासी दीपक कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। किशोरी की सुरक्षित बरामदगी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। परिजनों के मुताबिक, किशोरी 30 अक्टूबर की सुबह करीब नौ बजे घर से निकली थी, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर परिवार ने अपने स्तर से संभावित स्थानों पर तलाश की। कोई जानकारी नहीं मिलने पर किशोरी के चाचा ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। चाचा ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि जादीपुर निवासी दीपक कुमार पुत्र रामअजोर किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना पीढ़ी चैकी के उपनिरीक्षक परमानंद पांडेय को सौंपी गई है। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

गुमशुदा लड़की बरामद

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ढाखापुर बाईपास के पास स्थानीय पुलिस ने गुमशुदा युवती को बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, युवती 20 अक्टूबर को बिना बताए घर से चली गई थी। इस संबंध में उसी दिन परिजन ने चांदा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस इस मामले में मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए युवती को अकेले बरामद किया। उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति नहीं मिला। पुलिस नाबालिक लड़की की मेडिकल परीक्षण करा कर आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी है।

कठिन समय में भगवान के प्रति विश्वास बनाये रखना सच्ची भक्ति

भागवत कथा में नारी शक्ति की महिमा का वर्णन सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

प्रतापगढ़।सिलौधी के बादशाहपुर गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में मंगलवार को कथावाचिका ने सनातन धर्म में नारी शक्ति की महिमा का अनुपम बखान किया। नैमिषारण्य से पधारीं साध्वी कनक पाण्डेय ने कहा कि अहिल्या तथा द्रोपदी, कुन्ती, तारा का चरित्र धर्म की रक्षा के लिए त्याग और धैर्य व अन्याय से संघर्ष का असाधारण प्रेरणा है। उन्होने कहा कि द्रोपदी ने अनेक कष्ट उठाने के बावजूद अपमान के सामने न झुकने की नारी जगत को प्रेरणा दी है। वहीं तारा बुद्धिमत्ता व दूरदर्शिता की मिसाल हैं।साध्वी कनक पाण्डेय ने कहा कि भगवान की भक्ति की पूर्णता में कभी भी जीवन में अहंकार, भय, आशक्ति, अधैर्य व फल



की लालसा को जगह नहीं मिला करती है। उन्होने कहा कि मनुष्य को कठिन समय में भगवान की ओर से आत्मशुद्धि का अवसर मिला करता है। उन्होनें कहा कि सुख में श्रद्धा आसान है। वहीं संकट के समय श्रद्धा की गहराई का पता चला करता है। उन्होने कहा कि हर परिस्थिति में भगवान के प्रति विश्वास बनाये रखना ही सच्ची आराधना है। कथा के दौरान सुमधुर भक्ति संगीत के भजनों पर भी श्रद्धालु मगन दिखे। संयोजक समाजसेवी जगदीश नारायण मिश्र तथा सुशीला मिश्रा ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। कथा में अवधेश प्रपन्नाचार्य जी एवं योगेश्वराचार्य जी को भी आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल महेश, धर्मेन्द्र तिवारी, अंजनी अमोघ, प्रवीण तिवारी, रमाशंकर शुक्ल, श्रीकांत मिश्र, राधेश्याम मिश्र, संजीव मिश्र, सुधीर तिवारी, सुरेश पाण्डेय, शेर बहादुर सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह, मौजूद रहे।

समस्याओं की अनदेखी पर बिफरे वकील

संघर्ष का ऐलान

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ की मंगलवार को हुई आमसभा में साथी अधिवक्ताओं के उत्पीड़न तथा तहसील



में व्याप्त समस्याओं को लेकर रणनीतिक चर्चा को लेकर आम सभा हुई।इसमें अधिवक्ताओं के प्रशासनिक उत्पीड़न तथा परिसर में जलभराव की समस्या, शेडों में साफ सफाई एवं पत्रावलियों के निस्तारण आदि को लेकर मंथन हुआ। संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी की अध्यक्षता में आमसभा द्वारा समस्याओं के निस्तारण न होने तथा उत्पीड़क घटनाओं पर कार्रवाई न होने की स्थिति में अगले सप्ताह से संघर्ष छेड़े जाने पर भी सहमति बनीं।

महामंत्री शिवरंजन यादव ने आमसभा में एजेण्डा रखते हुए बारिश की स्थिति में आवागमन के लिए समुचित मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव रखा।इस पर डीएम से समुचित कार्रवाई की मांग रखे जाने का निर्णय हुआ। वहीं आमसभा में उपाध्यक्ष नामवर सिंह ने अधिवक्ता शेड़ों की नियमित साफ सफाई व सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी को लेकर निस्तारण की मांग उठायी।बैठक का संचालन पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू ने किया। आम सभा में राममोहन सिंह, टीपी यादव, अनिल महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संदीप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विपिन शुक्ल, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, शैलेन्द्र तिवारी, रामलखन शर्मा, दीपेन्द्र तिवारी, सिंटू मिश्र, नीरज सिंह ने अधिवक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण में प्रशासनिक उपेक्षा को लेकर आक्रोश जताया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने भी विभिन्न मुददों पर सुझाव रखे। संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी ने साथियों को समस्याओं के निस्तारण में मजबूत संघर्ष का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जितेन्द्र कनौजिया, गीता सिंह, संतोष पाण्डेय, श्रीश पाण्डेय, मोहित जायसवाल, केके शुक्ला, कुलदीप तिवारी, रोशन सरोज, गया प्रसाद मिश्र, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

जनपद में पहली बार हुआ पैरोटिड ग्रंथि के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

दो साल से परेशान महिला को मिली राहत

ललितपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी), ललितपुर के ईएनटी विभाग ने एक महत्वपूर्ण चिकित्सकीय उपलब्धि हासिल करते हुए जनपद में पहली बार पैरोटिड (लार ग्रंथि) के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया है। इस जटिल सर्जरी के माध्यम से दो वर्षों से चेहरे की सूजन से परेशान 50 वर्षीय महिला को राहत मिली है। जनपद के ग्राम बानपुर निवासी 50 वर्षीय महिला पिछले लगभग दो वर्षों से चेहरे के दाहिने हिस्से में सूजन की समस्या से परेशान थीं। उपचार के लिए उन्होंने एएसएमसी ललितपुर के ईएनटी विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. नम्रता द्विवेदी से परामर्श लिया। इसके बाद महाविद्यालय में ही मरीज की आवश्यक जांचें, जिनमें अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन एवं एफएनएसी शामिल थीं, कराई गईं। जांचों में पैरोटिड लार ग्रंथि का ट्यूमर, जिसे चिकित्सकीय भाषा में प्लियोमॉर्फिक एडेनोमा कहा जाता है, होने की पुष्टि हुई। चिकित्सकों द्वारा मरीज एवं परिजनों को बीमारी की प्रकृति, उपचार तथा ऑपरेशन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से समझाया गया। इसके बाद मंगलवार, 27 अक्टूबर को सफलतापूर्वक सर्जरी की गई। ऑपरेशन के दौरान किसी प्रकार की जटिलता या प्रतिकूल स्थिति सामने नहीं आई। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संतोषजनक है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही हैं। यह सर्जरी ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. नम्रता द्विवेदी के नेतृत्व में की गई। ऑपरेशन में सहायक आचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता एवं सीनियर रेजिडेंट डॉ. अरविंद ने सहयोग किया। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. महेंद्र तथा नर्सिंग स्टाफ से सिस्टर शाहाना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जनपद में पहली बार इस प्रकार की सर्जरी का सफलतापूर्वक किया जाना एएसएमसी ललितपुर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

न्यायालय सूचना

अतिरिक्त न्यायालय संख्या 01, आगरा
केस न. 30191/2024
मैसर्स गुरू पब्लिक गुरू पब्लिकेशन्स बनाम सचिन कुमार
अन्तर्गत धारा 138 एन.आई. एक्ट
थाना हरीपर्वत, आगरा
प्रारूप सं.4
अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82 सी.आर.पी.सी.)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सचिन कुमार (प्रो.) ग्लोबल बुक शॉप G9RP, गोयल कॉलोनी, सालारपुर खडसर सैक्टर-102, नोएडा-201304 (उ.प्र.) मो. 9457724230/ 9582479170, जनपद आगरा** ने पराक्रम्य लिखत अधिनियम के अधीन दण्डनीय 138 एन.आई. एक्ट का अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त सचिन कुमार मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सचिन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)य

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सचिन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समाधान गर परिवाद का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में तारीख **30-11-2026** को हाजिर हो। (ता. 2810/2028)

पीठासीन अधिकारी
अतिरिक्त न्यायालय सं. 1, आगर

हजारों भाजपा कार्यकर्ता पदयात्रा कर देंगे इंडी गठबंधन की अराजकता का जवाबः जिलाध्यक्ष



इटावा।कानपुर में बृजेन्द्र स्वरूप पार्क मे दोपहर 11.30 बजे होगा एकत्रीकरण, मोती झील मैदान में पहुंचकर होगा जनसभा संबोधन कार्यक्रम, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र अंतर्गत जनपद इटावा समेत समस्त 17 संगठनात्मक जिलों के कार्यकताओं को दी गई जिम्मेदारी। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के जंतर-मंतर से देश का माहौल बिगाड़ने की साजिश के खिलाफ अब भाजपा द्वारा कड़ा जवाब दिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की अगुवाई में 4 नवंबर को कानपुर की धरती पर ऐतिहासिक पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है। हजारों भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर पदयात्रा करेंगे और इंडी गठबंधन की अराजक राजनीति को करारा जवाब देंगे। अभियान जिला संयोजक व जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि विपक्ष द्वारा देश भर में फैलाई जा रही अराजकता का जवाब देने के लिए भारतीय जनता पार्टी देश मे कई स्थानों के साथ में उत्तर प्रदेश के सभी संगठनात्मक 6 क्षेत्रों मे पदयात्रा के माध्यम से विरोध दर्ज करने जा रही है। स इसी क्रम मे 4 नवंबर को दोपहर 11.30 बजे कानपुर के ऐतिहासिक बृजेन्द्र स्वरूप पार्क से यह महा-पदयात्रा शुरू होगी जिसका समापन मोतिझील पर जाकर जनसभा के साथ होगा। जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, हरनाथ कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष संजीव भदौरिया, अमित तिवारी, मुकेश यादव, सह-मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, कार्यालय प्रभारी रवि धनगर, शिवांग त्रिपाठी, प्रभात चैधरी, दानिश अंसारी उपस्थित रहें।

एआईएमआईएम ने समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



इटावा। धनतेरस एवं दीपावली के पावन पर्व को देखते हुए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी के नेतृत्व में जिलाधिकारी महोदय को व्यापारियों की सुरक्षा एवं बाजारों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने मांग की कि त्योहारों के दौरान इटावा के प्रमुख बाजारों एवं व्यापारिक क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, चोरी, लूट एवं छिनैती जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष पुलिस गश्त कराई जाए तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा बाजारों में साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, नालियों की सफाई, खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बेहतर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की मांग की गई। इस मौके पर अजय प्रताप सिंह कुशवाहा जिला महासचिव, मोहम्मद सलमान सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद एहसान खान जिला महासचिव, नईम अली जिला महासचिव, मोहम्मद शादान, शावेज राईन जिला मीडिया प्रभारी, मोहम्मद ऐजाज खान जिला सचिव, राजा कुरैशी, मोहम्मद असलम वरिष्ठ नेता, शरीफ खान वरिष्ठ नेता, इमरान मोहम्मद, मोहम्मद शमन, जाविद अली, अरमान, आमिर खान, युवा नेता रियाज उर्फ भोला, समीर, अयान रजा कुरैशी, विशाल जाटव, सलीम, अदनान खान सेक्टर अध्यक्ष, दानिश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इंजेक्शन लगने के बाद बिगड़ी बच्ची की हालत झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

इटावा।इकदिल थाना क्षेत्र में कथित झोलाछाप डॉक्टर के यहां इलाज कराने के बाद सोमवार शाम सात साल की छात्रा की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने बच्ची को गलत इंजेक्शन लगाया, जिसके कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान रामनगर, थाना इकदिल के रहने वाले अखिलेश की बेटी तन्नू 7 के रूप में हुई है। वह कक्षा चार की छात्रा थी। परिजनों के मुताबिक तबियत खराब होने पर वे बच्ची को रीतौर के डाक्टर रिशु दुबे के पास इलाज के लिए ले गए थे। आरोप है कि इलाज के दौरान इंजेक्शन लगाने के बाद बच्ची की हालत बिगड़ने लगी। घटना से नाराज परिजन बच्ची का शव लेकर इकदिल थाने पहुंचे। मृतका के ताऊ कमलेश ने डाक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने व लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने व जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

एसडीएम ने जनगणना अभियान को लेकर दी जानकारियां



प्रतापगढ़। नगर के सरस्वती पालीटेक्निक एवं लॉ कालेज में मंगलवार को जनगणना को लेकर प्रगणकों का प्रशिक्षण शिविर हुआ। एसडीएम वाचस्पति सिंह ने प्रगणकों को जनगणना को लेकर बिंदुवार जानकारियां प्रदान की। उन्होने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार धनंजय कुमार ने बताया कि आगामी पन्द्रह नवंबर से पोर्टल पर स्वगणना का शुभारंभ होगा। वहीं आगामी पहली दिसंबर से प्रगणक घर घर जनगणना का कार्य गंभीरता से शुरू करेंगे। निर्वाचन पटल प्रभारी सुरेश यादव ने प्रगणकों को जनगणना से जुड़े प्रोफार्मा की जानकारी दी। संयोजन नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने किया।

आबकारी अधिकारी पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम प्यासा के ग्रामीणों ने आबकारी विभाग के एक अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारी पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को वापस लेने के लिए दबाव बनाने, ओटीपी मांगने और कार्रवाई की धमकी देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित अधिकारी का अन्य जिले में स्थानांतरण किए जाने तथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में ग्राम प्यासा निवासी पुष्पेंद्र यादव एवं समस्त ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि जब भी ग्रामीण आबकारी विभाग से संबंधित किसी समस्या को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हैं, तो संबंधित आबकारी अधिकारी गांव पहुंच जाते हैं। आरोप है कि अधिकारी ग्रामीणों पर शिकायत वापस लेने के लिए ओटीपी देने का दबाव बनाते हैं। साथ ही शिकायत वापस नहीं ले

संक्षेप

डुमरिया मठ के कर्ताधर्ता (महंथ) पर मुकदमा

कुशीनगर। बीते कुछ दिनों से जिले के तमकुहीराज तहसील अंतर्गत ग्राम डुमरिया में प्राचीन मठ विवाद में एक नया मोड़ आया। मठ के महंथ पर ही विपक्षी द्वारा दिए गए आवेदन के हिसाब से सेवरही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया जिससे मठ और उसके आस्था के जुड़े लोगों में रोष ब्याप्त है। उक्त प्रकरण की जानकारी देते हुए मठ के देख रेख करने वाले महंथ रूद्रानंद गिरी ने कहा कि विपक्षी द्वारा बीते डेढ माह में मठ की भूमि पर दो बार कब्जा करने की नीयत से एक बार अपने ड्राइवर द्वारा रात में जेसीबी से आस्था का प्रतीक बरगद के पेड को समाधि स्थल के पास से उखाड़ दिया गया। दूसरी बार ट्रैक्टर से हाइकोर्ट से स्टे वाली भूमि पर जबरदस्ती कब्जा करने के नीयत से जोतने का प्रयास किया गया लेकिन ईश्वर की कृपा से दोनों बार विपक्षी असफल रहा। हालांकि इस संबंध में मैंने थाना तरयासुजान को प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं पता चला। दूसरी ओर सेवरही पुलिस द्वारा मेरे उपर मुकदमा दर्ज करने की जानकारी हुई है।देखा जाए क्या होता है। मेरा कर्तव्य है सनातन धर्म के प्रतीक इस मठ की रक्षा करना और वो मैं करता रहूंगा।हालांकि इस मामले में तहसील प्रशासन ने पूरा तत्व विभाग से जांच हेतु भी लिख कर दिया है जो सच बाहर लाने का काम करेगा।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

सहसपुर, बिजनौर। नगर पंचायत सहसपुर में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनगणना प्रभारी जे0पी0 यादव द्वारा प्रशिक्षण में भाग ले रहे प्रगणक व पर्यवेक्षकों को विस्तारपूर्वक जनगणना का कार्य करने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। जिला जनगणना प्रभारी जे0पी0 यादव ने जनगणना के सफल क्रियान्वयन के लिये 16 नवम्बर 2026 से स्व जनगणना का कार्य किये जाने तथा 01 दिसम्बर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक जनगणना का कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए निर्धारित समय के भीतर कार्य पूर्ण करने की अपील की। इस मौके पर नगर पंचायत सहसपुर के प्रधान लिपिक मौ0 सलमान अली सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

जिले में 14,439 अपात्र राशन कार्ड चिन्हित, पात्रता की जांच शुरू

बांदा। जिले में मुफ्त राशन ले रहे अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त करने से पहले पेलेंजिंग का काम चल रहा है। शासन के निर्देश पर खाद्य एवं रसद विभाग ने अपात्रों को चिन्हित कर उनके कार्डों को पेलेंज करना शुरू कर दिया है। अंतिम रूप से निरस्तीकरण सत्यापन के बाद ही होगा। जिले में अंत्योदय व गृहस्थी, पात्र गृहस्थी के कुल 3,60,283 राशन कार्ड हैं, जिन पर 13,20,713 लाभार्थी दर्ज हैं। इनमें पात्र गृहस्थी के 3,11,992 कार्डों पर 12,04,473 लाभार्थी और अंत्योदय के 48,291 कार्डों पर 1,16,240 लाभार्थी हैं। इन्हीं में से अपात्रों की छंटनी की जा रही है। इसमें जिले में 14,439 कार्ड पेलेंज किए गए हैं। विभाग ने पेलेंजिंग के लिए तीन श्रेणी बनाई है। पहली श्रेणी में करीब 5,200 कार्ड पेलेंज किए गए हैं। दूसरी श्रेणी उन धारकों की है जिन्होंने छह माह से अधिक समय तक राशन नहीं लिया। ऐसे 5,100 कार्ड चिन्हित हुए हैं। तीसरी श्रेणी आधार वेरीफिकेशन न होने वालों की है, जिसमें 4,139 कार्ड पेलेंज किए गए हैं। पेलेंज किए गए कार्डधारकों को नोटिस देकर उन्हें अपना पक्ष रखने और साक्ष्य प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश का कहना है कि जिले में पेलेंजिंग का कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही सत्यापन पूरा कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

जनपद का आईजीआरएस में चौथा स्थान

बांदा। जनपद ने जनसुनवाई एवं शिकायत निस्तारण प्रणाली आईजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में चैथा स्थान पाया है। यह जिलाधिकारी अमित आसेरी के कुशल नेतृत्व, सतत निगरानी, नियमित समीक्षा बैठकों का परिणाम है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक मायाशंकर यादव ने कहा कि जिलाधिकारी ने नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर मुकाम हासिल किया है।

दो शातिर ठग नकदी सहित गिरफ्तार



जिला संवाददाता (वीओएल)

बिजनौर। साधुओं के भेष में भीख मांगने के बहाने दुकान में घुसकर कपड़ा व्यापारी से टप्पेबाजी के मांमले में पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दोनो शातिरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि नगीना थाना क्षेत्र के मीना बाजार स्थित लिबास सूट कॉर्नर के स्वामी राजेश टंडन पुत्र स्व. ओमप्रकाश टंडन 02 नवम्बर 2026 सोमवार को वह अपनी दुकान पर मौजूद थे। सोमवार की सुबह भगवा रंग के कपड़े पहने दो व्यक्ति भीख मांगने के बहाने दुकान में घुस आए। दुकान स्वामी राजेश टंडन ने उन्हें 10 रुपये दे दिए। उनमें से एक साधु ने हाथ की हथेली पर 10 रुपये रखने की मांग की। बातचीत के दौरान दोनो टप्पेबाजों ने दुकानदार राजेश टंडन को अपने जाल में फांस लिया और शातिर ठगों ने दुकानदार की जेब सें 11 हजार 500 रुपये निकलवा लिए। घटना को अंजाम देकर दोनो ठग बहाना बनाकर तेजी से फरार हो गए। दुकानदार राजेश टंडन को कुछ देर बाद जब होश आया तो देखा उनकी जेब से रुपए गायब थे। पीडित दुकानदार राजेश टंडन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शरु की। नगीना पुलिस ने मजबूत सूचना तंत्र के माध्यम से सोमवार की शाम दोनो आरोपी जशन नाथ पुत्र कुलदीप नाथ, निवासी मौहल्ला जोगिमान्दा कस्बा व थाना धर्मकोट जनपद मोगा, (पंजाब) एवं सेवानाथ पुत्र सुरेशनाथ निवासी ग्राम लोहागढ़ बस्ती थाना धर्मकोट, जनपद मोगा (पंजाब) को टप्पेबाजी कर 11500 की धनराशि सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जोगेन्द्र बैसला, हे0का0 सन्नीराज तोमर, कां0 विजय, लोकेश, अमित शामिल रहे।

प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश



महोबा। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) की अध्यक्षता में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक से पहले उन्होंने कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैकाना, कान्हा गौशाला, लाइब्रेरी और गोरखगिरि में बन रहे म्यूजिकल रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने न किसानों को पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने खराब बिजली ट्रांसफार्मरों को शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे के भीतर बदलने तथा जर्जर तारों को ठीक करने के निर्देश दिए। सड़कों को गड्ढामुक्त करने के अभियान में तेजी लाने के साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सरकारी अस्पतालों में बाहर की दवाएं न लिखी जाएं और महिला मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने और गौशालाओं में चारे-पानी की बेहतर व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने महिला अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, गुंडा एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई और डग्गामार व ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए।

सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन, संगठन की मजबूती पर जोर



बांदा। नरैनी कस्बा के राजकुमार इंटर कालेज में समाजवादी पार्टी का पंचायत एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का संदेश सुनने को वरिष्ठ पदाधिकारीं, जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधियों, नौजवानों, महिलाओं एवं बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने सहभागिता की। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि पीडीए केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि पीड़ित, दुःखी और अपमानित वर्गों के सम्मान, अधिकार और सामाजिक भागीदारी की लड़ाई है। सपा की आवाज को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यकताओं से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझकर हल कराने के निर्देश दिए। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बात कही। जिलाध्यक्ष एड. उमेश यादव ने कहा कि जनपद में समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पीडीए की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचा रहा है। संचालन वरिष्ठ सपा नेता कुदरत उल्ला खान ने किया। सम्मेलन में पदाधिकारियों ने बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर भी विचार रखे। इस दौरान कर्वी जिलाध्यक्ष भईयालाल यादव, सांसद कृष्णादेवी, विशंभर निषाद, ओमनारायण त्रिपाठी विदित, सुमन दिवाकर, भरत दिवाकर, महेंद्र वर्मा, किरण यादव, पूजा प्रजापति, नीलम यादव, सत्यनारायण सोनकर, सुंदर अनुरागी, अशोक गौर, प्रमोद गुप्ता राजा, इमरान अली राजू, वीरेंद्र गुप्ता बाबू, आदि मौजूद रहे।

राज्यमंत्री ने खादी प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



बांदा। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने दस दिवसीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी एवं माटी कला महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्य विकास अधिकारी अजय पांडेय,एडीएम नमामि गंगे, डीसी एनआरएलएम सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शुभारंभ के बाद मंत्री निषाद व अधिकारियों ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया। खादी, ग्रामोद्योग एवं माटी कला से जुड़े कारीगरों एवं उद्यमियों के निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में खादी एवं ग्रामोद्योग से संबंधित लगभग 100 स्टॉल, माटी कला से जुड़े लगभग 100 स्टॉल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों एवं ग्रामीण उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्रतिभा सोनी, मयंक कुमार ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अटल आवासीय विद्यालय की छात्रा, तृतीय स्थान शशी, सीमा ने प्राप्त किया। जल शक्ति राज्य मंत्री श्री निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि खादी एवं माटी कला के उत्पाद हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव हैं।

भाजपा की पद यात्रा में शामिल होंगें हजारों कार्यकर्ता

बांदा। दिल्ली के जंतर-मंतर से देश का माहौल बिगाड़ने की साजिश के खिलाफ भाजपा पद यात्रा के माध्यम से जवाब दे रही है। पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की उपस्थिति में जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना ने बताया कि भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की अगुवाई में 4 नवंबर को कानपुर में पदयात्रा का आयोजन कर रही है जिसमें बांदा से हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। कहा कि दिल्ली में इंडी गठबंधन के लोग इकट्ठा होकर बांग्लादेश और नेपाल की तर्ज पर विदेशी फंडिंग के माध्यम से सरकार को गिराने का कुचक्र रचा। इसी पाखंड का जवाब देने के लिए भाजपा प्रदेश के सभी छह क्षेत्रों में पदयात्रा के माध्यम से इन देश विरोधी ताकतों का जवाब दे रही है। यह पदयात्रा सिर्फ एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि अराजकता के खिलाफ राष्ट्रवाद की एक बड़ी गर्जना साबित होगी। भाजपा शीर्ष नेतृत्व 4 नवंबर को कानपुर में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत आयोजित पदयात्रा का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों, जनहित और सुशासन के संदेश को जनता तक पहुंचाना है।यह पदयात्रा दोपहर 12 बजे ब्रजेंद्रस्वरुप पार्क से मोतीझील स्थित डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा तक जायेगी।

अवैध पटाखो की बरामदगी के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, दुकानदार फरार

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौली दीक्षित गाँव में सोमवार को अबैध पटाखा पुलिस ने भारी मात्रा में बरामद किया था ।आरोपी भागने में सफल रहा ।पुलिस ने थाने में तैनात उपनिरीक्षक अजीत कुमार यादव के तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है ।उपनिरीक्षक द्वारा थाने में दिये गये तहरीर में लिखा है कि अपने हमराह के साथ दीपावली के पर्व के दृष्टिगत क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था एवं पेंडिंगविवेचना व देखभाल के लिए रवाना होकर ललन चौराहे पर आगामी त्योहार को देखते हुए क्षेत्र अबैध रुप में संचालित भण्डारण व का ?ोबार के सम्बन्ध में बातचीत कर रहे थे ।उसी समय मुखवीर द्वारा बताया गया कि ग्राम मिश्रौली दीक्षित में सडक के किनारे बैजू मध्देसिया पुत्र राजेन्द्र मध्देसिया निवासी नगर पंचायत के गाँन्धी चौक निवासी के मकान में अबैध पटाखा भारी मात्रा में रखा गया है । उसे बेचने के फिराक में है ।जल्दी की गयी तो माल सहित पकडा जा सकता है ।सूचना पर अपने हमराही के अलावे उपनिरीक्षक संतोष यादव कमलेश यादव सत्यप्रकाश दुबे कमलेश कुमार आरक्षी संदीप यादव महिला आरक्षी गुंजा आरक्षी जयदीप दुबे अन्य आरक्षी के साथ पुलिस टीम मुखवीर के बताए जगह पर पहुंचे ।मुखबीर मकान के तरफ इशारा करके आगे निकल गया ।पुलिस के आते देख आरोपी भाग निकला पुलिस महिला पुलिस के साथ घर के गलियारे की जाँच की तो उसमें भारी मात्रा में अबैध पटाखा मिला ।

कांग्रेस नेता विनय सिंह ने वोट बचाओ लोकतंत्र बचाओ मेगा महारैली में किया प्रतिभाग

बहराइच। वोट बचाओ लोकतंत्र बचाओ मेगा महारैली मे शामिल होकर अपने गृह जनपद वापसी पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह ने बताया जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व मे हुए उक्त मेगा महारैली मे इण्डिया गठबंधन के 20दलों के नेताओं ने भाग लेकर विपक्षी एकता को संबल प्रदान किया।उन्होंने कहा कि यदि समय रहते भ्रष्ट एवं जनविरोधी ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेकर उसे जेल न भेजा गया तो पूरे देश में इण्डिया गठबंधन के लोग राहुल गांधी जी के दिशानिर्देशन में जेल भरो आन्दोलन करके केन्द्रीय मोदी शाह की भाजपा सरकार की नींद हराम कर देंगे।उन्होने यह भी बताया कि रैली से एक दिन पूर्व वे साथियों के साथ इन्दिरा गांधी जी की समाधि शक्ति स्थल पर जाकर तथा राष्ट्रीय कार्यालय मे इन्दिरा जी व पटेल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करके रक्तदान शिविरि मे 62वीं बार रक्तदान भी किया ।जिस पर राष्ट्रीय पदाधिकारी बलराम सिंह भदौरिया ,डाक्टर अमरजीत सिंह ,मधु गुरंग ,लाल जी मिश्रा ने सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र ,थरमस,टीशर्ट आदि देकर उत्साहवर्धन किया।उन्होने बताया कि रक्तदान के बावजूद उन्होने महारैली के ब्यवस्था एवं सुरक्षा मे अथक सहयोग दिया।

त्योहार से पहले खाद्य विभाग की छापेमारी जारी



बहराइच । सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. अमर सिंह वर्मा ने बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र.. एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आगामी त्योहार के दृष्टिगत मिलावटी मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों पर प्रभावी अंकुश के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, बहराइच की 01 टीम द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम के द्वारा खुटेहना, पयागपुर एवं आसाम चौराहा क्षेत्र में छापामारी की कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर खुटेहना बाजार से बाहर एक दुकान पर छापा मारा गया। खाद्य कारोबारकर्ता विनोद चौहान से छेना एवं सूजी मिठाई का नमूना लिया गया। इसके उपरान्त टीम द्वारा पयागपुर चौराहा स्थित गुप्ता पेड़े वाले के प्रतिष्ठान से छेना एवं बर्फी का नमूना लिया गया एवं गणपति जलपान गृह आसाम चौराहा, बहराइच से दूध बर्फी का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा भरे गये नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। छापामारी कार्यवाही टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार श्रीवास्तव, कृपा शंकर व विनय कुमार सम्मिलित रहे।

2 महिला मुख्य आरक्षी सम्मानित



बहराइच पुलिस अधीक्षक। श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय बहराइच में जनपद कुशीनगर में आयोजित 74वीं अंतर्जनपदीय पुलिस वॉलीबाल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 के सेपर टकरा टीम इवेंट में प्रतिभाग कर स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर महिला मुख्य आरक्षी शशि प्रभा एवं महिला मुख्य आरक्षी प्रीती गुप्ता को तथा जनपद नोएडा में आयोजित 74वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वालीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 के सेपक टकरा टीम इवेन्ट (रेगू व क्वाड) में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 03 कांस्य पदक अर्जित करने वाली जनपद बहराइच में नियुक्त महिला मुख्य आरक्षी शशि प्रभा को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, द्वारा महिला मुख्य आरक्षी के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा भविष्य में भी खेल में इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एसपी ने सुनी जनफरियाद



बहराइच पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल की मिली सौगात

बहराइच। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क एल.पी.जी. सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर, 2026 तथा द्वितीय चरण में माह जनवरी, 2027 से मार्च, 2027 तक लाभार्थियों को 1-1 पूर्णतया निःशुल्क उज्ज्वला रिफिल गैस सिलेण्डर का वितरण कराया जाएगा। लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा दीपावली व धनतेरस त्योहार से पूर्व प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 1.89 करोड़ परिवारों को निःशुल्क उज्ज्वला रिफिल गैस सिलेण्डर प्रदान किये जाने के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी लाभार्थियों को आगामी दीपावली व धनतेरस पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विधायक कैसरगंज आनन्द कुमार यादव, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात प्रतिकात्मक रूप से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 15 लाभार्थियों आरती, सायमा खातून, रूबीना, परवीन, बेबी, समा अफरोज, सुरैया, शबाना, रीता देवी, रहीसुन, रेशमा सुमन सुमन, प्रीति देवी, अंजली व मंजू को सब्सिडी धनराशि का डेमो चेक व उज्जवला योजना के डेमो सिलेण्डर का वितरण किया।

जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अन्तर्गत जनपद के 453599 लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण में निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल का वितरण किया जायेगा। सर्वप्रथम आधार प्रमाणित 396565 लाभार्थियों को निःशुल्क एल.पी.जी. रिफिल सिलेण्डर का वितरण किया जाएगा। तदोपरान्त जैसे-जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जायेंगे, उसी क्रम में अवशेष 57034 लाभार्थियों को निःशुल्क एल.पी.जी. रिफिल का वितरण किया जाएगा। श्री तिवारी ने लाभार्थियों को सुझाव दिया है कि गैस एजेन्सी से सम्पर्क कर आधार प्रमाणित करा लें।

दिशा की बैठक संपन्न

बहराइच। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक कैसरगंज आनन्द यादव, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, ब्लाक प्रमुखगण, अन्य जनप्रतिनिधि तथा समिति के सदस्यगण व सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

भटनी (देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर निवासिनी एक महिला ने अपने पति ससुर एवं देवर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करायी है । सविता देवी पत्नी सोनू चौरसिया ग्राम अलावलपुर निवासिनी द्वारा थाने में दिये गये तहरीर में अपने पति सोनू देवर मुकेश चौरसिया एवं ससुर हरिनाथ चौरसिया पर दहेज के लिए मारपीट प्रताडना जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए लिखी है कि मेरा विवाह पाँच वर्ष पूर्व सोनू चौरसिया के साथ हुई थी ।दो बच्चे भी है । विवाह के बाद से हीतीनो लगातार दहेज कम देने का ताना मारते हुए गाली के साथ साथ अमानवीय व्यवहार एवं मानसिक यातनाएं देते रहते है ।पति मारते व पीटते रहते है ।भरणपोषण का पैसा भी नही देते ।पहली नवम्बर को ससुराल मे.पति सोनू चौरसिया भद्दी गालियाँ देते हुए बरहमी से पीटा व जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया ।

औद्योगिक इकाइयों के निर्धारित नियम न मिलने पर उचित कार्रवाही करें : डीएम

जिला संवाददाता (वीओएल)

बिजनौर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूगर्भ जल अधिनियम-2019 के प्रावधानों, भूजल के उपयोग एवं संरक्षण तथा औद्योगिक इकाइयों द्वारा भूजल के उपयोग के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार ने आयोजित बैठक में जनपद की औद्योगिक इकाइयों में भूजल के उपयोग की स्थिति की जांच कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित इकाइयों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा भूजल का उपयोग नियमानुसार किया जा रहा है अथवा नहीं तथा भूजल उपयोग के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है या नहीं। जिन औद्योगिक इकाइयों द्वारा बिना अनुमति अथवा निर्धारित नियमों के विपरीत भूजल का दोहन किया जा रहा है, उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी करने तथा आवश्यकतानुसार जुमार्ना अधिरोपित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जांच के दौरान भूजल के अवैध एवं अनियंत्रित दोहन के मामलों को गंभीरता से लिया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही, विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने-अपने स्तर से औद्योगिक इकाइयों को भूजल उपयोग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने तथा जल संरक्षण के उपाय अपनाने के प्रति जागरूक करें।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



कुशीनगर। आकांक्षा समिति, कुशीनगर की अध्यक्ष श्रीमती अर्पणा चौहान ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह की उपस्थिति में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पडरौना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं उनके रहन-सहन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती चौहान ने छात्राओं से व्यक्तिगत स्वास्थ्य, खानपान एवं दैनिक दिनचर्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं से उनके भविष्य के लक्ष्य एवं करियर की योजनाओं के बारे में भी संवाद किया तथा उन्हें शिक्षा के प्रति निरंतर समर्पित रहने और अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, पढ़ाई-लिखाई, स्मार्ट क्लास एवं भोजन की गुणवत्ता के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ने विद्यालय के शिक्षण कक्ष, रसोईघर, शयन कक्ष, भोजनालय, स्नानागार एवं शौचालय सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता (पर्सनल हाइजीन), स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं करियर काउंसलिंग के महत्व पर विस्तार से जानकारी साझा की।

खंड विकास कार्यालय तरकुलवा का औचक निरीक्षण



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज विकासखंड तरकुलवा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की व्यवस्था तथा विद्यालयों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय कमधेनवा, रामपुर गढ़, पिपरहिया एवं मुंडेरा रामनाथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय पिपरहिया में तीन शिक्षामित्र एवं दो सहायक अध्यापक अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों से स्पष्टीकरण तलब करने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए।

जिलाधिकारी ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि शिक्षकों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के साथ-साथ उनका क्षमता संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएं, ताकि बच्चे जल्द से जल्द निपुण बनें और विद्यालयों को भी निपुण विद्यालय के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने विद्यालयों में निपुण तालिका एवं संदर्शिका के अनुरूप शिक्षण कार्य कराने तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने पूर्वाह्न 10 बजे खंड विकास कार्यालय तरकुलवा का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अन्य अधिकारी उपस्थित नहीं पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को ब्लॉक की व्यवस्थाओं एवं अधिकारियों की उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा, ताकि सभी अधिकारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यों में लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करे।

उर्स मेले में जलपरी शो का टैंक फटा, चार बच्चे घायल

बहराइच। जिले में एक उर्स मेले में जलपरी शो के दौरान पानी से भरा पारदर्शी टैंक फटने से चार बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में सात आयोजकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, फखरपुर थाना क्षेत्र के खालेपुर गांव में सोमवार देर रात दादा मियां के उर्स मेले में जलपरी शो चल रहा था। इसी दौरान अचानक टैंक फट गया और उसके कांच के टुकड़े बिखरने से शो देख रहे चार बच्चे घायल हो गए। हादसे के समय करीब 20 से 25 लोग शो देख रहे थे। पुलिस ने बताया कि टैंक में पानी भर

गिग वर्कर्स की चिंता

सरकार ने असंगठित श्रमिकों के लिए 'राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड' का गठन किया है। इसके गठन के साथ ही गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा को लेकर उम्मीदें बढ़ी हैं। गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों से जुड़े मामलों के लिए इसमें पांच प्रमुख प्लेटफॉर्म कंपनियों, इटर्नल ग्रुप, स्विगी, जेप्टो, अर्बन कंपनी और रैपिडो के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत गठित यह बोर्ड असंगठित श्रमिकों के लिए 'राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड' के रूप में तथा गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए बोर्ड के रूप में काम करेगा। श्रम मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार तीन साल के कार्यकाल के लिए गठित इस बोर्ड में दोनों कार्यों के लिए अलग-अलग संरचना होगी। इसमें केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री अध्यक्ष होंगे और श्रम सचिव उपाध्यक्ष। असंगठित श्रमिकों से जुड़े अपने कार्यों के लिए इस बोर्ड में ट्रेड यूनियनों, नियोक्ताओं के संगठनों, नागरिक समाज, संसद सदस्य, केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल हैं। श्रम मंत्रालय के श्रम कल्याण महानिदेशक इसके पदेन सदस्य-सचिव हैं। गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के मामले में इस संरचना में



एग्रीगेटर्स और श्रमिक संगठनों में से प्रत्येक के पांच-पांच प्रतिनिधि शामिल हैं। इसके अलावा इसमें कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, दो विशेषज्ञ और पांच राज्य सरकारों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। श्रम मंत्रालय के एक संयुक्त सचिव इस संरचना के लिए सदस्य-सचिव के रूप में कार्य करेंगे। बोर्ड में शामिल पांच प्लेटफॉर्म कंपनियां हैं। इटर्नल ग्रुप, स्विगी, जेप्टो, अर्बन कंपनी और रैपिडो। श्रमिकों के प्रतिनिधियों में इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (आईएफएटी) के दो सदस्य शामिल हैं, जबकि भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस), नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (एनएफआईटीयू) और ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर (टीयूसीसी) में से प्रत्येक से एक - एक सदस्य शामिल है। गिग व प्लेटफॉर्म श्रमिकों वाली संरचना में जिन पांच राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व है, वे हैं उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल। इसके दो विशेषज्ञ सदस्य वीवी गिरि नेशनल लेबर इंस्टीट्यूट और दत्तोपंत ठेंगड़ी बोर्ड फॉर वर्कर्स एजुकेशन ऐंड डेवलपमेंट से हैं। सामाजिक सुरक्षा संहिता की धारा 6 के तहत राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का यह दायित्व है कि वह असंगठित श्रमिकों के विभिन्न वर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की सिफारिश करे, उनके कल्याण से संबंधित मामलों पर केंद्र को सलाह दे और सामाजिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करे। धारा 114(6) में यह प्रावधान है कि यही बोर्ड गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए भी ये कार्य करेगा और इसमें असंगठित श्रमिकों के लिए बनी संरचना के सदस्यों की जगह अलग सदस्य होंगे। संहिता की धारा 114 में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं बनाने का प्रावधान है। इन योजनाओं में जीवन और विकलांगता सुरक्षा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था संरक्षण तथा क्रेच की सुविधाएं शामिल हैं। दरअसल गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा का दायित्व अभी कोई नहीं ले रहा है जबकि इनकी आय, काम के घंटे तक अनिश्चित है। ऐसे में सरकार को कंपनियों के साथ मिलकर गिग वर्कर्स की चिकित्सा, पेंशन आदि के लिए पहल करनी चाहिए।

विचार

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता का धारण किया जाये।

-शेक्सपियर.

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

आज तय होगा, ट्रंप के अगले दो साल कैसे होंगे



डॉ. अनिता राठौर

सामयिक

आज यानी 3 नवंबर 2026 अमेरिका में होने वाले मध्यावधि चुनावों के नतीजे भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुर्सी का फैसला नहीं करेंगे, लेकिन यह जरूर तय करेंगे कि व्हाइट हाउस में बैठे इस ताकतवर राष्ट्रपति के अगले दो साल कितने अधिकारपूर्ण, कितने चुनौतीपूर्ण और कितने राजनीतिक दबावों से घिरे होंगे। अमेरिकी मतदाताओं का फैसला ट्रंप के बचे हुए कार्यकाल की दिशा ही नहीं, उनके मिजाज और कामकाज के तौर-तरीकों को भी प्रभावित करेगा। अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव चार साल के लिए होता है, जबकि कांग्रेस के दोनों सदनों, प्रतिनिधि सभा और सीनेट के सदस्यों का चुनाव अलग-अलग अवधि के लिए होता है। राष्ट्रपति के कार्यकाल के बीच में होने वाले इन चुनावों को ही मध्यावधि चुनाव कहा जाता है। इस बार प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और सीनेट की 100 में से 35 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। फिलहाल रिपब्लिकन पार्टी को दोनों सदनों में बढ़त हासिल है। डेमोक्रेटिक पार्टी की कोशिश है कि वह कम से कम एक सदन में बहुमत हासिल करके ट्रंप प्रशासन के सामने राजनीतिक और विधायी चुनौतियां खड़ी करे।

इन चुनावों की अहमियत इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि ट्रंप की लोकप्रियता में गिरावट के संकेत मिल रहे हैं। अक्टूबर के अंत में आए रॉयटर्स-इप्सोस सर्वेक्षण में उनकी स्वीकृति दर 32 प्रतिशत दर्ज की गई थी। मतदाताओं की सबसे बड़ी चिंता महंगाई, जीवनयापन की बढ़ती लागत, पेट्रोल और स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च रही है। आव्रजन नीति और ईरान के साथ युद्ध को लेकर भी अमेरिकी समाज में असंतोष के संकेत मिले हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी को चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में बढ़त दिखाई दे रही है, लेकिन सीनेट का मुकाबला अपेक्षाकृत कठिन माना जा रहा है। लिहाजा वास्तविक तस्वीर तो मतगणना के बाद ही साफ होगी। यदि डेमोक्रेटिक पार्टी प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल कर लेती है, तो ट्रंप के लिए अपने फैसलों को मनमाने ढंग से आगे बढ़ाना आसान नहीं रह जाएगा। प्रतिनिधि सभा की समितियों, बजट संबंधी प्रक्रियाओं और प्रशासनिक जांचों पर डेमोक्रेट्स का नियंत्रण होगा।

> भारत के लिए भी यही समय अपनी कूटनीतिक परिपक्वता दिखाने का है। हमें न तो ट्रंप की संभावित चुनावी हार से अत्यधिक उम्मीदें पालनी चाहिए और न ही उनकी पार्टी की जीत को अपनी विदेश नीति के लिए किसी चुनौती के रूप में देखना चाहिए। भारत-अमेरिका संबंध किसी एक राष्ट्रपति या राजनीतिक दल के भरोसे नहीं चलने चाहिए।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को संसदीय सुनवाई और सवालों का सामना करना पड़ सकता है। उनके फैसलों की जांच, सरकारी खर्च पर निगरानी और प्रशासनिक जवाबदेही की मांग अधिक मुखर होगी। यदि डेमोक्रेट्स सीनेट में भी बढ़त बना लेते हैं, तो राष्ट्रपति की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ सकती हैं। महत्वपूर्ण नियुक्तियों, राजनयिक पदों और न्यायिक नियुक्तियों पर सहमति बनाना कठिन हो सकता है। हालांकि यह समझना जरूरी है कि कांग्रेस में बहुमत बदलने से राष्ट्रपति की कार्यकारी शक्तियां समाप्त नहीं हो जातीं। ट्रंप के पास वीटो का अधिकार तब भी रहेगा और विदेश नीति, टैरिफ तथा आव्रजन जैसे कई मामलों में उनके पास व्यापक कार्यकारी अधिकार भी बने रहेंगे।

इसका अर्थ यह है कि डेमोक्रेटिक बहुमत ट्रंप की नीतियों पर अंकुश लगाने की कोशिश तो करेगा, लेकिन राष्ट्रपति और कांग्रेस के बीच टकराव भी बढ़ सकता है। बजट, सरकारी खर्च और कर्ज की सीमा जैसे मुद्दों पर 2027 में राजनीतिक गतिरोध की आशंका भी है। यह चुनाव ट्रंप के राजनीतिक व्यवहार की भी परीक्षा है। उनकी पहचान एक ऐसे राष्ट्रपति की रही है, जो आलोचना का जवाब तीखे अंदाज में देते हैं, विरोधियों को निशाने पर लेते हैं और अपनी नीतियों पर सवाल उठाने वालों के प्रति उदार नहीं दिखते। चुनाव में झटका लगने की स्थिति में उनके सामने दो रास्ते होंगे। पहला यह कि वे जनता के संदेश को समझकर अपनी प्राथमिकताओं में बदलाव करें, महंगाई और रोजगार जैसे घरेलू मुद्दों पर अधिक ध्यान दें तथा सहयोगी दलों और विपक्ष के साथ संवाद बढ़ाएं। दूसरा यह कि वे चुनावी पराजय को राजनीतिक विरोधियों की साजिश बताकर और अधिक टकरावपूर्ण राजनीति का रास्ता अपनाएं। इतिहास बताता है कि मध्यावधि चुनावों में राष्ट्रपति की पार्टी को नुकसान पहुंचना कोई असामान्य घटना नहीं है। अमेरिकी मतदाता अक्सर राष्ट्रपति के कामकाज पर बीच कार्यकाल में अपनी राय जाहिर करते हैं। इसलिए इसे ट्रंप के पूरे राजनीतिक एजेंडे पर जनमत संग्रह कहना भी उचित नहीं होगा। फिर भी परिणाम उनके राजनीतिक आत्मविश्वास और अगले दो वर्षों की रणनीति को प्रभावित करेंगे। एक और दिलचस्प पहलू है। ट्रंप का यह दूसरा और अंतिम राष्ट्रपति कार्यकाल है। उनके सामने दोबारा राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का सामान्य संवैधानिक विकल्प नहीं है। ऐसे में यदि कांग्रेस में उनकी पार्टी कमजोर पड़ती है, तो वे अपनी राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए और अधिक आक्रामक हो सकते हैं। इसके उलट, रिपब्लिकन पार्टी की मजबूत जीत उन्हें यह संदेश दे सकती है कि जनता अभी भी उनके नेतृत्व और नीतियों के साथ है। ऐसे में उनके तेवर नरम पड़ने की उम्मीद कम ही रहेगी। अमेरिका के चुनाव का परिणाम भारत के लिए महज एक विदेशी राजनीतिक घटनाक्रम नहीं है। भारत-अमेरिका संबंध व्यापार, रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, शिक्षा और रणनीतिक सहयोग के व्यापक दायरे में फैले हैं। ट्रंप के अगले दो वर्षों का राजनीतिक मिजाज इन सभी क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। सबसे पहला सवाल व्यापार और शुल्क का है। ट्रंप की संरक्षणवादी आर्थिक नीति और आयात शुल्क लगाने की रणनीति ने भारतीय निर्यातकों के लिए अनिश्चितता पैदा की है। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते का ढांचा सामने आने के बावजूद व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत पूरी नहीं हुई है। यदि डेमोक्रेटिक पार्टी कांग्रेस में मजबूत होती है तो अमेरिकी व्यापार नीति, टैरिफ और उनके आर्थिक प्रभावों पर अधिक संसदीय बहस हो सकती है। हालांकि इससे भारत पर लगाए गए शुल्क तत्काल समाप्त हो जाएंगे, ऐसा मानना भी जल्दबाजी होगी। दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र भारतीय पेशेवरों और छात्रों का है। एच-1बी वीजा और आव्रजन नियमों को लेकर ट्रंप प्रशासन की सख्ती, भारतीय आईटी पेशेवरों और अमेरिका में काम करने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं के लिए चिंता का विषय रही है। कांग्रेस में सत्ता संतुलन बदलने से इन नीतियों पर समीक्षा और बहस की गुंजाइश बढ़ सकती है, लेकिन वीजा व्यवस्था में तत्काल बदलाव की गारंटी नहीं होगी।

रक्षा सहयोग भारत-अमेरिका संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सामरिक गतिविधियों के बीच दोनों देशों के लिए एक-दूसरे का सहयोग महत्वपूर्ण है। क्वॉड के माध्यम से भी भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया क्षेत्रीय स्थिरता के लिए काम कर रहे हैं। ट्रंप की नीतियों में किसी भी तरह का बदलाव इस सहयोग की गति को प्रभावित कर सकता है। रूस के साथ भारत के संबंध भी इस समीकरण का हिस्सा हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों और सामरिक हितों को देखते हुए रूस के साथ संबंध बनाए रखना चाहता है। लेकिन ट्रंप प्रशासन की रूस संबंधी नीति और प्रतिबंधों का दबाव भारत के सामने लगातार कूटनीतिक चुनौती पैदा कर सकता है। ईरान और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम भी भारत की ऊर्जा सुरक्षा तथा क्षेत्रीय हितों से सीधे-सीधे जुड़े हैं। दरअसल, 3 नवंबर 2026 का चुनाव केवल रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के बीच सीटों की लड़ाई भर नहीं है। यह अमेरिकी मतदाता का अपने राष्ट्रपति को दिया जाने वाला राजनीतिक संदेश भी है। क्या अमेरिका को ऐसा राष्ट्रपति चाहिए जो अपनी नीतियों पर किसी तरह का समझौता न करे या जनता अब अधिक संतुलित और जवाबदेह नेतृत्व की अपेक्षा कर रही है?

सोशल मीडिया



माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में शामिल है, लेकिन देश विदेश की कुछ ताकतों को यह बात रास नहीं आ रहा। सुधांशु त्रिवेदी.



एसआईआर पर उठ रहे बुनियादी सवालों का जवाब देना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है, देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए संतोषजनक जवाब देना चाहिए। योगेन्द्र यादव.



मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं कि उप्र. की वोटर लिस्ट से 1.27 करोड़ हिंदुओं के नाम कट गये हैं। एम एल सी चुनाव में जिस प्रकार बीजेपी के वोट घटे, उसी हिसाब से ये आंकड़ा है। अखिलेश यादव.

मस्तिष्क के गुण

हमारे संस्कार हमारे व्यक्तित्व की रचना करते हैं। साधना के दो भेद हैं। 1 भावनात्मक, 2 क्रियात्मक। स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजारोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है।

अंतर्दृष्टि

गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

बजट के उपयोग पर चिंतन

व्यंग्यलोक

पांच सितारा कहलाने वाली हिलटॉप जगह पर देश की गरीबी मिटाने पर चिन्तन शुरू किया गया। गरीबी मिटाने का बजट आया हुआ था। बजट के पूरे उपयोग के लिए चिन्तन गोष्ठी में गरीबी से रूबरू होने के लिए फील्ड विजिट का कार्यक्रम बनाया गया, जिससे आस-पास के पर्यटक स्थलों की सैर भी गोष्ठीधिपति कर सकें। मिनरल वाटर से नहाना और ड्राइ फ्रूट खाना गोष्ठी की आवश्यकता रही। गोष्ठी में डिसीजनों की भरमार हो गई थी। गरीबी के विनाश के लिए देश के समस्त मल्टीप्लेक्स को पाबंद किया कि शो प्रारंभ होने से पहले गरीबी मिटाने के आकर्षक संदेशों को एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में दिखाया जाए। हर एक सरकारी समारोह समाप्ति पर गरीबी भगाएंगे का गाना जरूर गाया जाए। खाद्य एवं नागरिक रसद विभाग राशन कार्डों पर गरीबी मिटाने के नारों को मल्टी कलर में मुद्रित करे। उचित व अनुचित मूल्यों की दुकानों पर पोस्टरों, दीवार चित्रों, स्लोगनों और टिन प्लेटों आदि द्वारा गरीबी मिटाने से संबंधित संदेशों का प्रदर्शन किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पंचायत क्रेंद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद, आयुर्वेद औषधालय, पटवारी घर, कृषि केंद्र व स्कूल भवनों पर गरीबी मिटाने के नारों को आकर्षक तरीके से लिखवाने की व्यवस्था कराएं। शिक्षा विभाग समस्त टीचरों को निर्देशित करे कि वे हर माह की दस तारीख को देश के सभी स्कूलों में दस बजे 10 नारे गरीबी के विरुद्ध जरूर लगाएं। 10 तारीख 10 बजे 10 नारे कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाया जाए। एक विशाल प्रभात फेरी निकालें जिसमें सभी बच्चे, शिक्षक व प्रधानाध्यापक गांव की प्रत्येक गली को गरीबी मिटाने के नारों से गुंजायमान कर दें। इस रैली में विधायक द्वारा नामित प्रामाणिक गरीब को प्रतिनिधि के रूप में जरूर सम्मिलित करें। सहकारिता विभाग अपने सदस्यों को गरीबी दूर करने के लिए समझाए। समस्त प्रकार की सहकारी समितियां दीवार चित्र, बड़े होर्डिंग व पैम्फलेटों की सहायता से गरीबी मिटाने का प्रचार-प्रसार करें। यातायात विभाग अपने सभी वाहनों पर गरीबी मिटाने के संदेश आकर्षक तरीके से लिख दें। वे निजी वाहन मालिकों से अनुनय-विनय करें कि वे गरीबी मिटाने के नारे और संदेश अपने वाहनों पर लिखवाएं। यातायात विभाग को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी सरकारी वाहन को पकड़कर उन पर गरीबी मिटाने के संदेश लिख दें। राजस्व विभाग अपने पटवारियों को निर्देशित करें कि वे अपने संपर्क में आने वाले ग्रामीणों से गरीबी छोड़ने की गुहार करें। जिला कलेक्टर इन सभी कार्यों की बार-बार मीटिंग लें व समीक्षा करें, ताकि गरीबी की जड़ पर प्रहार किया जा सके।



अशोक गौतम

देश की पहली महिला विश्व कुश्ती चैंपियन बनी मनीषा



खेल जगत

सारिम अन्ना

जैसे ही मनीषा भानवाला ने जीत का दांव मारा और घड़ी छह मिनट पर रुक गई- स्कोरबोर्ड उनके पक्ष में 8-6 दिखा रहा था, तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आये। भारत की आज तक की पहली महिला विश्व कुश्ती चैंपियन ने अपने स्वर्गीय पिता सुरेश से किया गया वायदा पूरा कर दिया था। विजय के इस पल में मनीषा सबसे ज्यादा कमी अपने पिता की महसूस कर रही थीं।

अस्ताना में गोल्ड मेडल के लिए दिल की धड़कन रोकने वाले कड़े मुकाबलों में मनीषा पैन-अमेरिकन चैंपियन अमेरिका की अबीगेल नेट्टे से 0-6 से पिछड़ रही थीं, 59 किलो वर्ग के फाइनल में। लेकिन शुरूआत में पिछड़ने के बावजूद हरियाणा में जिला जींद की इस 29-वर्षीय पहलवान ने हथियार डालने से इंकार कर दिया। मुकाबले में जबरदस्त वापसी करते हुए मनीषा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। मुकाबले के बाद उन्होंने दर्शकों को इशारा किया कि वह उनका नाम जोर-जोर से पुकारें और उनकी इस शानदार कामयाबी के जश्न में शामिल हों।

भारत पिछले 16 साल से सीनियर विश्व चैंपियन की प्रतीक्षा कर रहा था। मनीषा ने वह इंतजार खत्म कर दिया है। गौरतलब है कि भारत का अंतिम विश्व खिताब 2010 में आया था, जब मास्को में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप्स में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने स्वर्ण पदक जीता था। जीत के बाद मनीषा ने बताया, 'हमें अंदर ही अंदर रो रही हूं। मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती कि इस जीत का मेरे लिए कितना अधिक महत्व है। यह मेरे पिता के लिए है। मैं यह पदक उनके लिए जीतना चाहती थी। मैं उनकी उपस्थिति आज भी अपने इर्दगिर्द महसूस करता हूं। मुझे लगता है कि वह कोचिंग कार्नर में ही बैठे हैं और मुझे बता रहे हैं कि किस योजना से कुश्ती लडूं। मैं उन्हें मिस करती हूं। वर्षों की कड़ी मेहनत और कुर्बानियों से ही यह दिन देखने को मिला है और आज ही पिता साथ नहीं हैं। महिला कुश्ती के मुख्य कोच वीरेंद्र दहिया और सपोर्ट स्टाफ ने मनीषा को तिरंगा दिया, उन्हें गले से लगाया और मैट के चारों ओर विक्ट्री लैप लगाने में उनका साथ दिया। कोच व स्टाफ भी अपनी भावनाओं को नियंत्रण में न रख सके; क्योंकि यह दुर्लभ पल कुछ था ही ऐसा। फिर उन्होंने मनीषा को वह करने दिया जो वह करना चाहती थीं। मैट पर घुटने टेके हुए और तिरंगा में लिपटे हुए, मनीषा रोने लगीं, वर्षों की कुर्बानियां, दुःख, दिल का टूटना और दबे हुए जज्बात, सब उमड़ आये असीम खुशी के आंसुओं में। जब वह आखिरकार उठीं, तो उन्होंने अपने कोचों से विशेष तौरपर डिजाइन की गई टी-शर्ट मांगी, जिस पर उनके पिता की दो तस्वीरें थीं- एक पोट्रेट और दूसरी उस खुशी के पल की, जो उन्होंने साझा की थी। मनीषा ने आसमान की तरफ देखा जैसे अपने पिता से कह रही हों कि ह्यमैंने अपना वायदा पूरा किया।

मनीषा के पिता ने ही उन्हें कुश्ती में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया था, 14 वर्ष पहले जब वह 15 साल की थीं। लेकिन जब 2022 में मनीषा गांव सिवाहा में अपने घर से निकलीं मंगोलिया के लिए, एशियन चैंपियनशिप्स में हिस्सा लेने हेतु, तो उसके कुछ घंटे बाद ही उनके पिता को दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। इस हादसे से मनीषा बिखर गईं। अस्ताना में जीत के बाद वह दहिया के गले लग गईं, जो उनके कठिन समय में पिता-तुल्य भूमिका में रहे। यह स्वर्ण पदक ऐसी जबरदस्त वापसी से हासिल हुआ है, जिसे वर्षों तक याद रखा जायेगा। मुकाबले के शुरू में नेट्टे मनीषा पर बहुत भारी पड़ रही थीं। चार अंकों की मूव के साथ वह बढ़त बना चुकी थीं, फिर भारत के असफल चैलेंज के कारण उन्हें एक अतिरिक्त अंक भी मिला और मनीषा के विरुद्ध चेतावनी भी। इंटरवल पर यह मुकाबला मनीषा के हाथों से फिसलता हुआ प्रतीत हो रहा था, विशेषकर इसलिए कि नेट्टे ने 6-0 की बढ़त बना ली थी। सबको लगने लगा कि हार निश्चित है। लेकिन मनीषा के इरादे कुछ और थे। उन्होंने गजब की वापसी की। हर कोई स्तब्ध रह गया। टेकडाउन, सफल चैलेंज व गट व्रेंच (पसलियों के चारों ओर बांहों को कसकर लॉक करना) की बदौलत स्कोर 6-6 बराबर हो गया। जब मात्र 27 सेकंड रह गये थे तो मनीषा ने 2 अंक का एक जबरदस्त दांव लगाया और 8-6 से यादगार जीत दर्ज की। दहिया का कहना है, कैंप में मनीषा सबसे अनुशासित व फोकस्ड पहलवान हैं। विश्व खिताब के लिए तीन असफल प्रयास करने के बाद आखिरकार उसे यह शानदार कामयाबी का पल हासिल हुआ है। फ्रीस्टाइल पहलवान मनीषा का जन्म 10 फरवरी 1997 को हुआ था। उन्होंने 2025 एशियाई चैंपियनशिप और 2016 दक्षिण एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीते हैं।

आपकी बात

गरीबों के सशक्तीकरण का हो सार्थक प्रयास

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। गरीबों को घर मिलने से उनका सशक्तीकरण होगा। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.

सरकारी अस्पतालों में बढ़ती भीड़ से स्वास्थ्य सेवा बदहाल

प्रदेश की आबादी लगातार बढ़ रही है लेकिन उस गति से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार नहीं हुआ है। बीमारियां भी बढ़ रही हैं और लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में आते भी हैं, लेकिन अस्पतालों की संख्या कम होने और मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हो जाती हैं। इसलिए सरकार को सरकारी अस्पताल विशेषकर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स की संख्या बढ़ानी चाहिए। अभी इनकी संख्या बहुत कम है और इस कारण स्वास्थ्य सेवा खराब है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है।

इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित

संक्षेप

महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

आजमगढ़। महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षार्थ और स्वालंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया गया। जिले के सभी थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध और महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी।

डंपर की चपेट में आकर युवक की मौत

जौनपुर। बहन की शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे युवक को लाइन बाजार थाना क्षेत्र में शास्त्री ब्रिज पर मंगलवार सुबह डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार सुधांशु शर्मा की मौत हो गई। जबकि चाचा शरद कुमार शर्मा घायल हो गए।नगर के वाजिदपुर दक्षिणी निवासी सुधांशु, पिता रतन शर्मा, मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने चाचा शरद कुमार शर्मा के साथ बाइक से खासनपुर मोहल्ले गए थे। वे शरद की बेटी की शादी के कार्ड बांटने गए थे।कार्ड बांटकर घर लौटते समय शास्त्री ब्रिज पर सामने से आ रहे डंपर की चपेट में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। दोनों सड़क पर गिर पड़े।स्थानीय लोगों ने ऑटो से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सुधांशु को मृत घोषित कर दिया।शरद कुमार शर्मा घायल हैं।शरद कुमार शर्मा की बेटी की शादी 21 नवंबर को होनी थी। दोनों इसी शादी के निमंत्रण कार्ड बांटकर लौट रहे थे।सूचना मिलने पर लाइन बाजार थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डंपर को पकड़ लिया गया है, जबकि उसका चालक फरार है।पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

डेकोरेशन गोदाम में लगी आग, 10 लाख से अधिक का सामान खाक

करमा, सोनभद्र।स्थानीय थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव में सोमवार रात करीब 9 बजे शॉर्ट सर्किट से एक डेकोरेशन टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। हादसे में गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।जानकारी के अनुसार डेहरी कसया कला निवासी संदीप मौर्या की भैरोपुर में हर हर महादेव डेकोरेशन टेंट हाउस के नाम से दुकान व गोदाम है। सोमवार रात अचानक गोदाम में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित दुकानदार संदीप मौर्या ने बताया कि आग में टेंट, कुर्सियां, कूलर, पंखे, लाइट-डेकोरेशन समेत सारा सामान जल गया है। इस अग्निकांड में करीब 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। बताया गया कि यह डेकोरेशन हाउस ही उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन था, जिससे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।आग की लपटें देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आस-पास से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना पर करमा पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

डीएम ने परखीं प्रशासनिक व्यवस्थाएं



मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने राजीव भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अधिकारी मोहित कुमार बघेल सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला निर्वाचन कार्यालय, उपायुक्त श्रम रोजगार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, उपायुक्त मनरेगा आदि के कार्यालयों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने राजीव भवन स्थित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर कार्यालयों में संचालित कार्यों, अभिलेखों के रख-रखाव तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनके कार्यों की प्रगति एवं कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कार्यालयों में साफ-सफाई, सुव्यवस्थित अभिलेख प्रबंधन तथा कार्यस्थल पर बेहतर व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यालयों में आने वाले फरियादियों एवं आमजन के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

नवागत एसडीएम साक्षी शर्मा ने संभाला छाता तहसील का कार्यभार

छाता (मथुरा)।नवागत उप जिलाधिकारी साक्षी शर्मा ने मंगलवार को छाता तहसील पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने तहसील परिसर का औचक निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयों की व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में कई स्थानों पर अव्यवस्थाएं और खामियां मिलने पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। एसडीएम साक्षी शर्मा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तहसील में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तहसील परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, सरकारी अभिलेखों का उचित रख-रखाव करने तथा कार्यालयों में अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही सभी कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। नवागत एसडीएम के कार्यभार संभालते ही किए गए औचक निरीक्षण और सख्त निर्देशों से तहसील प्रशासन में हलचल देखने को मिली।

गुरुकुलम ने दिया स्वच्छता और राष्ट्रीय एकता का संदेश

मीरजापुर। हलिया विकास खंड क्षेत्र के कोटा घाट में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर यूओ कान्वेंट स्कूल गुरुकुलम द्वारा ह्यएकता की दौड़ साइकिल के संगह्न कार्यक्रम का अनूठे अंदाज में आयोजन किया गया।रैली को डॉ. अनिल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों की साइकिल यात्रा को विद्यालय परिसर से रवाना किया। साइकिल यात्रा कोटा बाजार, बिजुरी चौराहे से चौदहवां नहर से होते हुए विशेश्वरपुर वाया तालाब मार्ग, भिटहा एवं बरहा होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई।यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आपसी सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस पहल के माध्यम से बच्चों ने संदेश दिया कि साइकिल के पहिए केवल दूरी नहीं नापते, बल्कि एकता, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता की नई राह भी बनाते हैं। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बच्चों को अपने मोटिवेशन के माध्यम से कहा कि आप गुरुओं की बात मानकर कुछ भी बन सकते है। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष गुलाब पाण्डेय एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे तथा आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

एसडीएम ने मिठाई की दुकान पर मारे छापे

आजमगढ़।दीपावली के त्योहार को देखते हुए उपजिलाधिकारी लालगंज के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार की शाम लालगंज बाजार में स्थित मिठाई की दुकाने पर छापेमारी की। मिठाई के दुकानदार दुकानें बंद कर फरार हो गए। उपजिलाधिकारी लालगंज नेहा मिश्रा, खाद्य निरीक्षक शीत सिंह और निरीक्षक विरेन्द्र यादव ने सोमवार को नगर पंचायत स्थित तहसील के सामने एक मिठाई की दुकान में जांच की। कारोबारी के करखाना में पहुचे जहां गंदगी का अम्बार देख उपजिलाधिकारी ने दुकानदार को फटकार लगायी। बेसन के लड्डू बनाने के लिए फेटाई हो रही थी, जिसमे छत से काला रंग का कचरा गिरा देख कर नाराजगी जताई। बन रहे पूरे लड्डू को उन्होंने तत्काल फेकने का निर्देश दिया। पुराना छेना पानी फेकने, गंदी फ्रीज की सफाई, उसके रखा मीठा तत्काल फेकने का निर्देश दिया। मसीरपुर में मिठाई की दुकान से राजभोग, छेना, रंगीन बर्फी का सेम्पल को जांच के लिए लिया। जांच जानकारी होते ही कई दुकान दुकान बंद कर फरार हो गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

आजमगढ़।जनपद के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लहुवा स्थित गायत्री मोड़ के पास सोमवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बैरीडीह गांव निवासी अलिम (20) पुत्र फैय्याज अहमद लालगंज स्थित आरजू क्लाथ स्टोर पर अपने पिता के साथ काम में हाथ बंटाता था। सोमवार की शाम करीब 5.30 बजे वह दुकान से बाइक लेकर पल्हना की ओर जा रहा था। इसी दौरान लहुवा के गायत्री मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अलिम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था और अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी। हादसे के बाद बैरीडीह गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सड़क हादसे में बाइक सवार की गयी जान

लालगंज,मीरजापुर।स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत वाराणसी-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित राजापुर गांव के पास सोमवार मंगलवार की रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस हादसे में देहात कोतवाली क्षेत्र के करनपुर (दहवा) निवासी 24 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के करनपुर दहवा का रहने वाला 24 वर्षीय युवक सुनील पुत्र भूड़धर अपनी बाइक से रात में लहंगपुर से वापस घर जा रहा था। जैसे ही वह लहंगपुर पुलिस चौकी के पास राजापुर गांव में स्थित वाराणसी-रीवा हाईवे पर पहुंचा उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। रफ्तार तेज होने के कारण युवक बाइक पर काबू नहीं रख सका और गाड़ी सीधे हाईवे के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद युवक गंभीर रूप से घायल होकर सर्द रात में उसी जगह पड़ा रहा, सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सुबह पांच बजे भोर हाईवे से गुजर रहे राहगीरों ने सड़क पर लहूलुहान हालत में युवक को देखा, जिसके बाद तुरंत लहंगपुर पुलिस चौकी को घटना की सूचना दी। लहंगपुर चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद सिंह पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने युवक के पास से मिले दस्तावेजों और बाइक के नंबर के आधार पर उसकी पहचान करनपुर-दहवा थाना कोतवाली देहात निवासी भुईधर के पुत्र सुनील के रूप में की और तत्काल उसके परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। सुनील छः भाई बहनों में सबसे छोटा था, उसकी शादी अभी नहीं हुई थी। लहंगपुर चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने का लग रहा है। हालांकि, पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं किसी अज्ञात वाहन ने युवक को कट तो नहीं मारा था।

राम-केवट संवाद ने दर्शकों को किया भाव-विभोर

जौनपुर ।सिरकोनी ब्लॉक के सलखापुर कजगांव में मौनी बाबा रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित 80 वर्ष पुरानी रामलीला में रविवार की रात राम-केवट संवाद, मारीच-सीता हरण तथा राम-सुग्रीव मित्रता का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान राम और केवट के बीच हुए संवाद ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेंद्र सिंह सेठ और पूर्व प्रधान रणंजय सिंह संजय ने फीता काटकर तथा भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता की आरती उतारकर किया।इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह सेठ ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए।मंचन के दौरान वनवास के समय भगवान राम के नदी पार करने के प्रसंग को जीवंत किया गया। केवट ने प्रभु राम को पहचानने के बाद बिना उनके चरण पखारे नाव पर बैठाने से इनकार कर दिया। उसने कहा कि प्रभु के चरणों के स्पर्श से कहीं उसकी नाव भी पत्थर से नारी बन गई तो उसका जीवन-यापन कैसे होगा। इसके बाद भगवान राम की सहमति से केवट ने उनके चरण पखारे और उन्हें नाव पर बैठाकर नदी पार कराई। इस दौरान श्मांगी नाव न केवट आना, कहहुं तुम्हारा मरम न हम जानाश के संवाद ने दर्शकों को भावुक कर दिया।इसके बाद रावण द्वारा माता सीता के हरण और राम-सुग्रीव मित्रता के प्रसंग का मंचन हुआ। कलाकारों के सजीव अभिनय को दर्शकों ने खूब



सराहा।रामलीला का संचालन राजकमल सिंह ने किया। इस मौके पर समिति के प्रबंधक एवं डायरेक्टर संत प्रकाश धुरंधर सिंह, ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार गौतम पप्पू, कोषाध्यक्ष ध्रुवप्रकाश सिंह, अध्यक्ष एवं पूर्व एडीओ यदुनाथ यादव, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह सोनू, अक्षत श्रीवास्तव, भोला सिंह और पत्रकार दीपक श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने दी।

गेहूं की बीज को अधिक दाम पर बेचने का लगाया आरोप

आजमगढ़।ठेकमा बीज गोदाम पर किसानों ने सरकार से निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये पर गेहूं बेचने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि 948 रुपये निर्धारित मूल्य वाली गेहूं के बीज की बोरी समिति पर 1050 से 1100 रुपये तक में बेची जा रही है। किसानों ने इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से भी की है। किसानों के अनुसार, शुरूआत में दोकृतीन दिनों तक गेहूं के बीज की एक बोरी 1100 रुपये में बेची गई। शिकायत किए जाने के बाद कीमत घटाकर 1050 रुपये कर दी गई। इसके साथ कुछ दवाएं और ट्राइकोडर्मा जैसी सामग्री देने की बात कही जा रही है। किसानों का आरोप है कि बीज का निर्धारित मूल्य 948 रुपये है, तो अतिरिक्ति रकम किस मद में ली जा रही है। सिंघाना गांव निवासी किसान हरश्चिंद्र यादव ने बताया कि उन्हें गेहूं के बीज की एक बोरी के साथ कुछ दवाएं 1050 रुपये में दी गईं। वहीं, मुड़हर गांव निवासी किसान रवद्रिं राय ने भी 1050 रुपये में एक बोरी गेहूं का बीज मिलने की बात कही। एक अन्य किसान ने बताया कि कुछ दिन पहले तक 1100 रुपये में बीज बेचा जा रहा था, लेकिन अब 1050 रुपये लिया जा रहा है। सहायक विकास अधिकारी कृषि राहुल सिंह ने बताया कि ओवररेटिंग की शिकायत संज्ञान में आई है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सीसी रोड निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप

जौनपुर। नगर पंचायत कजगांव के नगर वासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत कजगांव के वार्ड संख्या तीन माधोपट्टी में मानक के विपरीत बनाये जा रहे सीसी रोड निर्माण कार्य में मानक की अनदेखी व भारी अनियमितत की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की मांग किया है। शिकायती पत्र द्वारा डीएम को नगरवासियों द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत कजगाँव द्वारा वार्ड संख्या 3 में मझलेपुर छोटी मस्जिद के पास से माधोपट्टी सरहद तक सी.सी.रोड़ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके साइड वाल में घटिया किस्म के ईंट एवं सीसी रोड में घटिया किस्म के निर्माण सामग्री का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। सीसी रोड के साईड वाल के नाम पर दो ईंट व सीसी रोड कार्य में नाम मात्र की गिट्टी डालकर उसकी कुटाई कराये बगैर कार्य रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायत के बावजूद अधिशासी अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने से स्वतः स्पष्ट है कि उक्त घटिया निर्माण कार्य में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष तथा ठेकेदार की मिलीभगत से हो रहा है। ताकि सरकारी खजाने से धन अर्जित हो सके। सीसीरोड़ के नीचे जल निकासी हेतु सीवर व जल निगम की पाईप बिछी हुई है जिसमें एकाध लोगों ने निर्माण कार्य से पहले कनेक्शन लिया है। शेष मकानो में कोई कनेक्शन ठेकेदार और जिम्मेदार द्वारा नही कराया गया जिससे जल निकासी व पेय जल की समस्या से आस-पास के लोगो को काफी दिक्कत व परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत कजगाँव द्वारा मानक के विपरीत कराये जा रहे सीसी रोड निर्माण कार्य में नगर पंचायत द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच किया जाना जनहित में आवश्यक है। जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देने के दौरान नसरुद्दीन अन्सारी,अफसर अली,रहमान अन्सारी,मोहर्रम,टैमुर, मोहम्मद हाफिस,सहनवाज अन्सारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

कैसे मनेगी दीपावली, दो माह से मानदेय को तरसे शिक्षामित्र और अनुदेशक, डीएम से लगायी गुहार

बीजपुर, म्योरपुर (सोनभद्र)। विकासखंड म्योरपुर के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों एवं अंशकालिक अनुदेशकों को पिछले दो माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने से उनमें नाराजगी और निराशा व्याप्त है। समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। दीपावली का पर्व नजदीक होने के बावजूद भुगतान नहीं होने से परेशान शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों ने जिलाधिकारी सोनभद्र से गुहार लगाते हुए लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है।

शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों का कहना है कि वे बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें समय से मानदेय नहीं मिल पा रहा है। विभागीय स्तर पर उपस्थिति सहित भुगतान से जुड़ी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भी दो माह का मानदेय लंबित है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार प्रभावित हो रही है। पीड़ित कर्मचारियों ने बताया कि मानदेय ही उनके परिवार की आजीविका का प्रमुख आधार है। समय से भुगतान नहीं होने के कारण बच्चों की स्कूल फीस, घरेलू खर्च, राशन और अन्य जरूरी जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि पूर्व में विभागीय अधिकारियों की ओर से दशहरे के अवसर पर मानदेय भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन दशहरा बीत जाने के बाद भी खाते में धनराशि नहीं पहुंची। अब दीपावली का पर्व भी सिर पर है, ऐसे में परिवार के साथ त्योहार मनाने को लेकर भी चिंता बनी हुई है।शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों ने व्यथित होकर कहा कि जब महीनों तक मेहनत करने के बाद भी मानदेय नहीं मिलता तो आखिर वे अपने परिवार के साथ त्योहार कैसे मनाएं? विभागीय उदासीनता के चलते उन्हें आर्थिक संकट के साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त एवं लेखाधिकारी को लंबित दो माह का मानदेय शीघ्र जारी कराने के निर्देश देने की मांग की है। साथ ही भविष्य में प्रत्येक माह निर्धारित समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने तथा अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की भी अपील की है।इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय से जानकारी लेने के लिए उनके सीयूजी मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

रामघाट पर कूड़े में पड़ी इलेक्ट्रिक शवदाह मशीन

जौनपुर। शहर के रामघाट पर शवों के अंतिम संस्कार के लिए लगाई गई इलेक्ट्रिक शवदाह मशीन इन दिनों बदहाल स्थिति में कूड़े के ढेर के बीच पड़ी हुई है। लाखों रुपये की लागत से स्थापित की गई इस मशीन का इस तरह खुले में बेकार



पड़े रहना सरकारी धन के उपयोग को लेकर सवाल खड़े कर रहा स्थानीय लोगों के मुताबिक, रामघाट पर अंतिम संस्कार की सुविधा को बेहतर बनाने और लकड़ी की खपत कम करने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक शवदाह मशीन स्थापित की गई थी। लेकिन उचित रखरखाव और संचालन के अभाव में मशीन अब कूड़े के बीच पड़ी है और धीरे-धीरे खराब हो रही है।लोगों का कहना है कि जिस उद्देश्य से सरकारी धन खर्च कर यह मशीन लगाई गई थी, उसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है। मशीन के रखरखाव और वर्तमान स्थिति को लेकर जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।स्थानीय नागरिकों ने मामले की जांच कराकर यह पता लगाने की मांग की है कि मशीन कब स्थापित हुई, इसकी लागत कितनी थी, इसका संचालन क्यों बंद हुआ और वर्तमान में इसे कूड़े के ढेर में क्यों छोड़ दिया गया है। लोगों ने मांग की है कि यदि मशीन उपयोग योग्य है तो उसे तत्काल दुरुस्त कराकर चालू कराया जाए, ताकि सरकारी धन से तैयार की गई सुविधा का आम जनता को लाभ मिल सके।अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर इलेक्ट्रिक शवदाह मशीन की स्थिति की जांच कराते हैं या नहीं।

ओपन कास्ट श्रेणी में एनसीएल कृष्णशिला ने हासिल किया देश में प्रथम स्थान



सोनभद्र। कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित स्टार रेटिंग अवार्ड समारोह में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी उपलब्धियों का परचम लहराया है।छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सोमवार, 2 नवंबर 2026 को आयोजित समारोह में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एनसीएल की चार खदानों कृष्णशिला, बीना, खड़िया एवं झिंगुरदा को प्रतिष्ठित स्टार रेटिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि को और भी खास बनाते हुए कृष्णशिला परियोजना ने ओपन कास्ट श्रेणी की देशभर की सभी खदानों में प्रथम स्थान हासिल कर एनसीएल का गौरव बढ़ाया है।समारोह के मुख्य अतिथि कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने एनसीएल को इन उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। एनसीएल की ओर से सीएमडी श्री एन. फ्रैंकलिन जयकुमार एवं संबंधित क्षेत्रों के महाप्रबंधकों ने पुरस्कार ग्रहण किए।यह उपलब्धि एनसीएल की परिचालन उत्कृष्टता, सतत एवं जिम्मेदार खनन, पर्यावरण संरक्षण तथा सुरक्षा के उच्च मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एनसीएल को मिले पुरस्कारों के लिए सीएमडीएन. फ्रैंकलिन जयकुमार, समस्त निदेशक मंडल एवं सीवीओ ने कंपनी और कर्मियों को इन उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी।

संविदा प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व बताये



मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय, मथुरा के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निदेर्शानुसार निवारक सतर्कता अभियान 2026 के अंतर्गत संविदा प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थागत अनुबंधों के प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही, निष्पक्षता एवं वित्तीय अनुशासन के महत्व को विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. शिव नारायण शर्मा द्वारा स्वागत संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने आमंत्रित विशेषज्ञ का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी संविदा प्रबंधन की आवश्यकता एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्कृति विवि के स्कूल आफ मैनेजमेंट के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर सी. एन. रामनाथन अय्यर ने बतौर विषय विशेषज्ञ संविदा प्रबंधन की व्यवस्थित एवं प्रभावी प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान संविदा प्रबंधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इनमें अनुबंधों एवं स्वीकृतियों का उचित अभिलेख संधारण, निष्पक्ष खरीद प्रक्रिया का पालन, वस्तुओं एवं सेवाओं की समयबद्ध आपूर्ति की निगरानी, अनुबंध की शर्तों एवं दायित्वों की नियमित समीक्षा तथा निर्धारित शर्तों के अनुरूप कार्य पूर्ण होने और उसकी पुष्टि के बाद ही भुगतान सुनिश्चित करना प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त, यह भी स्पष्ट किया गया कि अनुबंधों की नियमित निगरानी, कार्यों में पाई जाने वाली कमियों की समय रहते पहचान तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाना प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने और अनावश्यक व्यय को रोकने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने बांटे सब्सिडी चेक

मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए दीपावली और होली के पर्व पर साल में दो बार निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल योजना का शुभारंभ किया गया। इसके तहत मंगलवार को जनपद स्तर पर लखनऊ से आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में बल्देव के विधायक पूरन प्रकाश और सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा उज्ज्वला योजना की प्रमुख महिला लाभार्थियों धर्मेन्द्री देवी, केला देवी, वीरन देवी, हेमलता, मीरा, गुड्डी, आरती वर्मा, सुनीता देवी, रामवती, भगवती और मीना को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर की सब्सिडी के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अन्य उपस्थित लाभार्थियों को भी सब्सिडी के चेक बांटे गए। प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि इस योजना का लाभ केवल उन्हीं लाभार्थियों को मिलेगा जिनके बैंक खाते उनके आधार से लिंक होंगे। योजना की लाभ अवधि 2 माह रहेगी। जनपद के आंकड़े साझा करते हुए बताया गया कि कुल उज्ज्वला लाभार्थी 2,15,900, आधार से लिंक खाते 1,76,827, आधार से लिंक न होने वाले शेष लाभार्थी 39,073 रह गए है। प्रशासन ने अपील की है कि जिन 39,073 लाभार्थियों के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं, वे जल्द से जल्द अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करवा लें ताकि उन्हें योजना का निर्बाध लाभ मिल सके।



लाभार्थियो को प्रतीकात्मक रिफिल सब्सिडी का दिया गया डेमो चेक

मीरजापुर।गरीब परिवारों के चेहरे पर खुशी लाने के दृष्टिगत दीपावली त्यौहार के पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियो को निशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल का डेमो चेक वितरण किया गया। प्रदेश के उज्जवला योजना के तहत कुल 1.89 करोड़ पात्र परिवारो को निशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया गया। जिससे प्रदेश के गरीब परिवार दीपावली खुशियो के साथ मनाएं। लाखनऊ लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम का जन

संक्षेप

सरकारी स्कूलों का हुआ स्कूल सेफ्टी ऑडिट

बाराबंकी। विकासखंड फतेहपुर के कंपोजिट विद्यालय सिहाली में समग्र शिक्षा के तत्वावधान में प्रदेशव्यापी स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पहुँची विशेषज्ञों अग्नि सुरक्षा एक्सपर्ट सूरज गुप्ता, शुभंकर, विपिन सिंह ने विद्यालय परिसर का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने विद्यालय भवन की संरचनात्मक सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, आपातकालीन निकासी मार्ग और विद्युत सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

प्रगणकों और सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

श्रावस्ती। जनगणना-2027 के दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीनों तहसीलों और दोनों नगर निकायों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। नगर निकायों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जबकि तहसील स्तर पर प्रशिक्षण जारी है। तीसरे चरण का प्रशिक्षण 4 से 6 नवंबर तक होगा। तीनों चरणों में कुल 2716 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसी क्रम में भिनगा तहसील के शिवालिक महाविद्यालय, पटना खरगौरा में चल रहे प्रशिक्षण का जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने निरीक्षण किया।

अवैध खनन में चार पर मामला दर्ज

असोहा (वीओएल)। क्षेत्र के कांथा गांव के मजरे तेजी खेडा में बीते रविवार को वन विभाग की आरक्षित जमीन पर देर रात कुछ लोग अवैध खनन करवा रहे थे मुखबिर की सूचना पर पहुंची बीट प्रभारी वन रच्छक मोहिनी तिवारी ने देखा कि तेजी खेड़ा में वन विभाग की जमीन पर अवैध खनन हो रहा है, वन विभाग के कर्मचारियों को आता देख अवैध खनन कर रहे लोग जे सी बी व डम्फर व चार पहिया गाड़ी लेकर भाग गए, मौके पर मौजूद लोगों से पता करने पर पता चला कि थाना क्षेत्र के बहरिया गांव निवासी पवन कुमार व सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार दोनों लोग वन विभाग की जमीन पर अवैध खनन करवा रहे है, खनन की उक्त मिट्टी डंफरो से लखनऊ के मोती नगर निवासी अनमोल इंटरप्राइजेज के संजीव कुमार व लखनऊ के ही कृष्ना नगर निवासी आदित्य कुमार के भल्लाफार्म, कुसेहरी स्थित प्लाटो में डाली जा रही थी। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि वन विभाग की वीट प्रभारी मोहिनी तिवारी के प्रार्थना पत्र पर उक्त चारो लोगो के खिलाफ संगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

एसएसपी ने सुनी फरियाद

सिद्धार्थनगर, । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 3 पारिवारिक विवाद और 8 अन्य विवादों से संबंधित थे। एसएसपी डा0 अभिषेक ने प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

प्रभु में पूर्ण विश्वास के बिना श्रद्धा का कोई मोल नहीं : ब्रह्मानंद

सोनाईचा,गोरखपुर। क्षेत्र के ग्राम बेलावीरभान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में व्यास पीठ से आचार्य ब्रह्मानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि जिस प्रभु का दिव्य विधि से आप पूजन करते है उसमें विश्वास नहीं है तो वह फलदायक नही होता इसलिए हमारे शास्त्रों में कहा गया की प्रभु में विश्वास का एक मात्र साधन है भगवान की मंगलमय कथा का श्रवण करना। व्यक्ति के मंगलमय भगवत चरित्र श्रवण से ही प्रभु से प्रेम बढ़ता है। प्रेम बढ़ते बढ़ते आप का प्रभु में विश्वास जम जाएगा। शुकदेव महा प्रभु राज परिक्षित को प्रभु के बाल चरित्र से बकासुर को वत्सासुर को मारने और भगवान के गिरिराज धारण करने की यह सारी लीलाएं प्रभु में निष्कपट प्रेम को पुष्ट करता हैं । कथा का शुभारंभ यजमान हरि ओम नारायण, श्रीमती नंदिनी चंद के व्यास पीठ की आरती उतारने से हुआ । अच्युतानंद चंद (अंकुर चंद) दिव्यांश चंद, मार्कण्डेय चंद, शिवदास चंद, सरजू चंद-अनिल चंद, दुर्विजय चंद, श्रीप्रकाश चंद, रामाशंकर चंद, भीम चंद, किशोर चंद, अनिरुद्ध चंद, तेज नारायण चंद,-रणधीर चंद- ओमप्रकाश चंद, रमेश चंद,करुणेश चंद आदि सैकड़ों श्रोताओं ने कथा का रसपान किया।

यातायात नियमों का पालन करें : एडीजी

एडीजी, डीआईजी व एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को किया रवाना



गोरखपुर। यातायात माह के तहत मंगलवार को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन से बाइक रैली निकाली गई। एडीजी जोन रामकुमार, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में एसपी ट्रैफिक अमित श्रीवास्तव, सीओ यातायात कीर्तिनिधि, टीआई मनोज कुमार राय, आर आई अभिजीत पांडेय, टीएसआई रामवृक्ष यादव समेत यातायात पुलिस के महिला एवं पुरुष आरक्षी शामिल रहे।

इस अवसर पर एडीजी रामकुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियम लोगों की स्वतंत्रता सीमित करने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। वाहन चलाते समय की गई छोटी सी लापरवाही भी किसी परिवार की खुशियां छीन सकती है। इसलिए सभी लोग नियमों का गंभीरता से पालन करें।

उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा नशे की हालत में ड्राइविंग से बचने की सलाह दी। उन्होंने गलत दिशा में वाहन चलाने, स्टंटबाजी, तीन सवारी, प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर के इस्तेमाल से भी बचने को कहा। एडीजी ने विशेष रूप से युवाओं से सड़क पर किसी तरह की प्रतिस्पर्धा या स्टंट न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों को रास्ता देना हर नागरिक का दायित्व है। स्कूल, अस्पताल और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। बाइक रैली के दौरान लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक सिग्नल और जेब्रा क्रॉसिंग के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस की ओर से स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पूरे माह जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यातायात संबंधी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 8081208567 जारी किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि ह्यसड़क सुरक्षा ही जीवन रक्षाह्ण के संकल्प के साथ सभी नागरिक नियमों का पालन करें और सुरक्षित गोरखपुर के निर्माण में सहयोग दें।

5 नवंबर को तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला का गोला में होगा आगमन

दिवाली मिलन समारोह में क्षेत्रीय जनता को देंगे शुभकामनाएं

गोला, गोरखपुर। तेलंगाना के महामहिम राज्यपाल एवं गोरखपुर जनपद के निवासी शिव प्रताप शुक्ला आगामी 5 नवंबर को चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत गोला अंतर्गत गोपालपुर में आयोजित दिवाली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथ शामिल होंगे। राज्यपाल के आगमन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उक्त आशय की जानकारी वरिष्ठ भाजपा नेता अष्टभुजा शुक्ला ने दी। उन्होने बताया कि सनातन परंपरा के प्रमुख पर्व दीपावली के अवसर पर आयोजित इस दिवाली मिलन समारोह में महामहिम राज्यपाल क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन गोपालपुर कस्बे में रामजानकी मार्ग स्थित सिद्धि विनायक मैरेज हाल में होगा। महामहिम राज्यपाल 5 नवंबर को दोपहर 1 बजे कार्यक्रम में पहुंचेंगे। राज्यपाल के आगमन को लेकर आयोजन स्थल पर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रीय लोगों में भी उत्साह का माहौल है। अष्टभुजा शुक्ला ने क्षेत्र की जनता एवं जनप्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर दिवाली मिलन समारोह में शामिल होने की अपील की है।

धनतेरस और दीपावली को लेकर पुलिस सतर्क

गोरखपुर। आगामी धनतेरस, श्री लक्ष्मी-गणेश पूजा और दीपावली के त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक नगर निमिष पाटील ने कैंट थाना क्षेत्र में लक्ष्मी प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने आयोजकों से बातचीत कर त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसपी सिटी ने कहा कि त्योहारों के दौरान पूजा पंडालों और प्रतिमा स्थापना स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। ऐसे में आयोजक सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरतें। पूजा स्थलों पर आने-जाने के रास्तों को व्यवस्थित रखा जाए।

सपा के जिलाध्यक्ष का जगह- जगह स्वागत



पुरवा (वीओएल)। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जय चंद विमल का पुरवा विधानसभा में प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं, पदाधिकारियों ने जोरदार तरीके से जगह जगह स्वागत किया। जिलाध्यक्ष के पुरवा विधान सभा के प्रथम गांव कांथा में प्रवेश करते ही सपा नेता पवन मिश्र ने अपने समर्थकों के साथ कांथा चैराहे पर स्वागत किया, सपा नेता प्रधान हरिकेश यादव ने चन्दनखेड़ा स्थित प्रधान ट्रेडर्स पर कार्यकताओं के साथ स्वागत किया तो कालूखेड़ा तिराहे पर सपा नेता प्रमोद बाजपेई ने अपने समर्थकों के साथ जिलाअध्यक्ष का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष जयचन्द विमल के साथ राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी विधान सभा राम विष्णु लोधी, वीरेंद्र शुक्ल, मंजीत यादव, धनंजय यादव, सुरेश यादव, ऋषभ शुक्ल सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुरवा समाजवादी पार्टी कार्यालय पर युवा नेता राजेंद्र लोधी ने अपने समर्थकों के साथ अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।

प्रदोष एवं कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या में ही दीपोत्सव पर्व मनायें : ऋषि कान्त मिश्र



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। भारतीय सनातन धर्म एवं सनातन संस्कृति का पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व शुभ मुहूर्त के विषय में आचार्य ऋषि कान्त मिश्र ने बताया प्रदोष एवं रात्रि व्यापिनी कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या में ही दीपावली पूजन का प्रसिद्ध पर्व पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महालक्ष्मी पूजन के लिए शुभ मुहूर्त दिनांक 6 नवम्बर शुक्रवार से शुरू होकर भ्रातृ द्वितीया दिनांक 10 नवम्बर दिन मंगलवार को समाप्त होने से पूर्व भारतीय परम्परा अनुसार 6 नवम्बर शुक्रवार को धन त्रयोदशी धन्वन्तरि जयन्ती औषधालयों में पूजन किया जाये गा तथा घर पर प्रदोष व्रत धनतेरस का शुभ मुहूर्त प्रदोष काल बेला में त्रयोदशी मिलने से आज ही धन्वन्तरि जयन्ती मनाई जायेगी कुबेर की कृपा तथा धन ऐश्वर्य में वृद्धि की कामना से विधिवत पूजन किया जाये गा महालक्ष्मी कुबेर पूजन का शुभ मुहूर्त स्थिर वृष लग्न सायं काल 17/45 बजे से 20/42 बजे तक ही करें एवं मास शिवरात्रि व्रत सहित नरक चतुर्दशी, हनुमत जयन्ती छोटी दीपावली 7 नवम्बर शनिवार को शास्त्रोक्त विधि से मेष लग्न में श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा तथा दूसरे दिन प्रातः काल दर्शन पूजन नमस्कार परिक्रमा करने सभी प्रकार के पापों का प्रायश्चित होता है। 8 नवम्बर रविवार को भारतीय सनातन धर्म का विश्व प्रसिद्ध दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा दीपावली पूजन के लिए दिन में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में श्रेष्ठ होरा मुहूर्त सुबह 8/28/ से 10/19 बजे तक, 11/15 से 12/15 बजे तक दोपहर 2/2 बजे से 4/48 बजे तक सायं 5/44 बजे से 6/48 बजे तक 8/57 बजे से 11/58 बजे तक 12/05 से 2/19 बजे तक शुभ मुहूर्त महानिशा पूजा तन्त्र मंत्र सिद्ध के लिए सिंह लग्न रात्रि 12/5 बजे से 2/19 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा उसके उपरांत सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्तों के यहां सूप बजा-बजाकर दरिद्र निस्तारण किया जाये गा 8 नवम्बर रविवार को दीपावली पर्व मनाया जाएगा ।

डीएम ने मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में सुनी फरियाद



श्रावस्ती। आयुक्त देवीपाटन मण्डल, गोण्डा दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा की गई पहल के माध्यम से मण्डल के जनपदों में माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराया जा रहा है। जिसके तहत आज जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कई महिलाओं की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आयी महिला फरियादियों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिसमें पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद एवं सरकार की अन्य योजनाओं से सम्बन्धित लाभ दिलाने हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी की शिकायतों को गम्भीरता से सुना और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा जनता दर्शन में जिलाधिकारी को कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन-सुनवाई में आने वाली शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे केवल कागजी खानापूर्ति न करें, बल्कि मौके पर जाकर शिकायतों का वास्तविक समाधान करें, ताकि शिकायतकर्ता को दोबारा उसी समस्या के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

जिला निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण

एफएलसी के बाद सील किया गया ईवीएम वेयरहाउस



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार श्रीवास्तव के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने लोहिया कला भवन के सामने स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का जायजा लिया। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बेल कंपनी के नामित इंजीनियरों द्वारा 12 अक्टूबर से 01 नवंबर 2026 तक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कराई गई। एफएलसी पूरी होने के बाद वेयरहाउस को सील कर दिया गया है।

चावल की बिक्री में किसानों को नहीं होगी परेशानी, कालानमक भवन बनेगा शोरूम



सिद्धार्थनगर, । जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कालानमक राइस एक्सपोर्ट डेवलपमेंट फाउंडेशन बोर्ड की बैठक हुई। इसमें मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को कालानमक चावल के विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही कालानमक भवन को शोरूम के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उपकृषि निदेशक ने बताया कि एफपीओ के माध्यम से किसानों से धान लेकर कालानमक चावल की प्रोसेसिंग कराई जाएगी। बैठक में उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गणेश प्रसाद सहित बोर्ड के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नरही बुजुर्ग में सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

- पं. विकास शास्त्री व पं. जनार्दन दूबे ने किया कथा वाचन, पूर्णाहुति पर ब्राह्मण भोज व कंबल-दक्षिणा देकर किया सम्मानित

बांसी (सिद्धार्थनगर)। मिठवल ब्लॉक के नरही बुजुर्ग गांव में बाबू मणि दूबे के आवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार, 3 नवंबर को हवन एवं पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। मुख्य यजमान स्वर्गीय रामदेव दूबे की पत्नी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी रहीं। अयोध्या धाम से पधारे श्री श्री 1008 पं. विकास शास्त्री एवं पं. जनार्दन दूबे ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, महापुराण के प्रसंगों एवं श्लोकों का संगीतमय वर्णन कर श्रद्धालुओं को कथा का अमृतपान कराया। 26 अक्टूबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा में अन्नपूर्णा देवी के साथ बाबू मणि दूबे एवं उनकी पत्नी सीमा देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समापन पर ब्राह्मण भोज आयोजित कर ऊनी कंबल, तांबूल एवं दक्षिणा भेंट कर ब्राह्मणों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बाबू मणि दूबे, हिरदेश दूबे, प्रवीण दूबे, प्रशांत दूबे, अभिषेक (राज दूबे), ऋषिकेश दूबे एवं शिवांश दूबे ने अतिथियों का स्वागत-सत्कार कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजय दूबे, अमित उर्फ प्रिंस दूबे, रामप्रकाश दूबे, ज्वाला दूबे, संदीप दूबे, विनोद दूबे, आदित्य दूबे, विनय दूबे, प्रकाश दूबे, मंटू उपाध्याय, राहुल अग्रहरि, बैजनाथ दूबे एवं रमाकांत दूबे सहित अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।



आईटीएमएस कैमरों की व्यवस्था प्रभावित होने पर मंडलायुक्त नाराज

गोरखपुर। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर के प्रमुख चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) की व्यवस्था सड़क चौड़ीकरण के कारण प्रभावित होने पर मंडलायुक्त इंद्र विक्रम सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। नगर निगम की शिकायत पर मंडलायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्था तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान आईटीएमएस से जुड़े कैमरे और अन्य उपकरण हटाए गए, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद उन्हें दोबारा स्थापित नहीं किया गया। इससे सरकारी धन से तैयार महत्वपूर्ण व्यवस्था प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि यह न केवल सरकारी धन का अपव्यय है, बल्कि चौराहों पर यातायात व्यवस्था और निगरानी में भी बाधा उत्पन्न कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान हटाए गए सभी आईटीएमएस उपकरणों, कैमरों और संबंधित संसाधनों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार तत्काल पुनः स्थापित कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास कार्य के दौरान पहले से उपलब्ध जनसुविधाओं को बाधित नहीं किया जाना चाहिए। इसके लिए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। मंडलायुक्त ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत स्थापित आईटीएमएस यातायात प्रबंधन, वाहनों की निगरानी, यातायात नियमों के उल्लंघन पर नजर रखने और सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में इसके प्रभावित होने से शहर की यातायात और निगरानी व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को सरकारी योजनाओं में खर्च होने वाली धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने और विभागीय जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

अधिवक्ता की हत्या के विरोध में बार एसोसिएशन का प्रदर्शन, न्यायिक कार्य ठप



बाराबंकी। कालपी बार एसोसिएशन अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता गयादीन अहिरवार (परिहार) के अपहरण के बाद निर्मम हत्या किये जाने एंव माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्याय कक्ष संख्या-49 में 27 अक्टूबर 2026 को अधिवक्ता के साथ कथित अपमानजनक व्यवहार किये जाने के विरोध मे जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान मे अधिवक्ताओ ने जोरदार प्रदर्शन करते हुये न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। तथा माननीय मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद को सम्बोधित ज्ञापन जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव एंव मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह को सौपा। ज्ञापन मे हत्याकांड के दोषियों को कठोरतम दंड दिये जाने, प्रकरण की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराये जाने, पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व परिवार को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता दिये जाने के साथ ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट प्रदेश में तुरंत लागू किये जाने की पुरजोर मांग की। ज्ञापन सौपने वालो मे अध्यक्ष रमन लाल द्विवेदी, महामंत्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, राम कुमार वर्मा, अंकुर यादव, कोषाध्यक्ष दौलता कुमारी, मंत्री प्रशासन प्रणय बाजपेई, मंत्री प्रकाशन अमित सिंह सूर्यवंशी, मंत्री पुस्तकालय रूबी सिंह, सतीश जायसवाल, रुद्र प्रताप सिंह वर्मा, पूर्णिमा गुप्ता, अनिता सिंह, नरेश कुमार सिंह, सुरेश चन्द्र गौतम, अंशूमान सिंह, देवेन्द्र यादव, कौशल किशोर त्रिपाठी, रितेश मिश्रा, हिसाल बारी किदवई, एम0पी सिंह, अनमोल मिश्रा, राकेश तिवारी, सर्वेश मौर्या, राहुल पाण्डे, अमित कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

मंजू हत्याकांड का खुलासा, 2 हत्याभियुक्त भाई-भाभी गिरफ्तार



बाराबंकी। थाना रामनगर एंव स्वाट,सर्विलांस पुलिस की संयुक्त टीम ने मंजू हत्याकांड का खुलासा करते हुये 2 हत्याभियुक्तों को आलाकत्ल बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विवेक तिवारी ने बताया बीती 1 नवम्बर को वादिनी वंदना पत्नी ओमप्रकाश निवासिनी ग्राम बिंदौरा परसपुर थाना रामनगर ने उसकी बड़ी बहन मंजू पुत्री सेमई निवासिनी ग्राम महादेवा थाना रामनगर की भाई संदीप व भाभी शीतल ने ईंट से मारकर हत्या कर दिये जाने की तहरीर दी। जिसके बाद मुकदमा पंजीकृत कर संयुक्त पुलिस टीम ने 2 हत्याभियुक्त संदीप पुत्र सेमई व शीतल उर्फ मायावती पत्नी संदीप निवासीगण ग्राम महादेवा थाना रामनगर को गजपतिपुर मोड़ के पास से आलाकत्ल 1 अदद ईंट को बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

देवा दंगल में नामचीन पहलवानों ने आजमाये दांव-पेच



बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी 2026 मे दंगल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए नामचीन पहलवानों के बीच जोरदार भिड़ंत देखने को मिली। दंगल के प्रमुख मुकाबलों में विवेक पहलवान बांदा ने जीतू पहलवान कन्नौज को पराजित किया। राहुल दास अयोध्या ने शैतान सिंह राजस्थान को शिकस्त दी। अजीत पहलवान बाराबंकी और शिवम पहलवान अयोध्या के बीच हुए मुकाबले में शिवम ने बाजी मारी। बाबू पहलवान उत्तराखंड और सुल्तान वारसी पहलवान देवा के बीच हुई रोमांचक कुश्ती में बाबू पहलवान विजयी रहे। इसी क्रम में गोलू पहलवान गोंडा ने काला चीता राजस्थान को हराकर जीत दर्ज की। जबकि माल्टा पहलवान मुजफ्फरनगर ने शाका पहलवान को मात दी। बजरंगी पहलवान अयोध्या ने मोहम्मद हसनैन देवा को पराजित किया। शौकीन पहलवान सीतापुर ने गुलशन पहलवान गोंडा को तथा संजय पहलवान फतेहगढ़ ने घनश्याम पहलवान जालौन को शिकस्त दी। अन्य मुकाबलों में शिवम पहलवान अयोध्या ने आयुष पहलवान बनारस को चित किया। जबकि रामनंदन पहलवान गाजीपुर ने अमरेश पहलवान बहराइच को पटकनी देकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। पहलवानों ने अपनी फुर्ती, ताकत, तकनीक और कुश्ती के पारंपरिक दांव-पेचों से दर्शकों को रोमांचित किया।

निगरानी समिति दिशा की बैठक संपन्न



बाराबंकी। कलेक्टेज्ट स्थित डीआरडीए सभागार मे काग्रेस सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता मे निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई। बैठक मे जनपद की विद्युत समस्या पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही आरटीओ ऑफिस मे डीएल बनवाने के नाम पर बाहर बैठे बिचैलियो के माध्यम से सुविधा शुल्क लेने, किसानों का धान खरीद, नगर पंचायत बंकी में पानी की टंकी से ग्वारी रोड तक अधूरे पड़े नाला, शहर के चैराहे पर ट्रॉफिक सिग्नल सुचारू रूप से संचालन न होने, शहर में बाराबंकी फैजाबाद रोड पर लखपेड़ाबाग चैराहे से बड़ेल नहर तक रोड़ किनारे का अतिक्रमण हटाये जाने पर भी विस्तार से चर्चा की। बैठक मे सांसद श्री पुनिया ने अधिकारियो से जिले के अधूरे पड़े विकास कार्यों की समीक्षा करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक मे जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, एमएलसी अंगद सिंह सहित समस्त विधायक, चेयरमैन, ब्लाक प्रमुख मौजूद रहे।

गीतों से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कलाकारों ने किया सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार



बाराबंकी। देवा मेला एवं प्रदर्शनी 2026 में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने गीत-संगीत और लोकगायन के माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कार्यक्रम की शुरूआत सोने लाल एंड पार्टी की संगीतमय प्रस्तुति से हुई। इसके उपरांत आल्हा गायक रघुनाथ की पार्टी ने मां सरस्वती की वंदना से अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ किया। कलाकारों ने लोकगायन के माध्यम से ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए बालिका शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया।

संक्षेप

आईएसएसएफ एथलीट समिति के लिये चुनाव लड़ेगी मनु भाकर

नयी दिल्ली। दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 2026 -2030 के लिये अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) एथलीट समिति का चुनाव लड़ेंगी जिन्हें पिस्टल वर्ग में नामित किया गया है। भाकर उन दस उम्मीदवारों में से हैं जो पिस्टल श्रेणी में दो पदों के लिये दौड़ में होंगे। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा को बचाना और ओलंपिक कार्यक्रम में इसके दीर्घकालिक भविष्य को सुरक्षित करने के साथ आईएसएसएफ विश्व कप में बेहतर इनामी राशि के लिए जोर देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। भाकर ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, शीर्ष स्तर पर खेलने के बाद मुझे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के सामने आने वाली चुनौतियों और मौकों दोनों का अनुभव है। मेरा मानना है कि खिलाड़ियों को खेलों में भागीदारी के अलावा भविष्य को गढने के लिये भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिये। चुनाव दोहा में आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप (राइफल . पिस्टल . शॉटगन) के दौरान होंगे जो तीन से 13 नवंबर तक होनी है।

केसीएल अब 10 टीम का नीलामी बजट पांच करोड़

नयी दिल्ली। कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) का दूसरा सत्र अब 10 फ्रेंचाइजी टीम के साथ खेला जाएगा जबकि पहले सत्र में इसका आयोजन आठ टीम के साथ किया गया था। इसके साथ ही खिलाड़ियों की नीलामी का पर्स (बजट) बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के अगले सत्र को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है जबकि केसीएल अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहती है। मीडिया बयान के अनुसार झज्जर जगुआर्स और कुरुक्षेत्र नाइट्स दो नयी टीम होंगी। अन्य टीम में भिवानी बुल्स, रोहतक रॉयल्स, करनाल किंग्स, गुरुग्राम गुरुस, सोनीपत स्टार्स, पानीपत पैंथर्स, फरीदाबाद फाइटर्स और हिसार हीरोज शामिल हैं। पीकेएल के 13वें सत्र के कार्यक्रम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और माना जा रहा है कि अब यह सत्र जून-जुलाई 2027 तक खिसक सकता है क्योंकि उसका पिछला प्रसारण अधिकार समझौता खत्म हो गया है और नया मीडिया भागीदार मिलने में देरी हो रही है। केसीएल का लक्ष्य एक व्यवस्थित प्रतियोगिता, फ्रेंचाइजी आधारित मौके, खिलाड़ियों को पहचान और व्यावसायिक दृश्यता प्रदान करके इस कमी को पूरा करने में योगदान देना है। दूसरे सत्र के खिलाड़ियों की नीलामी 17 अक्टूबर को हुई जिसमें 300 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अयान लोचाब इसमें सबसे ज्यादा 17.4 लाख रुपये में खरीदे गए।

प्रसिद्ध टेस्ट सीरीज के लिए फिट घोषित

भारत को मिली राहत : न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे मैच का होंगे हिस्सा

एजेंसी

- भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले बड़ी राहत मिली है।
- टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा टेस्ट सीरीज के लिए फिट घोषित हो गए हैं।
- बीसीसीआई के सूत्र ने प्रसिद्ध को लेकर अपडेट दिया है।



नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को मंगलवार को 19 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 19 से 23 नवंबर तक वेलिंगटन में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक क्राइस्टचर्च में होगा।

प्रसिद्ध बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर हो गए थे और इसके चलते उन्हें बुधवार से ऑकलैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज से भी बाहर होना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध कृष्णा को फिट घोषित कर दिया गया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए उपलब्ध रहने के लिए तैयार हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के सात से 10 नवंबर तक लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच होने वाले तीसरे अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट मैच में भी खेलने की उम्मीद है।

अहम है टेस्ट सीरीज

भारत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज अहम है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए भारत को हर हाल में दोनों मैच अपने नाम करने होंगे। प्रसिद्ध लंबे समय से भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा हैं। ऐसे में टेस्ट सीरीज के लिए उनका फिट होना भारत के लिए सकारात्मक संकेत है।

वनडे सीरीज से हुए थे बाहर

भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा न्यूजीलैंड के खिलाफ चार नवंबर से शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। प्रसिद्ध वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ रहे थे। बीसीसीआई ने कुछ दिनों पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम का एलान किया था। प्रसिद्ध को सिर्फ शुरूआती तीन मैचों के लिए टीम में जगह मिली थी। लेकिन वह वनडे में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, राहत की बात यह है कि टेस्ट से पहले वह फिट हो गए हैं।

सिंधू और मीराबाई सहित 10 खिलाड़ी निर्विरोध आईओए एथलीट आयोग के सदस्य चुने गये





नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित 10 खिलाड़ियों को मंगलवार को निर्विरोध भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग का सदस्य चुन लिया गया। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सुधा सिंह के सोमवार देर रात चुनावी दौड़ से हटने के बाद मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि 10 सीट के लिए केवल 10 उम्मीदवार ही रह गए थे।

निर्वाचन अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने मंगलवार को पांच पुरुष और पांच महिला सहित सभी 10 उम्मीदवारों को 2026-2030 तक चार साल के कार्यकाल के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले सोमवार को स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। एथलीट आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पदों पर एक पुरुष और एक महिला को चुना जाएगा। इन पदों पर निर्वाचित होने वाले चार में से दो पदाधिकारी आईओए की कार्यकारी परिषद के सदस्य बनेंगे। इसके अलावा एथलीट आयोग के दो सदस्य (एक पुरुष और एक महिला) मतदान के अधिकार के साथ आईओए की आम सभा के सदस्य बनेंगे। ये दोनों प्रतिनिधि पांच दिसंबर को होने वाले आईओए कार्यकारी परिषद के चुनाव में एथलीट आयोग की ओर से हिस्सा लेंगे। एथलीट आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ-साथ आईओए की आम सभा के दो प्रतिनिधियों का चुनाव बाद में कराया जाएगा। सिंधू, चानू और भवानी इससे पहले शीर्ष मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम की अध्यक्षता वाले निवर्तमान एथलीट आयोग की भी सदस्य थीं। हरमनप्रीत, साजन और तूर उन तीन पुरुष खिलाड़ियों के रूप में निर्विरोध चुने गए जिन्होंने पिछले तीन ओलंपिक खेलों में से कम से कम एक में हिस्सा लिया है। इसी तरह सिंधू, चानू और बोम्बाल्या उन तीन महिला खिलाड़ियों के रूप में निर्विरोध चुनी गईं जिन्होंने पिछले तीन ओलंपिक खेलों में से कम से कम एक में भाग लिया है। मनजीत और कुसाले उन दो पुरुष उम्मीदवारों में शामिल थे जिन्होंने पिछले तीन एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, विश्व चैंपियनशिप या विश्व कप या राष्ट्रीय खेलों में से किसी एक में कम से कम एक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की श्रेणी में नामांकन दाखिल किया था। वहीं, सलीमा और भवानी इस श्रेणी में नामांकन दाखिल करने वाली एकमात्र दो महिला उम्मीदवार थीं। आईओए के चुनाव नियमों के अनुसार 10 सदस्यीय एथलीट आयोग में कम से कम चार ऐसे खिलाड़ी (दो पुरुष और दो महिलाएं) होने चाहिए जिन्होंने पिछले तीन एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, विश्व चैंपियनशिप या विश्व कप या राष्ट्रीय खेलों में से किसी एक में कम से कम एक पदक जीता हो।

प्रेमा रावत ने महिला टी20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाया

एजेंसी

पुणे। भारतीय ऑलराउंडर प्रेमा रावत ने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के मैच में मंगलवार को यहां 14 गेंदों में अर्धशतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया। उत्तराखंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 357 रहा। उनकी इस पारी के दम पर उत्तराखंड ने हैदराबाद को 89 रन से हराया। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना के नाम है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड की मैरी केली और ऑस्ट्रेलिया की लौरा हैरिस ने भी घरेलू क्रिकेट में 15 गेंदों में अर्धशतक बनाए हैं। रावत की नाबाद 50 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम आठ विकेट पर 98 रन ही बना सकी। प्रेमा रावत ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 12 रन देकर दो विकेट लिए।



आयुष और सुमित के अर्धशतकों से दिल्ली को पहली पारी की बढत

नयी दिल्ली। आयुष दोसेजा और सुमित माथुर के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मैच में मंगलवार को सेना के खिलाफ पहली पारी में बढत बना ली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर दिल्ली ने छह विकेट पर 299 रन बना लिये थे। दोसेजा ने 78 और माथुर ने नाबाद 80 रन बनाये और दोनों ने छठे विकेट के लिये 144 रन की साझेदारी की। सेना ने पहली पारी में 266 रन बनाये जिससे दिल्ली को 33 रन की बढत मिली। तीन मैचों में दो अंक ही ले सकी दिल्ली की नजरें इस मैच में पूरे अंक बनाने पर लगी हैं। सेना के लिये आफ स्पिनर पुलकित नारंग ने गेंदबाजी की शुरूआत की और सनत सांगवान (11) का विकेट जल्दी हासिल कर लिया। प्रियांश आर्य (88 गेंद में 58 रन) ने यश दुल (33) के साथ 79 रन की साझेदारी की।

भारतीय पुरुष टीम ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

दोहा। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने मंगलवार को यहां चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया।

यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल 559 अंक प्राप्त किए। कई बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने 551 अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 549 अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल 1659 अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल 1648 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। वहीं दक्षिण कोरिया



की होंग सुह्योन, चोए बोरम और सो सेउंग सेओब की टीम ने 1643 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में रूस के एंटोन अरिस्तारखोव ने 561 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। रोमानिया के लुका जोल्डिया ने 558 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में राकेश माने, हिमांशु ढिल्लों और पार्थ मखीजा टीम और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। भारत फिलहाल एक स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर है।

धिनिधि ने भारत को तैराकी में पहला पदक दिलाया

नयी दिल्ली। युवा ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली तैराक धिनिधि देसिंघु ने भारत को गौरवान्वित किया है लेकिन 16 वर्ष की इस खिलाड़ी की नजरें आगे बेहतर प्रदर्शन पर लगी है।

डकार में युवा ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 56.27 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीतने वाली धिनिधि ने भारत को तैराकी में पहला पदक दिलाया। उन्होंने भारत के पदकों का खाता भी खोला।

धिनिधि को हालांकि 56 सेकंड की बाधा पार करने या स्वर्ण जीतने की उम्मीद थी लेकिन दोनों ही नहीं होने से वह दुखी है। उन्होंने कहा कि मेरी खुद से उम्मीदें अलग थी। मैं 56 सेकंड से कम में पूरा करना चाहती थी या स्वर्ण पदक जीतना चाहती थी लेकिन यह



नहीं हो सका। धिनिधि ने कहा, मैं रोमांचित भी थी और निराश भी।

भारतीय तैराकों का प्रदर्शन अतीत में इतना अच्छा नहीं रहा है और महिला तैराकी में तो हालात और खराब है। धिनिधि को इसका इल्म है और उन्हें पता है कि युवा ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय तैराक बनने के क्या मायने हैं। उन्होंने कहा, देश के लिये पहला पदक जीतना खास है। तैराकी में एक लड़की से आप इसकी अपेक्षा नहीं करते क्योंकि भारत में तैराकी की स्थिति ऐसी ही है और महिला तैराकी तो और भी पीछे है। इस तरह से देखें तो यह काफी गर्व का पल है। पेरिस ओलंपिक 2024 में 14 वर्ष की उम्र में भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य रही धिनिधि ने कहा, मैं इसके बारे में (ओलंपियन होने) ज्यादा नहीं सोचती।

ओलंपिक के बाद युवा ओलंपिक खेलना रोचक है। मैं ओलंपिक के बारे में ज्यादा नहीं सोचती क्योंकि मैने क्वालीफाई नहीं किया था। मैं सर्वश्रेष्ठ भारतीय थी और चुनी गई। उन्होंने कहा, युवा ओलंपिक में उन खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा कर रही हूं जिनका सामना भविष्य में विश्व चैम्पियनशिप या विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में होगा। इसलिये यहां ओलंपिक से ज्यादा दबाव है।

भालाफेंक खिलाड़ी अन्नु रानी के घुटने का आपरेशन

नयी दिल्ली । अनुभवी भालाफेंक खिलाड़ी अन्नु रानी का दोहा में घुटने का सफल आपरेशन हुआ और जापान में एशियाई खेलों से बाहर रहने के बाद उन्होंने मजबूती से वापसी का वादा किया है। 34 वर्ष की अन्नु जापान के आइची नागोया में हाल ही में हुए एशियाई खेलों से बाहर रही थी क्योंकि वह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के क्वालीफाइंग मानदंडों पर खरी नहीं उतर सकती थीं। उन्होंने अस्पताल में अपनी तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मुझे पता है कि आगे रास्ता आसान नहीं है लेकिन एक बार फिर भारत के लिये खेलने की इच्छाशक्ति मजबूत है। उन्होंने कहा, मेरा सपना अभी भी जिंदा है और मैं कड़ी मेहनत करके वापसी करूंगी।

सोनाली-रितिका ने कोरिया ओपन में पहले दौर में वॉकओवर दिया

येओसु (दक्षिण कोरिया)। भारत की सोनाली सिंह और रितिका ठाकर ने मंगलवार को यहां पांच लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल मुकाबले के शुरुआती दौर में अपनी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वॉकओवर दे दिया। सोनाली और रितिका का सामना ऑस्ट्रेलिया की लाउडिया चेल्सी ग्रिसेल्डा और नोजोमी शिमिजु से होना था, लेकिन भारतीय जोड़ी ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। पुरुष युगल क्वालीफाइंग मुकाबले में अच्युतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना को वांग यू हैंग और झेवेई झी की जोड़ी के खिलाफ 14-21, 5-21 से हार का सामना करना पड़ा।

एचएस प्रणय पुरुष एकल में



भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे जबकि महिला एकल में तन्वी शर्मा और अनमोल खरब भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मिश्रित युगल में ध्रुव रावत और के मनीषा भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

खिलाड़ियों को जागरूक बनाना हमारी प्राथमिकता

नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां डोपिंग निरोधक वैज्ञानिकों गुणवत्ता आश्वासक प्रबंधकों की 10वीं बैठक में राष्ट्रीय डोप टेस्ट लेबोरेटरी (एनडीटीएल) की बाह्य अनुसंधान अनुदान नीति की शुरुआत की। एनडीटीएल द्वारा आयोजित दो दिवसीय बैठक दो नवंबर को शुरू हुई जिसमें खेल और विज्ञान समुदाय के अंतरराष्ट्रीय हितधारक एक मंच पर एकत्र हुए। मुख्य अतिथि मांडविया ने बैठक में एनडीटीएल के न्यूजलेटर लांच का भी अवलोकन किया। मांडविया ने इस मौके पर कहा, भारत की डोपिंग को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति है। हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि हर जीत प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत के दम पर हासिल की जाये।

पेज एक का शेष

देश में

ने अपनी रैली आयोजित की। इससे पुराने जख्मों को कुरेदने का प्रयास किया गया। उन्होंने राहुल गांधी के संसद में बहस संबंधी बयान पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में किसी भी विषय पर चर्चा के लिए तैयार हैं लेकिन जब संसद में चर्चा का अवसर आता है तो विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहता है। यदि विपक्ष में साहस है तो संसद में आकर तथ्यों के साथ बहस करे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा का 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र की रक्षा, अराजकता को समाप्त करने और राष्ट्रविरोधी षड्यंत्रों को बेनकाब करने का महाअभियान है। विपक्षी गठबंधन के नेता चुनाव में पराजय मिलने के बाद कभी चुनाव आयोग तो कभी अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने और देश में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। विपक्ष को आत्ममंथन करना चाहिए कि जनता लगातार उसे क्यों नकार रही है। हाल के चुनावों और विभिन्न राज्यों के स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने विपक्ष को आईना दिखाया है।

उज्ज्वला के

सब्सिडी वितरित करने के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 1,500 करोड़ रुपये की धनराशि से प्रदेश के 1.89 करोड़ से अधिक पात्र परिवारों को दीपावली का उपहार प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाभार्थियों को सब्सिडी की धनराशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। इनमें लाभार्थी शांति, स्वाति शर्मा, तबस्सुम जैदी, आशा गुप्ता, किरण, सबा, बबली रावत, कुशमा, मानसी और राबिया बानो शामिल रहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, अल नीनो और असमय आने वाले चक्रवातों के कारण किसानों को अतिवृष्टि, अनावृष्टि और ओलावृष्टि जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 15 दिनों में दो बार भारी बारिश, आंधी और तूफान से खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। सरकार प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दे रही है और उनके लिए अलग से राहत पैकेज भी लेकर आएगी। इस पैकेज से प्रदेश के तीन करोड़ किसान परिवार लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की माताओं और बहनों को आश्वस्त किया कि सरकार सुरक्षा और नारी गरिमा की रक्षा के साथ उनके सम्मान एवं आर्थिक स्वावलंबन के लिए भी पूरी तत्परता से काम कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार जल्द ही एक विशेष पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे मानसिक रूप से तैयार रहें और तय करें कि उन्हें कौन-सा काम शुरू करना है। सरकार उनके साथ खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि हर महिला अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार का संबल बने, बच्चों को अच्छी शिक्षा दे और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने, यही सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी और बीसी सखी योजनाओं की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि आज महिलाएं उद्योगों में नाइट शिफ्ट में भी काम कर रही हैं। प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दे रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रसोइयों, ग्राम चौकीदारों और पीआरडी जवानों का मानदेय बढ़ाया गया है।

नकारात्मकता से

रहे थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने परिसर में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की, विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने पवित्र व्यास पीठ पर विराजमान श्री राम कथा के व्यास पूज्य संत अंजनी शरण जी को वस्त्र और फल भेंटकर सम्मानित किया और श्रद्धापूर्वक रामकथा का श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में करीब 200 देश हैं। सबकी अपनी विशेषताएं, पहचान, चुनौतियां और उपलब्धियां हैं। कहीं हजारों की आबादी है तो कहीं लाखों और करोड़ों में जनसंख्या है। 50 करोड़ से अधिक आबादी वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। यूरोप एक दिखाई देता है, लेकिन वहां भी अलग-अलग राजनीतिक इकाइयों वाले अनेक देश हैं। इसके विपरीत भारत में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक रूप-रंग, बोली और भाषा की विविधता होने के बावजूद पूरा देश एक भाव और एक भंगिमा के साथ एकता के सूत्र में बंधा है। इस एकता के पीछे हमारी आस्था है। यही आस्था आज इतनी बड़ी संख्या में लोगों को श्रीराम कथा के आयोजन में एकत्र कर रही है और यही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का वाचन पांच हजार वर्ष पूर्व शुकतीर्थ में हुआ था।

एशिया के

मुंबई 71 से गिरकर 83वें पायदान पर आ गया, आईआईटी मद्रास 70 से गिरकर 85 पर आ गया, आईआईटी खड़गपुर 77 से गिरकर 90वें स्थान पर आ गया और आईआईटी कानपुर 77 से गिरकर 97वें स्थान पर आ गया।

डॉ. सुधर्मा

होते हुए कहा कि जब उनके पूज्य पिताजी ने बीबीडी ग्रुप की स्थापना की थी, उसी शुरूआती दौर में डॉ. सुधर्मा सिंह उनके साथ जुड़े थे। पिछले लगभग 40 वर्षों से उनका बीबीडी परिवार के साथ अटूट जुड़ाव रहा। इस लंबे सफर में उनका स्नेह, समर्पण और मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहा। संस्थान की विकास यात्रा में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। डॉ. सुधर्मा सिंह का जाना व्यक्तिगत रूप से भी उनके और पूरे बीबीडी परिवार के लिए गहरा आघात है। उनका आत्मीय व्यवहार, अनुभव और मार्गदर्शन हमेशा याद किया जाएगा। उनकी कमी बीबीडी परिवार को सदैव महसूस होगी।

सुधर्मा सिंह

दौरान बीबीडी ग्रुप, बैडमिंटन परिवार और खेल जगत से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वह अपने पीछे पत्नी, पुत्र व पुत्री छोड़ गए है। डॉ. सुधर्मा सिंह के निधन पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने शोक जताते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने डॉ. सिंह के बैडमिंटन के विकास में योगदान को याद करते हुए कहा कि वह हर समय बैडमिंटन खेल और खिलाड़ियों के बारे में सोचते रहते थे। अन्य खेलों और खिलाड़ियों के हित में भी वह सदैव तत्पर रहते थे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन व उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव, बीबीडी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार एवं हमारे पारिवारिक सदस्य डॉ. सुधर्मा सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। पिछले लगभग 40 वर्षों से वे हमारे परिवार और बीबीडी ग्रुप से जुड़े रहे। उनका स्नेह, सहयोग और मार्गदर्शन सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जाना मेरे और पूरे बीबीडी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल ने डॉ. सुधर्मा सिंह के निधन को उत्तर प्रदेश बैडमिंटन परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। डॉ. सुधर्मा सिंह के निधन पर लखनऊ के खेल और शैक्षिक जगत में शोक व्याप्त हो गया। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी, उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डा.आरपी सिंह (अध्यक्ष, यूपी हॉकी), उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रविंद्र चौहान व उपाध्यक्ष अरूण कक्कड़, उत्तर प्रदेश वुशू एसोसिएशन के सचिव मनीष कक्कड़, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा, कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व सचिव जसपाल सिंह, यूपी टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल और यूपी ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार सहित कई खेल संघों के पदाधिकारियों ने भी शोक संवेदना प्रकट की।

गौरतलब है कि डॉ. सुधर्मा सिंह उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव के साथ बीबीडी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार भी थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में बैडमिंटन के विकास और इसके प्रशासनिक संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनमें गजब की प्रशासनिक क्षमता थी। वह बैडमिंटन के अलावा उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन सहित कई खेल संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे। उनके अमूल्य योगदान से सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप सहित कई बड़ी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन हुआ।

प्रदर्शन स्थल

मैदान में प्रदर्शन के कारण कारोबार को नुकसान पहुंचने का आरोप लगाया गया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा आप किसी जगह पर हर समय कब्जा नहीं कर सकते। किसान, पत्रकार आदि कहां जाएंगे? हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। इसके लिए एक निश्चित अवधि और समय तय किया जाना चाहिए। पीठ व्यापारियों की याचिका के साथ ही बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लेने, पुलिस की बर्बरता, मेट्रो स्टेशन बंद करने और इंटरनेट सेवाएं प्रतिबंधित करने से जुड़े मुद्दों पर दायर याचिकाओं पर भी सुनवाई कर रही थी। पीठ ने व्यापारिक संगठनों से कहा कि वे कारोबार को नुकसान पहुंचने का आरोप लगाने वाली अपनी याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन आयोजित कर रहे संगठनों को भी पक्षकार बनाएं। व्यापारियों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शन स्थल के आसपास के इलाकों में 50 लाख लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी दुकानें बंद रहीं और उस दिन कनॉट प्लेस में कोई भी नहीं था। पीठ ने कहा कि जब तक व्यापारिक संगठन प्रदर्शन कर रहे सभी संगठनों को मामले में पक्षकार नहीं बनाते, तब तक कोई भी अदालत इन मुद्दों पर फैसला नहीं कर सकती। मामले की सुनवाई जारी है। इससे पहले 15 अक्टूबर को पीठ ने मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और 12 विपक्षी नेताओं की ओर से दायर याचिका पर निर्वाचन आयोग तथा अन्य पक्षों से जवाब मांगा था।

50 करोड़

जिसकी अनुमानित लागत लगभग 13,500 करोड़ रुपये है। इस चरण में चार कॉरिडोर - लाइन 2ए, 2बी, 4 और 4ए शामिल होंगे जो शहर के प्रमुख आवासीय, वाणिज्यिक और आईटी केंद्रों को जोड़ेंगे। मोदी ने कहा, जब देश ने 2014 में राजग को सेवा करने का मौका दिया, तो हमने शहरों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लिए जीवन को आसान बनाने और परिवहन को सुगम बनाने के संकल्प के साथ काम शुरू किया। महाराष्ट्र में सूखे के बीच किसानों को दिए अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

रियल एस्टेट

परियोजना के तहत 48 इकाइयों का निर्माण होगा। वहीं, मुरादाबाद में 1.03 करोड़ रुपये के निवेश से 12 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि प्राधिकरण प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। परियोजनाओं का समयबद्ध विकास और नियमित निगरानी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि घर खरीदारों के हितों की रक्षा के साथ प्रमोटरों को भी नियमों के अनुरूप परियोजनाएं विकसित करने के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब

कांग्रेस ने हमेशा नक्सलवाद का समर्थन किया : शाह

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने माओवादियों की असंवैधानिक जनताना सरकार का समर्थन किया और हाल ही में एक नकली संसद आयोजित कर संसद का मजाक उड़ाया।

नवा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, जो लोग कानून का पालन करते हैं, उन्हें नागरिक माना जाएगा, लेकिन कानून तोड़ने वालों से सुरक्षा बल सख्ती से निपटेंगे, चाहे वह बस्तर हो, पूर्वोत्तर हो या कश्मीर। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 15 साल के शासनकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में विकास कार्य हुए थे, लेकिन उस समय केंद्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार में नक्सलवाद को खत्म करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी, जिसके कारण आदिवासी क्षेत्रों में विकास का सपना अधूरा रह गया। शाह ने कहा कि 2023 में छत्तीसगढ़ में भाजपा के सत्ता में लौटने के बाद राज्य सरकार ने दो महीने के भीतर ही नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, जिस धरती पर संस्कृति की गलियां होनी चाहिए थीं, वहां रेड कॉरिडोर बनाया गया था। जिस जंगल से महुआ, तेंदूपत्ता और लोकगीत निकलने चाहिए थे, वहां बारूदी सुरंगें बिछाई गईं। जिस बच्चे के हाथ में कलम होनी चाहिए थी, उसे स्कूल से अगवा करके



बंदूक थमा दी गई। जहां स्कूल की घंटी बजनी चाहिए थी, वहां स्कूल की इमारत ही उड़ा दी गई थी। मानवाधिकारों के नाम पर नक्सलवाद का समर्थन करने वालों पर निशाना साधते हुए शाह ने पूछा कि क्या मानवाधिकार केवल विकास में बाधा डालने वाले हथियारबंद माओवादियों के लिए हैं, गरीब आदिवासियों के लिए नहीं? उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों में हिंसा के कारण जिन लोगों ने अपने अंग गंवा दिए थे, सरकार ने उन्हें कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए हैं, ताकि वे बेहतर जीवन जी सकें। शाह ने कहा कि जो लोग बस्तर की स्थिति पर लंबे-चौड़े लेख लिखते थे और सलाह देते थे, लेकिन उनमें इस इलाके में आकर एक दिन बिताने की भी हिम्मत नहीं थी, मैं उन्हें अब यहां आने का निमंत्रण देता हूं। डरो मत, अब तुम्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा। यहां आकर विकास की लहर को देखो। अगर आपको लोगों की थोड़ी भी परवाह है, तो यहां के लोगों के दर्द और तकलीफों को उजागर करते हुए कुछ लेख लिखें। कांग्रेस पर लगातार नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए शाह ने पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम के 2010 के एक बयान का जिक्र किया। शाह के मुताबिक चिदंबरम ने कथित तौर पर कहा था कि माओवादियों को हथियार डालने की जरूरत नहीं है, उस उन्हें हिंसा छोड़ देनी चाहिए। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जो कोई भी आत्मसमर्पण करना चाहता है, उसे हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होना होगा। ऐसा करने से इनकार करने वालों के खिलाफ सुरक्षा बल कार्रवाई करेंगे। उन्होंने दावा किया कि 90 प्रतिशत माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है और 10 प्रतिशत मारे गए हैं, जिससे देश नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने माओवादियों की समानांतर जनताना सरकार का समर्थन किया था। इस सरकार का अपना गृह मंत्री, मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री था, जबकि उसे कोई संवैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं था। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने एक नकली जनताना सरकार और असंवैधानिक सरकारों का समर्थन किया और अब एक नकली संसद आयोजित करके उन्होंने संसद का मजाक उड़ाया है।

नेपाल में दो हेलीकॉप्टरों की टक्कर में एक भारतीय की मौत

काठमांडू। नेपाल के सोलुखुम्बु जिले में मंगलवार को एक हेलीपैड पर उतरते समय दो हेलीकॉप्टर की टक्कर हो गई, जिसमें 47 वर्षीय एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई जबकि एक अन्य यात्री घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।



नेपाल स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि मृतक के शव को जल्द से जल्द भारत भेजने के लिए दोनों देशों के अधिकारी समन्वय कर रहे हैं। नेपाल पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह टक्कर सोलुखुम्बु जिले के खुम्बू पासांग ल्हामु ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर-4 स्थित फेरिचे हेलीपैड पर मंगलवार को हुई, जहां दो हेलीकॉप्टर उतरने की कोशिश कर रहे थे। सोलुखुम्बु जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी द्वारा संचालित दोनों हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार सुबह करीब आठ बजकर 11 मिनट पर टकराए। दोनों हेलीकॉप्टर ने माउंट एवरेस्ट के लिए प्रवेश द्वार माने जाने वाले लुकला हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। पुलिस निरीक्षक मौसम तमांग ने बताया कि मृतक की पहचान भारतीय नागरिक वसंत कुमार बालारामरामाडु के रूप में हुई है और वह फिशटेल एयर के हेलीकॉप्टर में सवार थे। उन्होंने बताया कि इसी हेलीकॉप्टर में सवार न्यूजीलैंड निवासी भारतीय मूल के शैलेश कृष्ण पटेल (49) भी घायल हो गए। तमांग के अनुसार, पटेल को हेलीकॉप्टर से काठमांडू के मेडिसिटी अस्पताल पहुंचाया गया। इस हादसे में फिशटेल एयर के पायलट रवींद्र प्रजापति और एयर डायनेस्टी के पायलट प्रज्वल केसी भी घायल हो गए। दोनों नेपाली नागरिकों को उपचार के लिए काठमांडू ले जाया गया। एयर डायनेस्टी का हेलीकॉप्टर सामान ले जा रहा था। फेरीचे, माउंट एवरेस्ट आधार शिविर के रास्ते में पड़ता है, जो काठमांडू से 150 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। पुलिस ने बताया कि बालारामरामाडु के शव को लुकला के एक अस्पताल ले जाया गया है। हादसे के समय दोनों हेलीकॉप्टरों में सवार लोगों की संख्या की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

संक्षेप

स्कोडा आटो इंडिया ने किया 350 से अधिक ग्राहक केंद्रों का आंकड़ा पार

नई दिल्ली। स्कोडा ऑटो इंडिया ने देशभर में अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए 193 शहरों में 350 से अधिक ग्राहक संपर्क केंद्र स्थापित किए हैं, जिससे ग्राहकों के लिए इसके उत्पादों और वाहन स्वामित्व संबंधी सेवाओं तक पहुँच और आसान हुई है। 30 अक्टूबर, 2026 को इम्फाल में अपने 350वें ग्राहक संपर्क केंद्र का उद्घाटन करके ब्रांड ने यह उपलब्धि हासिल की। यह विस्तार स्थापित बाजारों के साथ-साथ उभरते क्षेत्रों में भी बिक्री और बिक्री-पश्चात सेवाओं को ग्राहकों के और करीब पहुँचाने की स्कोडा ऑटो इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 193 शहरों में 350 से अधिक ग्राहक केंद्रों का आंकड़ा पार करना हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इनफिनिक्स का जीटी 50 प्रो लॉन्च

नई दिल्ली। इनफिनिक्स इंडिया ने भारतीय बाजार में नया गेमिंग स्मार्टफोन जीटी 50 प्रो लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे भारत का पहला तरल शीतलन तकनीक वाला स्मार्टफोन-टू-कंसोल गेमिंग तंत्र बताया है। इसके साथ जीटी एनएक्स नियंत्रक, डॉकिंग स्टेशन और मैगचार्ज कूलर 2.0 भी पेश किए गए हैं। फोन में हाइड्रोफ्लो तरल शीतलन प्रणाली, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8400 अल्टीमेट प्रोसेसर और 6.78 इंच की 144 हर्ट्ज एमोलेड स्क्रीन दी गई है। इसकी शुरुआती कीमत 64999 रखी गयी है।

भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी 2026 का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी 2026 का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने भारत और विदेशों के उद्योगपतियों, निवेशकों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष का शिखर सम्मेलन ऐसे विशेष हालात में हो रहा है। जब दुनिया ऊर्जा के झटकों का सामना कर रही है। इन हालात ने हमारे दैनिक जीवन और राष्ट्रीय विकास में नवीकरणीय ऊर्जा के अत्यंत महत्व को उजागर किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के आयोजन का दायरा बहुत व्यापक है, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की नौवीं सभा के साथ हो रहा है और इसमें 'हरित हाइड्रोजन' पर चौथे सम्मेलन के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। हाल के वैश्विक संकटों ने यह दिखा दिया है कि 'ऊर्जा सुरक्षा' और 'आर्थिक सुरक्षा' के बीच सीधा संबंध है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हम लगातार जीवाश्म ईंधन पर बहुत अधिक निर्भर रहे, तो इससे बार-बार वैश्विक अर्थव्यवस्था में बाधा आएगी; क्योंकि जीवाश्म ईंधन के भंडार सीमित हैं और वे केवल कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित हैं।

बीएलएस ई-सर्विसेज ने मजबूत ग्रोथ जारी रखी

नई दिल्ली। बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त हुई तिमाही के अपने कंसोलिडेटेड वित्तीय नतीजों की घोषणा की।कंपनी के प्रदर्शन और हाल के अपडेट्स पर बात करते हुए, बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड के चेयरमैन श्री शिखर अग्रवाल ने कहा:ःबीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड ने क्यू2 एफवाई27 में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह हमारे प्रमुख कारोबार में लगातार हो रही ग्रोथ और डिजिटल सेवाओं और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में बढ़ते काम को दर्शाता है।क्यू2 एफवाई27 में कंपनी की कुल आय पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 55.1% बढ़कर रुपये 428 करोड़ हो गई। इस तिमाही में बैंकिंग और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में भी कंपनी ने अच्छी प्रगति की।

जावा येज्दी को टेस्ट राइड एंड विन योर ड्रीम बाइक कैंपेन लॉन्च

बंगलुरु। इस दिवाली, जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स आकर्षक फेस्टिव फाइनेंस ऑफर्स और टेस्ट राइड एंड विन योर ड्रीम बाइक कैंपेन के साथ बाइक खरीदना और भी आसान बना रही है। अब ग्राहक न केवल आकर्षक फेस्टिव फाइनेंस ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, बल्कि टेस्ट राइड एंड विन योर ड्रीम बाइक कैंपेन में भाग भी ले सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी पसंदीदा मोटरसाइकिल को अपना बनाने का एक शानदार मौका मिलेगा। कई लोगों के लिए, एक मोटरसाइकिल का मालिक होना एक चाहत से शुरू होता है।

इजराइल को चार अरब डॉलर की सहायता रोकेगा अमेरिका, हथियारों की बिक्री जारी रखेगा: ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका 2027 में इजराइल को हर साल दी जाने वाली चार अरब डॉलर की सहायता बंद कर देगा, लेकिन पश्चिम एशिया में अपने सबसे करीबी सहयोगी को हथियारों की बिक्री जारी रखेगा।

रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप ने मंगलवार को फोन पर फॉक्स न्यूज चैनल से बातचीत में कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उनके सामने यह विचार रखा था और दोनों इस बारे में पिछले कुछ वर्षों से चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि इजराइल को इस



सहायता की जरूरत नहीं है और अमेरिका को बड़ी रकम खर्च करनी होती है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इजराइल को अमेरिकी सहायता का मुद्दा मिशिगन से सीनेट उम्मीदवार अब्दुल अल-सईद जैसे डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों के लिए राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। ट्रंप ने कहा कि आप इसे वस्तुओं की अदला-बदली मान सकते हैं। आप इसे सैन्य सहायता या नकद राशि मान सकते हैं। देखिए, हम उन्हें चार अरब डॉलर के सामान और धन देते हैं और उन्हें इसकी जरूरत नहीं है। नेतन्याहू ने मुझसे इस बारे में बात की थी और हम पिछले कुछ वर्षों से इस पर चर्चा कर रहे हैं, क्योंकि यह बहुत बड़ी रकम है।

सेंसेक्स में 1225 अंकों की उछाल

मुंबई। कच्चे तेल के दाम में नरमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से घरेलू शेयर बाजार में तेजी का सिलिसिला मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा।

मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1225 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,800 अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1225.07 अंक यानी 1.62 प्रतिशत चढ़कर 76,917.85 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 370.05 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,810.85 अंक पर बंद हुआ। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक



में 0.87 प्रतिशत और छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 0.60 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,510 शेयर लाभ में रहे, जबकि 1,895 शेयरों में गिरावट आई। वहीं 201 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.72 प्रतिशत बढ़कर 105.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। ब्रेंट कच्चा तेल 105.50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है, जो पिछले सप्ताह के उच्च स्तर से काफी नीचे आ चुका है। इसकी वजह कतर की मध्यस्थता से अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत है। इससे संघर्ष समाप्त होने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति बहाल होने की दिशा में प्रगति की उम्मीद बढ़ी है। यह भारत की निकट अवधि की आर्थिक स्थिति के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार है, लेकिन कंपनियों की आय पर इसका असर इस बात पर निर्भर करेगा कि कच्चे तेल की कीमतें निचले स्तर पर बनी रहती हैं। कूटनीतिक घटनाक्रम की खबरों के बाद यह गिरावट अस्थायी साबित होती है।

श्रीलंका में वीजा अवधि से अधिक रहने पर 21 विदेशी गिरफ्तार

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका में वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी रहने के मामले में 21 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें तीन भारतीय भी शामिल हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि केंद्रीय अपराध ब्यूरो ने सोमवार रात कोलंबो के मध्य में स्थित मरदाना इलाके में छापेमारी कर इन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में चीन के 12 नागरिक शामिल हैं, जिनमें दो महिलाएं हैं। इनके अलावा छह बांग्लादेशी और तीन भारतीय नागरिक भी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार किए गए लोगों के बारे में पुलिस ने कोई अन्य जानकारी नहीं दी। श्रीलंका के अधिकारियों ने हाल के महीनों में कई विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

तीन भारतीय शामिल

इनमें मुख्य रूप से चीनी नागरिक शामिल हैं, जिन पर पर्यटक वीजा पर देश में रहकर साइबर धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप है।

रुपया 13 पैसे मजबूत होकर 94.71 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को 13 पैसे मजबूत होकर 94.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पूंजी के प्रवाह से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.68 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह मजबूत होकर 94.60 प्रति डॉलर के उच्चस्तर तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 13 पैसे की बढ़त के साथ 94.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। रुपया सोमवार को आठ पैसे टूटकर 94.84 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इससे पहले शुक्रवार को इसमें 50 पैसे की मजबूती दर्ज की गई थी। घरेलू बाजारों में तेजी और डॉलर में नरमी से रुपये को समर्थन मिला।

पल्स कैंडी डे अभियान के 2026 संस्करण की घोषणा

नई दिल्ली। डीएस ग्रुप ने पल्स कैंडी डे अभियान के 2026 संस्करण की घोषणा की। इस साल का अभियान एक बार फिर तकनीक पर आधारित एक नया और अनोखा प्रयोग लेकर आया है। अभियान के इस संस्करण में अंतरिक्ष की थीम पर आधारित एक रोमांचक गेम पेश किया गया है, जिसे खिलाड़ी अपने हाथों और शरीर की हरकतों से नियंत्रित करते हैं। स्मार्टफोन का कैमरा इन हरकतों को ट्रैक करता है और खिलाड़ी सीधे खास माइक्रोसाइट डब्लूडब्लूडब्लू डॉट पल्सकैंडीडे डॉट कॉम पर पहुँच जाते हैं।

इंटरटेनमेंट...

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के बाद तुषार कपूर को धमकी, मांगी 5 करोड़ की फिरौती

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर को धमकी मिलनी की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार उनसे 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई। मुंबई पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई फायरिंग की घटना के बाद अब एक्टर तुषार कपूर को 5 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग को लेकर धमकी भरा कॉल आया है। बताया जा रहा है कि ये धमकी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर हैरी बॉक्सर के नाम पर दी गई। हालांकि अब तक धमकी मिलने वाले वॉयस सैंपल और हैरी बॉक्सर के वॉयस सैंपल के मिलान के बाद ये एक प्रैंक कॉल नजर आ रहा है।

सूत्रों के मुताबिक धमकी देने वाले की आवाज और मुंबई पुलिस के पास मौजूद हैरी बॉक्सर के वॉयस सैंपल का



मिलान नहीं हुआ है। ऐसे में पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या किसी दूसरे व्यक्ति ने हैरी बॉक्सर के नाम का इस्तेमाल कर तुषार कपूर को धमकी दी। हालांकि इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। टाइगर श्रॉफ फायरिंग मामले के बाद बॉलीवुड के कुछ निमार्ता-निर्देशकों और कलाकारों को धमकी मिलने की जानकारी सामने आ रही है। हालांकि अब तक ये तय नहीं की ये धमकी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ही दे रहा है या कोई और, क्योंकि मुंबई में लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से किसी ने अब तक इसका क्रेडिट नहीं लिया है। मुंबई पुलिस अब बॉलीवुड के उन कलाकारों की सुरक्षा का रिव्यू करने जा रही है, जिन्हें लॉरेंस बिश्नोई गैंग या किसी अन्य गैंग से खतरा हो सकता है। दिवाली से पहले सुरक्षा समीक्षा बैठक होने की संभावना है। इस बैठक में किन कलाकारों की सुरक्षा बढ़ाने या उन्हें पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने की जरूरत है, इस पर चर्चा की जाएगी। अभिनेता तुषार कपूर फिल्म अभिनेता जितेंद्र के बेटे और निर्माता-निर्देशक एकता कपूर के भाई हैं। तुषार कपूर जुहू स्थित कृष्णा बंगले में रहते हैं। धमकी मिलने की खबर के बावजूद फिलहाल तुषार कपूर के बंगले के बाहर मुंबई पुलिस की सुरक्षा तैनात नहीं की गई है। हालांकि, कपूर परिवार की ओर से निजी सुरक्षा गार्ड और बाउंसर तैनात किए गए हैं। बंगले के अंदर भी निजी सुरक्षा की एक लेयर मौजूद है, जबकि मुख्य गेट पर बाउंसर तैनात हैं। मुंबई पुलिस का कहना है कि धमकी मिलने वाले लोगों को सामने आकर शिकायत करनी चाहिए। धमकी से संबंधित ऑडियो, चिट्ठी या ईमेल पुलिस को उपलब्ध कराने से जांच में मदद मिलेगी। पुलिस जांच के बाद जरूरत के मुताबिक सुरक्षा मुहैया कराने पर फैसला लेगी। फिलहाल तुषार कपूर को मिली धमकी के मामले में मुंबई पुलिस जांच कर रही है और बॉलीवुड की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

भाजपा ने दीया मिर्जा, नसीरुद्दीन शाह पर साधा निशाना

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बॉलीवुड कलाकारों दीया मिर्जा और नसीरुद्दीन शाह पर पर्यावरण संबंधी मुद्दों को लेकर चुनिंदा रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि ये लोग अन्य धर्मों के त्योहारों के दौरान प्रदूषण से जुड़े मामलों पर तो चुप रहते हैं, लेकिन हिंदू त्योहारों पर सवाल उठाते हैं।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, चुनिंदा संदेश दिए जाते हैं। आप कहते हैं कि लोगों



को पर्यावरण का ध्यान रखना चाहिए। लेकिन जब ईद और बकरीद आती है तथा बकरों की कुर्बानी दिये जाने के कारण जल प्रदूषण होता है, तो नसीरुद्दीन शाह और दीया मिर्जा जैसे लोग एक शब्द भी नहीं बोलते। भाटिया से उस मामले के बारे में पूछा गया, जिसमें मुंबई उच्च न्यायालय ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के पर्यावरण-अनुकूल और पटाखा मुक्त दिवाली के लिए मिर्जा के एक वीडियो को लेकर हुए विवाद पर गहरा दुख और नाराजगी जताई है, और नगर निकाय से उनकी क्लिप को फिर से अपलोड करने के लिए कहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने उच्च न्यायालय का आदेश नहीं देखा है और इसलिए वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जो हिंदू त्योहारों के दौरान पर्यावरण संरक्षण और ध्वनि प्रदूषण को लेकर चिंता जताते हैं, वे अन्य धर्मों के त्योहार पर चुप रहते हैं। भाटिया ने कहा कि नागरिक हमेशा नागरिक ही होता है। अगर उसे पर्यावरण की चिंता है, तो उसे हमेशा चिंता होनी चाहिए। अगर उसे ध्वनि प्रदूषण की चिंता है, तो उसे हमेशा चिंता होनी चाहिए। ऐसा नहीं हो सकता कि हिंदू त्योहारों पर तो आप बयान दें, लेकिन अन्य धर्मों के त्योहारों पर आप चुप रहें। उन्होंने यह भी कहा कि चिंता जताने का इस तरह का चयनात्मक तरीका, इन मुद्दों को उठाने वालों की विश्वसनीयता पर असर डालता है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि मैं कहूंगा कि इन लोगों की कोई विश्वसनीयता नहीं है... इन्हें हिंदू समुदाय को कोई संदेश देने की जरूरत नहीं है। भाटिया ने कहा कि देश कानून से चलता है और नागरिकों को अदालती आदेशों का सम्मान करना चाहिए।

लास्ट मैन इन टावर हिंदी जी 5 पर प्रीमियर 6 नवंबर को

मुंबई। तेजी से बदलते शहर में कुछ चीजों को छोड़ना दूसरों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होता है। मनोज बाजपेयी, बोमन ईरानी और दिव्या दत्ता अभिनीत लास्ट मैन इन टावर की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जो अपने प्यारे घर को बचाने के लिए पूरी हाउसिंग सोसायटी के खिलाफ खड़ा हो जाता है। यह एक सेवानिवृत्त शिक्षक की दिलचस्प कहानी है, जो पुनर्विकास के लिए आकर्षक प्रस्ताव मिलने के बावजूद मुंबई स्थित अपना अपार्टमेंट खाली करने से इनकार कर देता है। यह फिल्म 6 नवंबर 2026 को हिंदी जी 5 पर रिलीज होगी। राणा दग्गुबाती की स्पिरिट मीडिया द्वारा निर्मित और बेन रेखी के निर्देशन में बनी यह फिल्म अरविंद अडिगा के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। जब अतीत का सामना बदलाव की संभावनाओं से होता है।



Virat
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com